स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ, शनिवार
14 मार्च, 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 202 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

हर्षित राणा आईपीएल 2026 से हो सकते हैं बाहर



## रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने लखनऊ में किया ग्रीन कारिडोर का लोकार्पण

# ब्रह्मोस से आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब : राजनाथ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर का शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लोकार्पण किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे जनता

- देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती दे रहा लखनऊ

को समर्पित किया। झूलेलाल पार्क में लोकार्पण समारोह हुआ। यूपी सरकार के कई मंत्री और भाजपा पदाधिकारी भी इसमें शामिल हैं। यह ग्रीन कॉरिडोर कुल 57 किलोमीटर लंबा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, योगी जी को लोग बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। इन्होंने माफियाओं को सही कर दिया। बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं। नए विकास की जमीन भी तैयार करता है। कुछ ही दिनों में लखनऊ से कानपुर की यात्रा 35 से 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। यह नया अध्याय होगा। डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं है। ब्रह्मोस, एयरो स्पेस से संबंधित काम भी लखनऊ में होगा। ब्रह्मोस से हमने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। अगर उन्होंने दोबारा कभी ऐसा करने का सोचा तो वह इससे कभी उबर नहीं पाएंगे। ब्रह्मोस की टेस्टिंग, इंटीग्रेशन



फैसिलिटी का काम अब लखनऊ में होगा। लखनऊ देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देने का काम हो रहा है। इस महीने के अंत या अप्रैल महीने की शुरुआत में ही लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे शुरू हो जाएगा। इसके बाद दोनों शहरों के बीच की दूरी मात्र 35 से 40 मिनट के बीच तय हो सकेगी। सीएम विकास के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान दे रहे। घर घर से कूड़ा उठाया जा रहा। पहले लोग गोमती में कूड़ा फेंक देते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले साल लखनऊ को स्वच्छता में तीसरी रैंक मिल चुकी है, इसके लिए सभी को बधाई। वहीं लखनऊ विकास प्राधिकरण आईआईएम रोड से किसान पथ के बीच 28 किलोमीटर लंबे ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण करा रहा है। इससे शहर के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। द्वितीय चरण में समतामूलक चौराहे से निशातगंज के मध्य लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत से तीन अहम विकास कार्य कराए गए। इनमें 45 करोड़ रुपये की लागत से कुकरैल नदी पर 240 मीटर लंबा व 24 मीटर चौड़ा छह-लेन का ब्रिज, कुकरैल से निशातगंज के मध्य 40 करोड़ रुपये की लागत से 1.10 किलोमीटर लंबा और 18 मीटर चौड़ा बंधा व सड़क निर्माण का कार्य कराया गया है।

### एआई सिटी के रूप में विकसित होगा लखनऊ : योगी

सीएम योगी ने कहा, प्रशासन की जिस जमीन पर अतिक्रमण किया गया था, उसी जमीन से कब्जा हटाकर उसी पैसे का प्रोजेक्ट बनाया गया। इसमें शासन ने प्राधिकरण को पैसा नहीं दिया है। लखनऊ एआई सिटी के रूप में विकसित होगा। सरकार ने इसके लिए भी धन की व्यवस्था कर ली है। दुश्मन को ठिकाने लगाने वाले ब्रह्मोस के इंजीनियर ज्यादातर पॉलीटेक्निक और सरकारी कालेजों से हैं। लखनऊ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश डीप टेक, एआई व क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बनने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत और डीबीटी की सफलताओं का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में भारत समग्र और तकनीक आधारित विकास की दिशा में अग्रसर है।

## रमज़ान मुबारक

**इफ्तार शनिवार**
सुन्नी : 6:15 P.M.
शिया : 6:25 P.M.

**सहरी शनिवार**
सुन्नी : 4:54 P.M.
शिया : 4:48 P.M.

## भविष्य की जंग के लिए भारत तैयार डाटा, ड्रोन और कॉग्निटिव वॉरफेयर फोर्स बनाने की योजना

**नई दिल्ली।** आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति को देखते हुए भारत अब अपनी सैन्य ताकत को नई तकनीक से लैस करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार ने भविष्य की सेनाओं के निर्माण के लिए एक बड़ा खाका तैयार किया है। इसके तहत डाटा फोर्स, ड्रोन फोर्स और कॉग्निटिव वॉरफेयर एक्शन फोर्स जैसी नई इकाइयों के गठन की योजना बनाई गई है। यह पहल रक्षा बल विजन-2047 दस्तावेज के तहत सामने आई है। हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह दस्तावेज जारी किया था। इसका लक्ष्य आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक भारतीय सेनाओं को पूरी तरह आत्मनिर्भर और भविष्य के युद्धों के लिए तैयार बनाना है। इसके तहत सेना की क्षमता को जल, थल और नभ से आगे बढ़ाकर साइबर, अंतरिक्ष और डाटा के क्षेत्र तक विस्तारित करने की योजना है। डाटा फोर्स युद्ध के मैदान में बड़ी मात्रा में मिलने वाले डाटा का विश्लेषण करेगी। सेंसर, सैटेलाइट, रडार और ड्रोन से जो जानकारी मिलेगी, उसे एआई तकनीक की मदद से युद्ध रणनीति में बदला जाएगा।

# पीरियड्स लीव पर सीजेआई की टिप्पणी

- 'महिलाओं को कोई काम नहीं देगा'
- अनिवार्य छुट्टी की याचिका पर सुनवाई से इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिलाओं कर्मचारियों और छात्राओं के लिए देशभर में मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा, ऐसी नीति अनजाने में लैंगिक रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकती है और इससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि और नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से कतराने लगेंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि ऐसी मांगें अनजाने में महिलाओं के बारे में रूढ़िवादी सोच को भी मजबूत कर सकती हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि मासिक धर्म को किसी कमजोरी या हीनता के रूप में पेश करना सही नहीं है। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि संबंधित सक्षम प्राधिकारी इस विषय पर दी गई याचिकाकर्ता की प्रतिनिधित्व पर विचार कर सकते हैं और सभी हितधारकों से परामर्श करके नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं।

### कानून के जरिए अनिवार्य बनाने से क्या होगा?

इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि स्वैच्छिक रूप से दी गई ऐसी सुविधाएं अच्छी हैं, लेकिन अगर इसे कानून के जरिए अनिवार्य बना दिया गया तो इसके सामाजिक और पेशेवर प्रभाव पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह धारणा बन सकती है कि महिलाओं को अतिरिक्त छुट्टियां मिलेंगी, जिससे उनके रोजगार के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता पहले ही संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर प्रतिनिधित्व दे चुके हैं, इसलिए बार-बार अदालत से आदेश मांगने की आवश्यकता नहीं है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रतिनिधित्व पर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया।

## सुरक्षा परिषद में ईरान के खिलाफ भारत के रुख पर विपक्ष का हमला

# भारत की विदेश नीति एकतरफा : चिदंबरम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद पी. चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में ईरान के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव को समर्थन करने के लिए सरकार की आलोचना की है। चिदंबरम ने भारत की मौजूदा विदेश नीति को एकतरफा करार दिया है। चिदंबरम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत की विदेश नीति अब निष्पक्ष नहीं रही। उन्होंने आरोप लगाया कि नई दिल्ली अब पूरी तरह अमेरिका और इस्राइल के पक्ष में खड़ी दिख रही है। चिदंबरम के अनुसार, भारत ने ईरान के हमलों की निंदा करने वाले प्रस्ताव को पेश करने में मदद की, लेकिन अमेरिका और इस्राइल के उन हमलों पर एक शब्द नहीं कहा जिनमें 1300 ईरानी लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि इन हमलों में 168 बच्चों की भी जान गई है। चिदंबरम ने सवाल उठाया कि क्या यही सही कूटनीति और निष्पक्ष विदेश नीति है? उन्होंने कहा कि रूस और चीन ने इस प्रस्ताव के पक्ष में वोट नहीं दिया, जबकि भारत ने अमेरिका और 12 अन्य देशों का साथ दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव 2817 (2026) पास किया है। इस प्रस्ताव के पक्ष में 13 वोट पड़े, जबकि चीन और रूस ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। इस प्रस्ताव में ईरान के उन हमलों की कड़ी निंदा की गई है जो उसने अपने पड़ोसी देशों पर किए। अमेरिका ने कहा कि ईरान हर दिशा में हमले कर रहा है। भारत सहित करीब 140 देशों ने इस टेक्स्ट को समर्थन किया।

प्रस्ताव में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन पर हुए हमलों को गलत बताया गया। इसमें ईरान से मांग की गई कि वह रिहायशी इलाकों पर हमले तुरंत रोके। साथ ही, समुद्री व्यापार में दखल देना और उकसावे वाली कार्रवाई बंद करे।

## महुआ मोइत्रा को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें लोकपाल को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई को आरोपपत्र दाखिल करने की मंजूरी देने की अनुमति दी गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ लोकपाल की याचिका पर मोइत्रा, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और भाजपा सांसद तथा शिकायतकर्ता निशिकांत दुबे को नोटिस जारी किया। 19 दिसंबर 2025 को, उच्च न्यायालय ने लोकपाल के उस आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें सीबीआई को कथित पूछताछ के बदले नकद घोटाले में मोइत्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति दी गई थी।

## लखनऊ में बोले कांग्रेस सांसद - नारे लगाने से कोई फायदा नहीं

# गलत को स्वीकार न करने से आता है बदलाव : राहुल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि केवल 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता। बदलाव तब आता है जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है उसे वह स्वीकार नहीं करेगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बी आर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे। आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है। उन्होने आरोप लगाया कि इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि अगर जवाहरलाल नेहरु आज जीवित होते तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है। राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि जब कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन हुआ था, तब उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सीटें घटकर 36 रह गई थीं, जबकि महागठबंधन ने 43 सीटों पर जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि यही सफलता महागठबंधन 2027 के विधानसभा चुनाव में भी दोहराना चाहता है।

# सभी देशों को रूसी तेल खरीदने की इजाजत

- अमेरिका ने 30 दिन की छूट दी
- ईरान ने क्रूड ऑयल 200 डॉलर पहुंचने की चेतावनी दी थी




**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 100 डॉलर के पार चली गई हैं। इसे काबू में करने के लिए ट्रम्प प्रशासन ने दूसरे देशों को भी रूस से तेल खरीदने की अस्थाई मंजूरी दे दी है। रूस के कई ऑयल टैंकर समुद्र में फंसे हैं। इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए प्रतिबंधों में ढील देने की बात कही थी। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है। वहीं, ईरान चेतावनी दे चुका है कि कच्चे तेल की कीमतें 200 डॉलर के पार पहुंच सकती हैं।

**सिर्फ समुद्र में फंसे जहाजों से तेल खरीदने की मंजूरी**

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग (वित्त मंत्रालय) ने गुरुवार को एक लाइसेंस जारी किया। इसके तहत उन रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की डिलीवरी और बिक्री की जा सकती है, जो 12 मार्च की रात 12:01 बजे से पहले जहाजों पर लोड हो चुके थे। यह छूट सिर्फ 11 अप्रैल तक के लिए दी गई है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि इसका मकसद दुनियाभर में तेल की सप्लाई बढ़ाना है, ताकि बढ़ती कीमतों पर लगाम लग सके।

**अमेरिका ने कहा- रूस को ज्यादा फायदा नहीं होगा**

अमेरिका के ट्रेजरी मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक शॉर्ट-टर्म फैसला है और इससे रूस को कोई बहुत बड़ा आर्थिक फायदा नहीं होगा। बेसेंट के मुताबिक रूस की कमाई का बड़ा हिस्सा तेल निकालने के वक्त लगने वाले टैक्स से आता है, जबकि यह छूट सिर्फ उस तेल के लिए है, जो पहले से ही ट्रांजिट (रास्ते) में है।

### भारत को पहले ही मिल चुकी है रियायत

इससे पहले अमेरिका भारत को भी इसी तरह की छूट दे चुका है। 5 मार्च को अमेरिका ने भारत को 30 दिनों की विशेष अनुमति दी थी, जिसके तहत भारत रूस से तेल खरीद सकता है। ट्रंप प्रशासन ने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया था ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की सप्लाई बनी रहे और कीमतों पर दबाव कम हो।

## पीएम का पश्चिम बंगाल का दौरा आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर लगभग 2 बजे कोलकाता में लगभग 18,680 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। क्षेत्र में सड़क अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, प्रधानमंत्री लगभग 16,990 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 420 किलोमीटर से अधिक की कुल लंबाई वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उद्घाटन की जा रही परियोजनाओं में पश्चिम बंगाल और झारखंड में एनएच-19 और पश्चिम बंगाल में एनएच-114 के खंड शामिल हैं। इन परियोजनाओं से सड़क सुरक्षा में सुधार, यात्रा समय में कमी, भीड़भाड़ और प्रदूषण में कमी, क्षेत्रीय संपर्क में वृद्धि, पर्यटन को बढ़ावा और क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

## ईरान से जहरीली दिल्ली की हवा

**नई दिल्ली।** ईरान में बीते दो हफ्तों से ताबड़तोड़ धमाके और बमों-मिसाइलों के धुओं से आसमान काला हो चुका है। तेल ठिकानों पर हमले के बाद कई मीडिया रिपोर्ट में तो यहां तक दावा किया गया कि ईरान के आसमान से जहरीली बारिश की बूंदे भी गिरने लगी हैं।






# गाजे बाजे के साथ निकाली गई डालीगंज में पालकी यात्रा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान का गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माता जी की प्रेरणा से जन्मकल्याणक महोत्सव राजधानी के जैन मन्दिरो में मनाया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति डालीगंज के महामंत्री रीतेश जैन की अगुआई मे भगवान की पालकी यात्रा निकाली गई, पालकी यात्रा में डीजे बैंड पर बज रहे है भजनों पर लोग थिरक रहे थे। यात्रा जैन मंदिर से शुरू होकर डालीगंज बाजार पन्नालाल चौराहा होते हुए पुनः मंदिर पर समाप्त हुई यात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला पुरुष व बच्चे शामिल रहे पालकी यात्रा से पूर्व प्रातःकाल मंदिर के मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के अभिषेक, श्री नवग्रह शांति, भगवान आदिनाथ का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की समाप्ति पर अमरचंद जैन परिवार की ओर से वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष विकास जैन, महामंत्री रीतेश जैन, कोषाध्यक्ष वीर कुमार जैन साड़ी वाले, के साथ अंकित जैन, अंशुल जैन, वीर कुमार जैन टिकैत नगर वाले, मनोज जैन, अनिल जैन, पवित्र जैन, सुरेंद्र जैन, अनंत जैन, अमित जैन, विमल जैन, मनीष जैन, पारस जैन, मौजूद रहे। भगवान श्री आदिनाथ ने इस सृष्टि की आदि में जन्म लेकर असि मसि कृषि वाणिज्य शिल्प और अंक विद्या आदि कलाओं का उपदेश देकर लोगों को जीवन जीने की कला सिखाई और इस पृथ्वी के प्रथम राजा हुए उनके ज्येष्ठ पुत्र भरत के नाम से ही इस देश का नाम भारत पड़ा।

### जैन दर्शन के सिद्धांत आज भी मानवता के लिए प्रासंगिक

उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के हिंदी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में तीर्थंकर ऋषभदेव जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित 'जैन दर्शन और साहित्य : समकालीन संदर्भ में' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ सभागार में हुआ। समापन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि जैन दर्शन के अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धांत आज के समय में भी मानवता के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। प्रो. पवन अग्रवाल, प्रो. नलिन कुमार शास्त्री और प्रो. अभय कुमार जैन सहित अन्य वक्ताओं ने जैन दर्शन को संतुलित और न्यायपूर्ण समाज की दिशा दिखाने वाला बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने की।

## मनमाने तरीके से चुनाव कराने का आरोप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार स्थित ओमैक्स रेजिडेंसी-1 में आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर विवाद सामने आया है। निवासियों का आरोप है कि त्रुटिपूर्ण वोटर लिस्ट के बावजूद मनमाने तरीके से डिप्टी रजिस्ट्रार और चुनाव अधिकारी की मिलीभगत से गुरुवार को चुनाव करा दिया गया। उनका कहना है कि सूची में 50 से अधिक ऐसे लोगों के नाम शामिल थे जो सोसाइटी से अपने फ्लैट या मकान छोड़कर जा चुके हैं। इस संबंध में वेंकटेश तिवारी, वेदांत श्रीवास्तव, निकिता त्यागी, कुसुम वर्मा, आयुष वर्मा, प्रत्युष सेठ, आकाश कुमार सिंह, अभा, अनिल जैन, दिव्यम गुप्ता, ध्रुव नारायण साहू, शिवाली सिंह, सुमन राय, बृजेंद्र प्रताप सिंह और ममता सिंह सहित अन्य निवासियों ने अधिकारियों से कई बार वोटर लिस्ट दुरुस्त कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की,किन्तु अधिकारियों ने बिना जाँच कराये ही चुनाव करा दिये।निवासियों की अधिकारियों से पुनः माँग है कि वोटर लिस्ट की जाँच करा कर दोबारा चुनाव करायें जायें।

## तरुण सोनकर हत्याकांड के विरोध में अमीनाबाद में कैंडल मार्च




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** दिल्ली में तरुण सोनकर की हत्या के विरोध में शुक्रवार को अमीनाबाद क्षेत्र में कैंडल मार्च निकाला गया। अमीनाबाद की फल वाली लाइन के अध्यक्ष अरविंद सोनकर के नेतृत्व में आयोजित इस मार्च में बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने और उन्हें फांसी देने की मांग की। आयोजकों ने कहा कि इस घटना से समाज में गहरा आक्रोश है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कैंडल मार्च में दर्शन चौधरी, दीपू सोनकर, अनम सोनकर सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। बड़ी संख्या में युवाओं और अमीनाबाद क्षेत्र के व्यापारियों ने भी इसमें भाग लिया और न्याय की मांग को लेकर एकजुटता दिखाई।

## खबर एक नज़र

### सिंधी समाज ने रक्षामंत्री से की झूलेलाल जयंती पर अवकाश की मांग



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिंधी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर भगवान झूलेलाल जयंती पर उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि देश के कई राज्यों में इस अवसर पर अवकाश रहता है, इसलिए उत्तर प्रदेश में भी इसे घोषित किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, चेट्टी चंद मेला समिति के अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, श्याम कृषनानी, पुनीत लालचंदानी और घनश्याम दास सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस दौरान झूलेलाल वाटिका में स्वागत द्वार के निर्माण की मांग भी रखी गई। मुलाकात के समय महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक मुकेश शर्मा और विधायक योगेश शुक्ला भी उपस्थित रहे।

### दूरसंचार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मोतीझील स्थित नगर निगम सभागार में दूरसंचार पेंशनभोगियों के लिए पेंशन अदालत सह जीवन प्रमाण शिविर और दूरसंचार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नियंत्रक मनीष कुमार गुप्ता ने वंदे मातरम और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस दौरान पेंशनभोगियों की लंबित समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया तथा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र और पहचान पत्र वितरित किए गए। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग सत्र और वित्तीय साक्षरता पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को लाइसेंस शर्तों और दूरसंचार सुधारों से संबंधित जानकारी भी दी गई। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर 15 को

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश द्वारा 15 मार्च को चांसलर क्लब आशियाना क्षेत्र में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को हृदय रोग संबंधी परामर्श और जांच की सुविधा दी जाएगी। आवश्यकता होने पर मरीजों की शल्य चिकित्सा भी निःशुल्क कराई जाएगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### रोजा इफ्तार कार्यक्रम आज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** रमज़ान-उल-मुबारक के पावन अवसर पर गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उ.प्र. जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन एवं जश्न-ए-आजादी के संयुक्त तत्वावधान में एक रोज़ा इफ़्तार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहकर आपसी सौहार्द, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं बंधुत्व के संदेश पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

### टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** कुरुक्षेत्र में ड्रीम टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रथम सत्र के उत्तर क्षेत्र का शुभारंभ समारोह उमरी स्थित वेटा होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी आकाश चोपड़ा उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता 16 से 21 जून के बीच समाना बाहु में आयोजित होगी, जिसमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रतियोगिता के पोस्टर और खिलाड़ियों की जर्सी का अनावरण भी किया गया।

### जवाहर-इंदिरा भवन में सिलेंडर बुकिंग काउंटर की मांग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इंदिरा भवन जवाहर भवन कर्मचारी महासंघ ने राज्य कर्मचारियों की सुविधा के लिए परिसर में ही गैस बुकिंग काउंटर खोलने की मांग की है। महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे और महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने कहा कि घर-दफ्तर की दोहरी जिम्मेदारी के बीच सिलेंडर की दिक्कत से कर्मचारी परेशान हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सभी कंपनियों के काउंटर परिसर में लगाए जाएं ताकि शासकीय कार्य बाधित न हो।

## राज्यकर्मियों, अधिकारियों की पदोन्नति प्रक्रिया ऑनलाइन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राज्य सरकार ने कर्मचारियों व अधिकारियों की पदोन्नति पक्रिया भी पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए मानव संपदा पोर्टल पर डीपीसी मॉड्यूल विकसित किया गया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने शुक्रवार को इस संबंध में शासनादेश जारी किया। इससे पदोन्नति देने के नाम पर होन बाले खेल पर काफी तक रोक लगेगी। इसमें कहा गया है कि इसके लिए पोर्टल पर जरूरी तैयारियां 31 मार्च तक पूरी कर ली जाएं। इसका फायदा 8.5 लाख से ज्यादा राज्य कर्मियो को मिलेगा। डीपीसी मॉड्यूल पर प्रत्येक कार्मिक से संबंधित सभी सूचनाएं उपलब्ध होना जरूरी है. ताकि उसे सिस्टम आंटी फंच कर सके।इस मॉड्यूल पर सभी कर्मचारियों का विधिवत पंजीकरण होना चाहिए। पंजीकरण फॉर्म में काडर, काडर में स्तर और सेवा में शामिल होने की तिथि खाली नहीं होनी चाहिए। विभागीय कार्यवाही संबंधी डाटा सभी कर्मचारियों के लिए सही ढंग से भरा जाना चाहिए। शासनादेश में कहा गया है कि सभी कर्मचारियों का पदोन्नति संबंधी डाटा सही ढंग से भरा जाना चाहिए।

## एफसीआई आरओ लखनऊ ने उत्साह के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीजीएम श्री प्रदीप कुमार बहरु, श्रीमती भार्गवी परमार, और श्रीमती एशिता डेबबर्मा ने की। इस अवसर पर कर्मचारियों ने संगठन में और बाहर महिलाओं के योगदान और उपलब्धियों की सराहना की। अधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण के महत्व और एफसीआई की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रेरणादायक वार्ताएं और महिलाओं के विकास के लिए समर्थन जारी रखने का संकल्प शामिल था। 'एफसीआई आरओ लखनऊ सभी कर्मचारियों के लिए एक समावेशी और सहायक कार्य वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है,' डीजीएम श्री प्रदीप कुमार बहरु ने कहा। कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन और केक काटने की समारोह के साथ संपन्न हुआ।

## स्टेट बैंक पेंशनर हमारे अभिन्न अंग एवं उनका योगदान अमूल्य : महाप्रबंधक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** स्टेट बैंक सदैव अपने पेंशनर्स को बाधा रहित पेंशन भुगतान के अलावा चिकित्सा व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के अलावा उनके हितों के प्रति पूर्णतः संवेदनशील व कटिबद्ध हैं क्योंकि वे हमारे अभिन्न अंग हैं और उनका योगदान हमारे लिए अमूल्य है'' यह विचार शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आयोजित स्टेट बैंक पेंशनर्स ऐसोसिएशन की वार्षिक बैठक में बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ के महाप्रबंधक अनिल कुमार ने व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ साथियों का सम्मान एवं उन्हें बेहतरीन सुविधाएं देना हमारा परम कर्तव्य भी है। आज के सेवानिवृत्त व्यक्ति बीते कल की अक्षयनिधि है एवं उनके द्वारा किए गए सेवाकालीन कार्य हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस बैठक का उद्देश्य आपसी मेलजोल के अलावा अपने अधिकारों, सम्मान और सुविधाओं की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। बैंक ने विगत वर्ष पेंशनभोगियों के लिए कई नई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है जिनका लाभ सभी पेंशनभोगियों तथा उनके परिवार को मिलेगा। वर्तमान में लखनऊ मंडल में लगभग 19000 सेवानिवृत्त पेंशनर हैं। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक कार्यालय, लखनऊ (पश्चिम) के उप महाप्रबंधक धीरज कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी भी हमारे परिवार के सदस्य हैं और बैंक अपने परिवार के सभी सदस्यों का आजीवन अच्छी तरह से ख्याल रखता है। विगत वर्ष हमने अपने सेवानिवृत्त साथियों के लिए 5 स्वास्थ्य शिविर एवं चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें पेंशनभोगियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। आगे भी यह क्रम अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ''सेवानिवृत्ति विश्राम नहीं, बल्कि अनुभव से समाज को दिशा देने का अवसर है। ' इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक राजीव कुमार,कौशलेन्द्र कुमार, उप महाप्रबंधक एवं सीडीओ धीरेन्द्र महे व बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन लखनऊ मंडल के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र, महासचिव अतुल स्वरूप एवं पेंशनर्स फेडरेशन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का समन्वयन मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन)आशुतोष शुक्ल ने किया।

## होली मिलन समारोह में हजारों लोगों ने लिया भाग



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** होली मिलन समारोह और परिचय सम्मेलन आयोजित किया यज्ञसेनी वैश्य (हलवाई) सभा ने। ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान में केंद्रीय मंत्री राजेन्द्र सिंह पंकज, अवनीश अवस्थी, अनूप गुप्ता, बृज बहादुर, शंकर लाल लोधी, दिनेश शर्मा और जय प्रकाश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में वैवाहिक योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता और महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर राम कुमार गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा हरी श्याम गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, सोहन लाल, प्रवीण कुमार गुप्ता, अमित गुप्ता, रामजी गुप्ता, संगम लाल, आनंद प्रकाश गुप्ता, सत्य नारायण गुप्ता, ललित गुप्ता, सोनू गुप्ता, राजेश गुप्ता और धीरज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

## सिविल डिफेंस के होली मिलन समारोह में वार्डनों का सम्मान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** कुर्मी भवन में सिविल डिफेंस के इंदिरानगर प्रखंड द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य वार्डन अमर नाथ मिश्र रहे। इस दौरान प्रखंडीय वार्डन सुनील यादव और उपवार्डन राजेन्द्र वर्मा ने मुख्य वार्डन को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपमुख्य वार्डन गुरुप्रीत सिंह सेठी सहित ऋतुराज रस्तोगी, आजाद हाफिज, जितेन्द्र सिंह, मनोज कुमार और रेखा को भी सम्मानित किया गया। मुख्य वार्डन ने सभी वार्डनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। समारोह में फूलों की होली खेली गई और सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं।

## सलाहुद्दीन सिद्दीकी की इफ्तार में पहुंचे अखिलेश यादव



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** रमजान के पवित्र माह में मोतीमहल लॉन, हजरतगंज में पूर्व राज्य मंत्री सलाहुद्दीन सिद्दीकी की ओर से रोजा इफ्तार और रात्रि भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित बड़ी संख्या में रोजेदारों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने देश की खुशहाली और अमन-चैन के लिए दुआ की। अपने संबोधन में अखिलेश यादव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में मौलाना खालिद रशीद, राजेंद्र चौधरी, श्यामलाल पाल सहित कई नेता मौजूद रहे। आयोजक सलाहुद्दीन सिद्दीकी ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

## उन्नति उत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** शेरोज़ कैफे में उन्नति फाउंडेशन संस्था द्वारा उन्नति उत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद राजेश पांडेय और शैलजा पांडेय ने लोकगीत प्रस्तुत किए। संस्था के संस्थापक रोहित सिंह ने स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और स्वदेशी के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को उन्नति सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान शिखा सिंह पटेल, प्रीति शुक्ला, उषा गोस्वामी, तृप्ति मिश्रा, मंजू श्रीवास्तव, निधि शुक्ला और अतुल अरोरा सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही अम्ल हमले से पीड़ित महिलाओं को उन्नति गौरव रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोकगीतों की प्रस्तुति के बाद चाय-नाश्ते के साथ उत्सव का समापन हुआ।

## अग्रहरि समाज का समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** ऐशबाग स्थित श्रीरामलीला मैदान में अग्रहरि परिवारों की सहभागिता से अंशिका महाजन के सरस्वती वंदना के साथ हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के उप. मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक डा. नीरज बोरा एवं वैश्य समाज के समाज सेवी सुधीर हलवासिया, विराज सागर दास (बीबीडी के अतिरिक्त अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय संरक्षक सोमचंद गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष अग्रहरि, प्रदेश युवा अध्यक्ष सुगंध अग्रहरि, शैलेन्द्र अग्रहरि सहित अनेक गणमान्य वैश्य जनो ने सहभागिता कर लखनऊ के अग्रहरि परिवार एवं आयोजन कर्ताओ का उत्साहवर्धन किया। समारोह मे लखनऊ अग्रहरि समाज के मुख्य संक्षक जगदीश गुप्त 'अग्रहरि 'के सानिध्य मे गणमान्य लोगो द्वारा नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, महिला व युवा मंडल को शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण लखनऊ के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरि (एमडी. गोरक्ष रेजीडेंसी) कार्य. अध्यक्ष कोषाध्यक्ष प्रसिद्ध बालरोग चिकित्सक डा. राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष पद के लिए सर्व सुजीत अग्रहरि (गुड्डू), विकल अग्रहरि, पप्पू अग्रहरि (सांगीपुर) वरिष्ठ महामंत्री वरुण अग्रहरि, महामंत्री बसंत अग्रहरि तथा अन्य मंत्रीमंडल के सदस्यों में सर्व अरविन्द अग्रहरि, एडवोकेट राजीव गुप्ता, प्रताप नारायण, दिनेश अग्रहरि, राजेश गुप्ता, राजेन्द्र (मुन्ना), यशपाल अग्रहरि, रमेशगुप्ता, राकेश चंद्र, मुकेश अग्रहरि, अनूप गुप्ता (बब्लू), अजय, दिलीप अग्रहरि। इसी तरह महिला मंडल में अध्यक्ष पद पर सुनीता अग्रहरि, पूनम गुप्ता, उपाध्यक्ष पद डा. श्वेता गुप्ता, अनुपमा अग्रहरि, श्वेता अग्रहरि महामंत्री, मंत्री नीलम, सीता, रानी, क्षमा अग्रहरि, पिंकी अग्रहरि, अनीता अग्रहरि, साधना अग्रहरि, माया, मधु, योगिता, सीमा एवं कु. अदिति अग्रहरि ने महिला संरक्षिका प्रेमकुमारी, विद्या देवी के सानिध्य में शपथ ग्रहण किया। युवा मंडल के पदाधिकारियो में अनुपम अग्रहरि, कन्हैया लाल, पिंटू, रवि अग्रहरि, सौरभ अग्रहरि, आदित्य गुप्ता, विशाल (हिमांशु), अभिषेक, विनय, दीपक, विक्रम, नवीन, आयुष, शिवकुमार आर्यन, आकाश, अमन, गुड्डू, सुरेश, अंकित गुप्ता, ने शपथ ग्रहण का दायित्व लिया। इस अवसर पर उ.प्र. सांस्कृतिक विभाग द्वारा फूलों की होली एवं स्वजातीय बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साथ ही महिला मंडल द्वारा डांडिया नृत्य सम्पन्न हुआ। समारोह को अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरि द्वारा अतिथियों एवं समाज के सभी परिवारों के प्रति सहयोग व सहभागिता के लिए आभार व्यक्त करते हुए समरसता सहभोज के साथ समापन हुआ।





# शिक्षा क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा यूपी




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा क्योंकि राज्य का ध्यान ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने पर केंद्रित है जिसमें बच्चों का विकास सीखने के सकारात्मक माहौल में हो और वे आगे बढ़ सकें। राजनाथ सिंह ने लखनऊ में स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल गोल्फ सिटी परिसर के मुख्य भवन के उद्घाटन के अवसर पर कहा, यहां के शिक्षण संस्थान न केवल राज्य के छात्रों के लिए, बल्कि पूरे देश के छात्रों के लिए भी आकर्षण के केंद्र बनकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य का ध्यान केवल स्कूल और कॉलेज खोलने पर नहीं है बल्कि ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें बच्चे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ सीखने के सकारात्मक माहौल में आगे बढ़ सकें। सिंह ने कहा, मुझे विश्वास है कि इस प्रकार के समन्वित प्रयासों के कारण उत्तर प्रदेश आने वाले वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा। लखनऊ से सांसद सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक व्यापक नजरिए के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी ने राज्य को पिछले कुछ वर्षों में सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति करते देखा है। बुनियादी ढांचे, निवेश, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश ने नयी गति हासिल की है। उन्होंने सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबा फुले का उल्लेख करते हुए कहा कि इन दूरदर्शी हस्तियों ने समाज के वंचित वर्गों यानी उन लोगों तक शिक्षा पहुंचाई, जो सामाजिक पायदान के सबसे निचले स्तर पर थे। उन्होंने कहा, उन्होंने यह दिखाया कि समाज में समानता और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी साधन है। मंत्री ने कहा, भारत, अपने नाम के अनुरूप हमेशा ज्ञान की खोज में लगा रहा है। यदि आप इसका इतिहास देखें, तो प्राचीन काल से लेकर आज तक भारत इस ज्ञान-यात्रा के प्रति दृढ़तापूर्वक समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की ज्ञान परंपराओं में शिक्षा को कभी केवल जानकारी हासिल करने का साधन नहीं माना गया, बल्कि इसे चरित्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम समझा गया। उन्होंने कहा कि जब तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला जैसे महान विश्वविद्यालय फले-फूले, तब दुनिया के दूर-दराज के हिस्सों से छात्र इन प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में पढ़ने के लिए भारत आया करते थे। सिंह ने कहा, आपने संभवतः फाह्यान और ह्वेन सांग के नाम सुने होंगे। ये लोग भी भारत आए थे। उन्होंने यह यात्रा इसलिए की क्योंकि इस भूमि में शिक्षा में न केवल ज्ञान प्राप्त करना शामिल है, बल्कि जीवन मूल्यों का समावेश भी शामिल है।

## घोसी चीनी मिल को बंद करने की किसी में ताकत नहीं-शर्मा

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ जनपद के कुशमौर स्थित राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित निस्ट किसान मेला 2026 का उद्घाटन किया उन्होंने किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। ऐसे मेले किसानों को नई तकनीक, बेहतर बीज और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी देने के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि देश के किसानों के अथक परिश्रम, समर्पण और पुरुषार्थ के कारण भारत आज खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भर बना है बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आज भारत कई कृषि उत्पादों का निर्यात कर रहा है, जो किसानों की मेहनत और कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का परिणाम है। किसानों से अपील की कि वे उत्पादकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों और कृषि संस्थानों के मार्गदर्शन का लाभ लें तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं।

## सात आईएएस अफसरों का तबादला

### पीडब्ल्यूडी के सचिव बने प्रकाश बिंदु

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राज्य सरकार ने शुक्रवार को सात आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया। लोक निर्माण विभाग के सचिव प्रकाश बिंदु को गृह विभाग भेजा गया है। नोएडा में इंजीनियर की मौत के मामले में हटाए जाने के बाद प्रतीक्षारत चल रहे लोकेश एम. को पीडब्ल्यू में सचिव बनाया गया है। प्रतीक्षारत चल रहीं महेंद्र प्रसाद को उप्र पुनर्गठन समन्वय विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। इसी तरह उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की निदेशक नीना शर्मा को सार्वजनिक उद्यम विभाग का प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक बनाया गया है। धर्मार्थ कार्य विभाग के विशेष सचिव रघुबीर को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार को धर्मार्थ कार्य विभाग में विशेष सचिव के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### चार पीसीएस अधिकारी इधर से उधर

शासन ने शुक्रवार को चार पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। झांसी में एसडीएम प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय को गोंडा भेजा गया है। मथुरा में एडीएम (न्यायिक) सुरेंद्र कुमार को कानपुर मंडल का अपर आयुक्त बनाया गया है। जालौन में एसडीएम वेद प्रिय आर्य को मथुरा का एडीएम (न्यायिक) बनाया गया है। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण, झांसी के विशेष कार्याधिकारी कुशीनगर का एडीएम (न्यायिक) बनाया गया है।

# सुगम,सस्ती परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : दया शंकर

### ग्राम पंचायतों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने की योजना पर कार्य करें अधिकारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश सरकार की ओर से मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 को लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है। मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 66(1) के अंतर्गत दिए गए व्यवस्था के अनुसार मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के तहत समस्त ग्राम पंचायतों और ग्रामों के नागरिकों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए संचालित होने वाले वाहनों को अधिसूचना के तहत प्राविधानों के अनुसार परमिट की अनिवार्यता से छूट प्रदान की गई है।

प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि इस संबंध में योजना भवन स्थित एनआईसी सेंटर से उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना,सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत को सुगम और सस्ती परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों को विकास खण्डों, तहसील और जनपद मुख्यालय से सीधे परिवहन सुविधा से शत-प्रतिशत जोड़ा जा रहा है।

वर्तमान में परिवहन निगम की तहसील मुख्यालय, नगर पालिका परिषद नगर निगम स्तर पर परिवहन की सुविधा उपलब्ध है। प्रदेश के दूरस्थ,असंबद्ध ग्राम पंचायत को मुख्य धारा से जोड़ने और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक परिवहन सेवा पहुंचाना इस योजना का मुख्य आधार है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इस योजनांतर्गत सभी 59163 ग्राम पंचायत का परिवहन सेवा से जोड़ना और ग्रामीण जनता को ब्लॉक तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी और सुरक्षित पहुंच प्रदान करना साथ ही निजी क्षेत्र के बस संचालकों के माध्यम से उन ग्रामीण मार्गों पर सेवा प्रदान करना, जहां परिवहन निगम की कम बसें संचालित है, इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत15-28 सीट क्षमता वाली डीजल, सीएनजी,इलेक्ट्रिक वाहन संचालित की जायेगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव परिवहन अर्चना अग्रवाल,एमडी परिवहन निगम प्रभु एन सिंह परिवहन आयुक्त किंजल सिंह, विशेष सचिव परिवहन केपी सिंह सहित अन्य विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक्शन : यूपी में गोकशी-गोतस्करी पर योगी सरकार सख्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गोकशी, गोतस्करी और अवैध पशु वध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी

- 35 हजार से अधिक आरोपी गए जेल
- 178 आरोपियों पर रासुका भी लगाया गया

आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक प्रदेश भर में गोकशी के 14,182 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 35,924 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सरकार की तरफ़ से जारी बयान के मुताबिक़, गोकशी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सामान्य मुकदमों के साथ-साथ कड़े कानूनों के तहत भी कार्रवाई की गई है।




उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 35,924 आरोपियों में से 13,793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 178 आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया। इसके अलावा 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कठोर कार्रवाई की गई है। सरकार की इस सख्ती से गोकशी और गोतस्करी से जुड़े संगठित गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिली है। पुलिस और प्रशासन ने कई जिलों में सक्रिय नेटवर्क की पहचान कर उन्हें ध्वस्त किया है। गोकशी से जुड़े अपराधियों पर केवल कानूनी ही नहीं बल्कि आर्थिक कार्रवाई भी की गई है।

गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक लगभग 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। इसमें अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं। सरकार का उद्देश्य अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त कर ऐसे संगठित गिरोहों की आर्थिक ताकत को कमजोर करना है, ताकि भविष्य में इस प्रकार के अपराधों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। प्रदेश में गोकशी और गोतस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं।

इन टीमों द्वारा खुफिया तंत्र को सक्रिय करते हुए जिलास्तरीय टास्क फोर्स के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और रात के समय पुलिस गश्त भी बढ़ाई गई है। इसके साथ ही पशु परिवहन से जुड़े मामलों की भी विशेष निगरानी की जा रही है। कई जिलों में अवैध बूचड़खानों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। वर्ष 2020 में लागू उत्तर प्रदेश प्रिवेंशन आफ़ काऊ स्लाटर अध्यादेश 2020 के तहत गोकशी के मामलों में कड़े दंड का प्रावधान किया गया है।

गोहत्या के मामलों में 10 वर्ष तक कठोर कारावास और से 5 लाख रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है। इसके अलावा गोवंश के अंगभंग करने पर 7 वर्ष तक की सजा और 3 लाख रुपये तक जुर्माना देना होगा। सरकार का दावा है कि सख्त कानून, विशेष अभियान और आर्थिक कार्रवाई जैसे कदमों के कारण प्रदेश में अवैध पशु वध और गोतस्करी से जुड़े मामलों में काफी कमी आई है और संगठित गिरोहों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है।

## 18 से 25 मार्च के बीच लखनऊ, झांसी और वाराणसी में रोजगार मेले

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और उन्हें कौशल के आधार पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा

- प्रदेश सरकार की प्राथमिकता कौशल, प्रशिक्षण और रोजगार

में लगातार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार मार्च माह में तीन प्रमुख शहरों में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। इन रोजगार मेलों में विभिन्न कंपनियां भाग लेकर प्रशिक्षित और योग्य युवाओं का चयन करेंगी। सरकार का उद्देश्य है कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जाए।कौशल विकास मिशन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या और बरेली मंडल के अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित होगा, जिसमें झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवाओं को भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसी क्रम में 25 मार्च को वाराणसी स्थित राजकीय आईटीआई करौंदी परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में वाराणसी, मिर्जापुर और प्रयागराज मंडल के युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलेंगे।प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीति के तहत कौशल विकास मिशन युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दे रहा है।

## 83 कंपनियों की सहभागिता, 960 अभ्यर्थियों को मिले ऑफर लेटर

### अभ्यर्थियों के चेहरों पर खिली मुस्कान, उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़े युवा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री भदोही जनपद के प्रभारी मंत्री ए के शर्मा ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान काशी नरेश पीजी महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र एवं ऑफर लेटर प्रदान कर दो दिवसीय रोजगार मेले का समापन किया।रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस रोजगार मेले में शामिल होकर उन्हें अत्यंत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ ही उनके भविष्य को नई दिशा देने का कार्य करते हैं।उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में कुल 83 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 4000 युवाओं ने अपनी प्रतिभा का




प्रदर्शन किया। इनमें से 960 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ और उन्हें मौके पर ही नियुक्ति पत्र एवं ऑफर लेटर प्रदान किए गए। ऑफर लेटर प्राप्त करते ही चयनित अभ्यर्थियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ दिखाई दे रहा था।मंत्री श्री शर्मा ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके जीवन की एक नई शुरुआत है। उन्होंने युवाओं से अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने तथा अपने कौशल को निरंतर बढ़ाते रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि बदलते समय में कौशल विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है और जो युवा लगातार सीखने और अपने कौशल को निखारने का प्रयास करते हैं, वही आगे बढ़ते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, पूर्व विधायक रवींद्र नाथ त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा, अन्य संबंधित अधिकारी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

## आलू के विपणन को बढ़ावा देने के लिए मुरादाबाद में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन

लखनऊ,। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को सर्किट हाउस, मुरादाबाद में आयोजित एक दिवसीय आलू क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ हाफेड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में आलू उत्पादक किसानों, शीतगृह स्वामियों, व्यापारियों, निर्यातकों और प्रसंस्करणकर्ताओं के साथ आलू के भण्डारण, बाजार मूल्य तथा विपणन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी।इस अवसर पर मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, रामपुर, सम्भल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, शामली, मुजफ्फरनगर एवं सहारनपुर सहित विभिन्न जनपदों से आए आलू उत्पादक कृषकों, शीतगृह स्वामियों एवं व्यापारियों ने सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम में आलू की 25 से अधिक उन्नत प्रजातियों जैसे कुफरी चिप्सोना-1, कुफरी चिप्सोना-3, कुफरी बहार, कुफरी गंगा, पुखराज, नेपोलियन, फेडिलिटी, सूर्या, नीलकंठ, इनोवेटर और ख्याति का प्रदर्शन किया गया। उत्तर प्रदेश देश का प्रमुख आलू उत्पादक राज्य है और देश के कुल आलू उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है। आलू के विपणन और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों में बायर-सेलर मीट का आयोजन किया जा रहा है। रांची, भुवनेश्वर, आगरा और बाराबंकी के बाद मुरादाबाद में यह सम्मेलन आयोजित किया गया है, जबकि आगामी दिनों में बंगलुरु में भी आयोजन प्रस्तावित है।

# निगम को परियोजना देने से सस्ती हो सकती है बिजली

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि ओबरा डी और अनपरा ई ताप विद्युत परियोजनाओं को ज्वाइंट वेंचर के स्थान पर प्रदेश के व्यापक हित में राज्य विद्युत उत्पादन निगम को तत्काल सौंपा जाए। संघर्ष समिति का कहना है कि ज्वाइंट वेंचर का एमओयू होने के तीन साल बाद भी परियोजना पर कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। उल्लेखनीय है कि इन परियोजनाओं को एनटीपीसी के साथ जॉइंट वेंचर में बनाने का एमओयू फरवरी 2023 में ग्लोबल समिट के दौरान हुआ था। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि सामान्यतः इस प्रकार की ताप विद्युत परियोजनाएं लगभग पांच साल में पूर्ण हो जाती हैं, लेकिन ज्वाइंट वेंचर को स्वीकृति मिलने के तीन साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू न होना गंभीर प्रशासनिक विफलता




को दर्शाता है। इससे प्लांट एंड मशीनरी की लागत में कॉस्ट ओवररन होने की पूरी संभावना है, जिसके कारण परियोजना की कुल लागत सैकड़ों करोड़ रुपये तक बढ़ सकती है। इसका दुष्परिणाम यह होगा कि ज्वाइंट वेंचर में बनने वाली परियोजना से बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ जाएगी। संघर्ष समिति ने कहा कि यदि इन परियोजनाओं को ज्वाइंट वेंचर के स्थान पर राज्य विद्युत उत्पादन निगम को सौंपा जाए तो पहले से मौजूद बुनियादी सुविधाओं और कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग होने से बिजली की उत्पादन लागत 40 से 50 पैसे प्रति यूनिट तक कम हो सकती है। संघर्ष समिति ने बताया कि फरवरी 2023 में एनटीपीसी के साथ ओबरा डी और अनपरा ई परियोजनाओं को बनवाने का ज्वाइंट वेंचर का एमओयू हुआ था, जिसके अंतर्गत 2म800 मेगावाट ओबरा डी तथा 2म800 मेगावाट अनपरा ई ताप विद्युत परियोजनाएँ एनटीपीसी के साथ ज्वाइंट वेंचर में स्थापित की जाएंगी। लेकिन 3 साल बीत जाने के बाद भी न तो निर्माण कार्य शुरू हो सका है और न ही परियोजना के लिए आवश्यक कोयला लिंकेज की व्यवस्था हो पाई है। संघर्ष समिति के अनुसार अभी तक नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से कोल पिटहेड लिंकेज प्राप्त नहीं हो पाया है और वर्तमान स्थिति में लगभग 500 से 700 किलोमीटर दूर से कोयला लाने की संभावना बन रही है। इससे कोयले की ढुलाई पर ही अत्यधिक व्यय होगा और बिजली की उत्पादन लागत अनावश्यक रूप से बढ़ जाएगी। संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि एक ही परिसर में दो अलग-अलग स्वामित्व वाली परियोजनाएँ स्थापित होने से अनेक परिचालन संबंधी समस्याएँ तथा भविष्य में कानूनी विवाद उत्पन्न होने की आशंका है। विशेष रूप से कोयला परिवहन और ऐश डिस्पोजल सबसे बड़ी चुनौतियाँ बन सकती हैं। वर्तमान में परिसर में केवल एक ही रेलवे लाइन उपलब्ध है, जिससे उत्पादन निगम के पहले से संचालित पावर हाउस और ज्वाइंट वेंचर के प्रस्तावित पावर हाउस दोनों के लिए कोयले की आपूर्ति में टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसी प्रकार कोयला जलने के बाद बनने वाली राख के निस्तारण के लिए एक ही ऐश पोंड होने से गंभीर परिचालन दिक्कतें पैदा होने की संभावना है।

संघर्ष समिति ने कहा कि इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के हित में ज्वाइंट वेंचर का प्रस्ताव निरस्त कर ओबरा डी और अनपरा ई परियोजनाओं को तत्काल राज्य विद्युत उत्पादन निगम को सौंपा जाए।

# डिप्टी सीएम ने किया स्वयं सहायता समूहों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ललितपुर में 'सरस महोत्सव-2026' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने जनपद के ग्रामीण विकास, महिला

- ललितपुर के विकास को उड़ानरू उपमुख्यमंत्री ने दी करोड़ों की सौगात

सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं वितरण किया। उपमुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 2242 स्वयं सहायता समूहों को 33 करोड़ 63 लाख रुपये का बैंक ऋण आवंटित किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान कर उनके आर्थिक स्वावलंबन की सराहना की। श्मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियानश् के तहत किसानों और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए उपमुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर ट्रैक्टरों की रैली को रवाना किया। उन्होंने लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाबियां भी सौंपी। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के अंतर्गत, उन्होंने मेसर्स जे के फूड्स एंड बेवरेजेज को 89 लाख 5 हजार रुपये का अनुदान चेक प्रदान किया, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने सरस महोत्सव में लगे स्वयं सहायता समूहों एवं विभिन्न विभागों के स्टॉलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने चक्की ट्रैक्टर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका से जुड़ी गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री ने नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया तथा गर्भवती महिलाओं को पोषाहार का वितरण किया। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और पोषण अभियान के माध्यम से बच्चों तथा माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से लाखों महिलाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और आर्थिक अवसर प्राप्त हो रहे हैं, जिससे गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।



# शक्ति भवन में पेंशन अदालत आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उ0प्र0 पावर कारपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन के अल्पाहार कक्ष (कैन्टीन) में त्रैमासिक पेंशन अदालत सुबह 11 बजे आयोजित की जायेगी। सेवानिवृत्त कार्मिकों की सुविधा के लिये उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के निर्देश पर आयोजित होने वाली इन त्रैमासिक पेंशन अदालतों में पेंशनरों तथा पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण कराया जायेगा। त्रैमासिक पेंशन अदालत मार्च, जून, सितम्बर तथा दिसम्बर में आयोजित होती है। इस तरह की अदालतें प्रत्येक डिस्काम तथा केस्को में भी आयोजित होंगी। यह जानकारी निदेशक (कार्मिकप्रबंधन) डॉ. जॉन मथाई ने दी है। उन्होंने पेंसनर्स से अपील की है कि यदि उनकी कोई भी पेंशन संबंधी समस्या है तो इस अदालत में आकर अपनी समस्याओं को सुगमता पूर्वक हल करायें।

# नेगेटिव बैलेंस रहने पर कट सकती है बिजली



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** सभी स्मार्ट मीटर गो लाइव है। नेगेटिव बैलेंस पर कभी भी स्वतः कट सकता है कनेक्शन। प्रदेश में लगभग 78 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें 70.50 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर, पारदर्शी और सुविधाजनक विद्युत सेवा देना है। शुक्रवार से यह प्रणाली पूरी तरह चालू (गो लाइव) हो गई है। अब यदि प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ता के खाते में बैलेंस समाप्त हो जाता है, तो बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो सकती है। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने खाते में समय-समय पर रिचार्ज कराते रहें और बैलेंस सकारात्मक बनाए रखें। रिचार्ज यूपीपीसीएल की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, भीम, फोन पे, गूगल पे आदि डिजिटल माध्यमों से घर बैठे किया जा सकता है। विभागीय काउंटरों पर भी रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है। स्मार्ट मीटर से सटीक बिलिंग, कम मानवीय हस्तक्षेप और नियमित बिल प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली बिल में 2% की छूट का लाभ भी दिया जाता है। अधिक जानकारी और सुविधाओं का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के आधिकारिक मोबाइल ऐप को डाउनलोड करें।

## स्मारक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** समिति की वार्षिक पत्रिका के दसवें अंक का मुख्यमंत्री ने विधिवत किया विमोचन रायबरेली,राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति, रायबरेली के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को उनकी जापान एवं सिंगापुर की सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। समिति की वार्षिक पत्रिका अवध केसरी के दसवें अंक का भी मुख्यमंत्री योगी ने विधिवत विमोचन किया। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनपद रायबरेली के विकास से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और महत्वपूर्ण प्रस्तावों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

# कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में आई तेजी अब तक 4,32,284.44 लाख का व्यय

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की

**-वर्ष २०२५-२६ के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश**

**-राज्य योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की ओर अग्रसर विभाग**

कृषि भवन के सभागार में शुक्रवार अध्यक्षता में आयोजित एक



महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं के प्राविधान, स्वीकृति एवं व्यय के ताजा आंकड़े प्रस्तुत किए गए। समीक्षा में पाया गया कि विभाग ने 12 मार्च 2026 तक कुल 4,32,284.44 लाख का व्यय कर विकास कार्यों को गति दी है, जो कुल स्वीकृत धनराशि का लगभग 81.10 प्रतिशत है। बैठक में आंकड़ों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि राज्य सरकार की अपनी योजनाओं (राज्य योजनाओं) में प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा है। इन योजनाओं के लिए स्वीकृत 3,57,809.30 लाख के सापेक्ष 3,18,095.40 लाख का व्यय किया जा चुका है, जो 88.90 प्रतिशत की उपलब्धि दर्शाता है। विशेष रूप से प्रमाणित बीजों पर अनुदान, वैज्ञानिक खेती और निजी नलकूपों को विद्युत आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में 100 प्रतिशत धनराशि का उपयोग सुनिश्चित किया गया है। कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता किसानों की आय में वृद्धि और उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि 'उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम' और 'आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना' जैसी दूरगामी योजनाओं का लाभ धरातल पर पहुंच रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवशेष धनराशि का उपयोग 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रदेश को और अधिक बजट आवंटित हो सके। समीक्षा के दौरान केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर भी चर्चा की गई। कृषोन्नति अम्ब्रेला और आरकेवीवाई अम्ब्रेला के अंतर्गत क्रमशः 75.30 प्रतिशत और 56.02 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। नेशनल क्रॉप इंश्योरेन्स प्रोग्राम में 98.63 प्रतिशत व्यय के साथ किसानों को सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है।

## यूपी में सुर साधना की गूंज, स्थानीय कलाकारों को मिला मंच

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए सुर साधना के तहत यूपी के 22 जिलों में साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अलग-अलग जिलों के धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों पर कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। 156 दिनों में अब तक 374 सांस्कृतिक दलों के लगभग 2200 से ज्यादा कलाकार इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं, जिससे प्रदेश की लोक संस्कृति को नया मंच मिल रहा है। कार्यक्रमों में कई तरह की सांस्कृतिक विधाओं की प्रस्तुतियां दी जाती हैं। कलाकार लोकगायन, भजन-कीर्तन, लोकनृत्य, लोकनाट्य, कठपुतली और जादू जैसी विधाओं का प्रदर्शन करते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पीएस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | PARKING-LKO-RDL-MX-90-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24-03-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | PARKING-LKO-SKN-MX-147-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24-03-2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | PARKING-LKO-AYC-MX-180-26-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25-03-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

856/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अदालती नोटिस**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/ साधारण प्रारूप**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, तहसील सदर, लखनऊ**
**वाद संख्या- 29980/2025**
**अं. धारा- 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006**
**जिला-लखनऊ।**

श्रीमती गीता सिंह आयु लगभग 52 वर्ष पत्नी स्व0 उदय कुमार सिंह निवासिनी-ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर,परगना, तहसील व जिला-लखनऊ-227105.

......वादिनी/प्रार्थिनी

बनाम

1. संग्राम सुपर बिल्डर्स प्रा0 लि0 द्वारा निदेशक संग्राम सिंह पुत्र श्री राम गुमान सिंह नि0-95 कंचनपुर मटियारी, चिनहट-लखनऊ।
2. अखिलेश सिंह पुत्र स्व0 रामनरेश सिंह निवासी-ग्राम-नरेन्दी, मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
3. अरविन्द सिंह पुत्र स्व0 रामनरेश सिंह निवासी- ग्राम- नरेन्दी,मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
4. श्रीमती शिवप्यारी पत्नी स्व0 रामनरेश सिंह निवासी- ग्राम- नरेन्दी,मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
5. रामरती पत्नी स्व0 रामनरायन सिंह निवासी-ग्राम- नरेन्दी,मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
6. केशरूल निशा पत्नी स्व0 महमूद अली निवासी- ग्राम- नरेन्दी,मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
7. रिफा अली पुत्र नुसरत अली निवासी- ग्राम- नरेन्दी,मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
8. राजकुमार सिंह पुत्र श्री राज बक्श सिंह निवासी- ग्राम- नरेन्दी,मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
9. अजय कुमार सिंह पुत्र स्व0 कृष्णपाल सिंह निवासी- ग्राम- नरेन्दी, मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
10. भूपेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व0 कृष्णपाल सिंह निवासी- ग्राम- नरेन्दी,मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
11. शैलेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र पाल सिंह निवासी- ग्राम- नरेन्दी,मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
12. नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री सरेन्द्र पाल सिंह निवासी- ग्राम- नरेन्दी, मजरा-जुग्गौर, लखनऊ।
13. अपूर्व सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह निवासी- ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ, हाल पता- 2/120 विशेष खण्ड, गोमती नगर, जनपद- लखनऊ।
14. नितिन कुमार यादव पुत्र श्री कुंजन सिंह निवासी-हिमसिटी कालोनी,मटियारी चौराहा, देवारोड, लखनऊ।
15. राम कुमार पुत्र श्री दुलारे निवासी-ग्राम- जुग्गौर, लखनऊ।
16. सचिन सिंह पुत्र श्री जयन सिंह निवासी- कंचनपुर मटियारी, लखनऊ।
17. अच्छन अली पुत्र हादी अली निवासी-ग्राम- सुलेमाबाद, पो0-रौजागॉव, तहसील-रूदौली, जनपद-अयोध्या,उ0प्र0।
18. रामकुमार पुत्र श्री मैकूलाल निवासी-मकान नं0-एम0एम0 1/973,विशाल खण्ड, थाना- गोमतीनगर, लखनऊ।
19. धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 धनीराम श्रीवास्तव निवासी-23 जरखड़िया, तहसील वजिला-झांसी, उ0प्र0।
20. राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री आर0एल0 केसर निवासी-मकान नं0-62/63, प्रीति नगर,कमता,चिनहट,लखनऊ।
21. श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार निवासी- मकान नं0-62/63, प्रीति नगर,कमता,चिनहट,लखनऊ।
22. रिफाकत अली पुत्र नुसरत अली निवासी- ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ।
23. मुस्तफा अली पुत्र अतहर अली निवासी- ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ।
24. अजय कुमार सिंह पुत्र स्व0 कृष्णपाल सिंह निवासी- ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ।
25. भूपेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व0 कृष्णपाल सिंह निवासी-ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ।
26. लाल बहादुर सिंह पुत्र स्व0 सुखपाल सिंह निवासी-ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ।
27. सुमेर सिंह पुत्र स्व0 सुखपाल सिंह निवासी- ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ।
28. भगवान बक्श सिंह पुत्र स्व0 सुखपाल सिंह निवासी- ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ।
29. हरिनाम सिंह पुत्र स्व0 सुखपाल सिंह निवासी- ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ।
30. राजू सिंह पुत्र स्व0 सुखपाल सिंह निवासी- ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ।
31. श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी स्व0 सुखपाल सिंह निवासी- ग्राम-नरेंदी मजरा-जुग्गौर लखनऊ।
32. अवधेश कुमार पुत्र शुगर सिंह निवासी-ग्राम- गुलाब पुरा, जनपद-इटावा,उ0प्र0।
33. अशरफरजा खान पुत्र अब्दुल रशीद खान निवास-4ए/81, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
34. अनवर अली व मुस्तफा अली पुत्रगण अतहर अली निवासीगण- ग्राम-नरेंदी मजरा- जुग्गौर लखनऊ।
35. अहमद उल्ला पुत्र स्व0 मोहम्मद फारूक निवासी-पूरे पठान पो0-करौंदी, तहसील- रूदौली, जिला-फैजाबाद, हाल पता-631/12, इस्माईलगंज, लखनऊ।
36. ग्राम सभा-जुग्गौर, द्वारा ग्राम प्रधान,ग्राम- जुग्गौर, परगना, तहसील व जिला-लखनऊ।

.....विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 24/03/2026 के दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्सजाता हूं और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एकपक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 25 फरवरी सन् 2026 को जारी किया गया।

**तारीख पेशी- 24-03-2026**

**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

सी.आर.–2799/ L-CN



**घनश्याम महाविद्यालय**
**भीखपुर, मुँगरा बादशाहपुर, जौनपुर-222202**
सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

**आवश्यकता है**

**प्राचार्य-1** पद, **सहायक आचार्य-बी0ए0**-हिन्दी साहित्य, संस्कृत, अंग्रेजी साहित्य, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, प्रा0 इतिहास, गृह विज्ञान (प्रत्येक एक पद), **बी0काम-** (कुल 02 पद) **बी0एस-सी0-** गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान (प्रत्येक 01 पद), **बी0सी0ए0-** (कुल 3 पद)। योग्यता व वेतनमान यू0सी0सी0 के मानकानुसार आवेदन पत्र स्वयं या डाक द्वारा विज्ञापन के 15 दिन के अंदर महाविद्यालय में पहुंच जाए।

**सम्पर्क सूत्र- 9415757343, 9838398412**

**प्रबन्धक**
**घनश्याम महाविद्यालय**
**भीखपुर, मुँगरा बादशाहपुर, जौनपुर**

सी.आर.–2820/ D



**उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक अवध विहार योजना)**
**पंचम तल, ऑफिस कॉम्पलेक्स से0–9**
**वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ।**
पत्रांक–5100/सं0प्र0अ0वि0यो0/दि0:–26.12.2025

**सर्वसाधारण को सार्वजनिक सूचना**

परिषद की अवध विहार योजना, सुल्तानपुर रोड, (शहीद पथ) लखनऊ के सेक्टर–08 में स्थित सामान्य पंजीकरण के अन्तर्गत जी+3 प्रकार के चार मंजीले दुर्बल आय वर्ग के बसेरा–01 में फ्लैट संख्या 8/B5 S–04 के आवंटी श्री राघवेन्द्र सिंह पुत्र श्री विरेन्द्र पाल सिंह की दिनांक 15.04.2021 को मृत्यु हो जाने की सूचना देते हुये उनकी पत्नी श्रीमती रानी सिंह पत्नी श्री स्व0 राघवेन्द्र सिंह निवासी प्लाट नं0 वाई–12, सन सिटी कालोनी, रेलवे लाईन के पास, नरपत खेडा मानक नगर,, लखनऊ द्वारा सम्बन्धित सम्पत्ति को अपने पक्ष में अन्तरित करने हेतु आवेदन किया गया है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि संदर्भित सम्पत्ति श्रीमती रानी सिंह पत्नी श्री स्व0 राघवेन्द्र सिंह के पक्ष में नामान्तरित करने में किसी को कोई आपत्ति है तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपना आपत्ति पत्र कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्ध, अवध विहार योजना, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, पचंम तल, आफिस काम्पलेक्स, सेक्टर–09, वृन्दावन योजना, लखनऊ में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात दावाकर्ता (Claimant) के पक्ष में नामान्तरण कर दिया जायेगा। जिसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगी।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**

सी.आर.–2826/ L



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से "एकल" निविदायें आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना संख्या:** ई–निविदा–एल–49–25–26; **कार्य का नाम:** वाराणसी मंडल के अंतर्गत पावर कारों में स्थापित कमिंस निर्मित डीए जनरेटर सेटों के डीजल इंजनों एवं अल्टरनेटर के निर्धारित बी एवं सी शेड्यूल अनुरक्षण कार्य हेतु 02 वर्षों की अवधि के लिए वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध।; **अनुमानित लागत:** ₹3,86,35,467.17; **अमानत राशि:** ₹3,43,200/-; **कार्य समापन का समय:** 24 माह; **निविदा समापन की तिथि एवं समय:** 07.04.2026 को 14:30 बजे; **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 07.04.2026 को 14:30 बजे; उपरोक्त ई–निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य**
**मुजाधि/विद्युत–301** **वाराणसी**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**साक्षात्कार हेतु आवेदन**

उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा अनुदानित एवं समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विहान आवासीय बालक / बालिका विद्यालय हेतु वार्डेन, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, कम्प्यूटर, शारिरिक शिक्षा, संगीत, कला शिक्षक/शिक्षिका एवं लेखाकार की आवश्यकता है। विस्तृत विवरण वेवसाईट ***vihansociology lu.in*** पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र (फोटो, पूर्णरूप से भरा हुआ), बायोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित दिनांक 27.03.2026 की सायं 05.00 तक vihanluproject@gmail.com पर ईमेल द्वारा भेजें।

**परियोजना निदेशक**
**आवासीय विद्यालय योजना**

सी.आर.–2825/ L



**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**
**4 – ए, गोखले मार्ग, लखनऊ – 226001**

**सार्वजनिक सूचना**

विद्युत अधिनियम–2003 की धारा 64 के अन्तर्गत, उ0प्र0 सरकार के उपक्रम मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 का ट्रू–अप, वित्तीय वर्ष 2025–26 का ए0पी0आर0 एवं वित्तीय वर्ष 2026–27 की सकल राजस्व आवश्यकता याचिका माननीय उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। उक्त याचिका के मुख्य बिन्दु एवं विवरण दिनांक 10.02.2026 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जा चुके हैं। उक्त के सन्दर्भ में मा0 आयोग द्वारा दिनांक –17.03.2026 (मंगलवार) को पूर्वान्ह 11:00 बजे, स्थान–जी0आई0सी0 ऑडिटोरियम, 51 सिविल लाइन्स, बरेली उ0प्र0–243003 पर जन–सुनवाई का आयोजन सुनिश्चित किया गया है ।

सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ता, जन सामान्य तथा अन्य स्टेक होल्डर्स उक्त जन–सुनवाई में सादर आमंत्रित है। पब्लिक नोटिस तथा अन्य विवरण मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग की वेवसाइट www.uperc.org तथा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की वेबसाइट www.mvvnl.in पर उपलब्ध हैं।

**प्रबन्ध निदेशक**
R-251 Date 10-3-26 **मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**



**कार्यालय ग्राम पंचायत कुर्की कलां विकास खंड मेजा, प्रयागराज**

पत्रांक मेमो/नि./2025-26 दिनांक 14/03/2026

**अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त/15 वा वित्त/ मनरेगा वित्त योजना अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य पर बिल और गुणवत्ता के आधार पर सामाग्री आपूर्ति कार्य स्थल तक निविदा दिनांक 14/03/2026 से 27/03/2026 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दोपहर 11.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित शुल्क 200/ रु0 ग्राम पंचायत कार्यलय कार्यालय में जमा किए जा सकते है।निविदा खुलने कि तिथि दिनांक 28/03/2026 को ग्राम पंचायत कुर्की कलां में 3.00 बजे तक निविदादाताओं के समक्ष अथवा अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी के द्वारा खोला जायेगा। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति सुरक्षित होगा। सामग्री की मात्रा घट बढ़ सकती हैं।सामग्री की मात्रा निम्नानुसार हैं।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | पी.डब्ल्यू.डी.रोड़ से विजयशंकर यादव के चक तक इंटरलॉकिंग एवं पक्की नाली निर्माण कार्य | 9.98 लाख |

**नियम व शर्ते-** (1) उपरोक्त कार्य हेतु निविदा केवल ग्राम पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रमाणित छाया प्रति संलन कर डाला जाएगा। निविदा कार्य के साथ पैनकार्ड की छाया प्रति एवं जीएसटी संबधित व्यापार कर के पंजीयन की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। (2) बिल और गुणवत्ता निविदा फार्म के साथ उपलब्ध कराई जाएगी एवं तद्नुसार निविदा स्वीकार की जाएगी। (3) उपरोक्त निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार बिना किसी कारण बताए अधोहस्ताक्षरी में पूर्णतः निहित है। (4) कार्यालय की सूचना बिल और गुणवत्ता ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त होगी।

**सुनीता देवी** **(ग्राम प्रधान)** **ग्राम पंचायत कुर्की कलां** **विकास खण्ड-मेजा प्रयागराज**

**मो. हामिद** **(ग्राम पंचायत अधिकारी )** **ग्राम पंचायत कुर्की कलां** **विकास खण्ड-मेजा प्रयागराज**



**लखनऊ नगर निगम**
**लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.)**
**ई–मेल : nnlko@up.nic.in वेबसाइट : https://lmc.up.nic.in**

संख्या : 459/मु0अ0/2025–26 दिनांक : 12.03.2026

**अति–अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक 20.03.2026 को मोहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 19.03.2026 तक अपरान्ह 02 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट **lmc.up.nic.in** से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविद प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय, लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियंता नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 20.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लांट एवं ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य GST सहित (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खरिका द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत से0-8 में 8ए/306 से पानी की टंकी तक पेवर द्वारा सड़क का सुधार कार्य। | 841715.00 | 84172.00 | 7 दिवस | 842.00 | 152.00 | 994.00 |
| 2 | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत भागीरथी एन्क्लेव में सुनील के घर से सन्दीप के घर तक नाली व सी.सी. रोड का कार्य। | 839697.00 | 83970.00 | 7 दिवस | 839.00 | 151.00 | 990.00 |
| 3 | खरिका द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृन्दावन से0-8सी में म0सं0-8सी/616 से 8सी/605 तक नाली व सड़क सुधार का कार्य। | 845136.00 | 84514.00 | 7 दिवस | 845.00 | 152.00 | 997.00 |
| 4 | खरिका द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृन्दावन से.-8सी में म. सं.-8सी/606 से 8सी/594 तक नाली व सड़क सुधार का कार्य। | 841597.00 | 84160.00 | 7 दिवस | 841.00 | 151.00 | 992.00 |
| 5 | शारदानगर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत एकतानगर शिवधाम कालोनी में शापिंग काम्पलेक्स के सामने शर्मा जी के घर तक सी.सी. सड़क एवं नाली का कार्य। | 782182.00 | 78218.00 | 7 दिवस | 782.00 | 141.00 | 923.00 |
| 6 | शारदानगर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत एकतानगर शिवधाम कालोनी में विकास के घर के सामने गली में सी.सी. सड़क एवं नाली का कार्य। | 765173.00 | 76517.00 | 7 दिवस | 765.00 | 137.00 | 902.00 |
| 7 | सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन कानपुर रोड पर क्षतिग्रस्त चेम्बर सुधार, आर.सी.सी. पत्थर रखने एवं उच्चीकरण तथा सी.सी. व टाइल्स की मरम्मत का कार्य। | 187063.00 | 18706.00 | 7 दिवस | 188.00 | 34.00 | 222.00 |

**शर्ते :– 01.** निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश सं0 3890/नौ-5-19-149 सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) **02.** शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176 (सा.)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या 692/23-07-2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी.ओ.क्यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम **(Below)** है तो 10 प्रतिशत से आधिक कमी **(Below)** के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम **(Below)** दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिग/**RTGS/NEFT**/डयूली प्लेज्ड **FDR**/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। **03** कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। **04.** 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। **05** किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। **06** 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**



**कार्यालय नगरपालिका परिषद गौरा बरहज, जनपद-देवरिया**

पत्रांक– 3481/2026 न0पा0परि0 (2025–26) दिनांक 13.03.2026

**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना**

इससे सम्बन्धित सभी फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौरा बरहज देवरिया द्वारा "पेयजल हेतु व्यवस्था" योजनान्तर्गत शासन द्वारा स्वीकृत शासनादेश संख्या–696/2026/991/नौ–5–2026/001–com No.–2023518 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11.03.2026 द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से कार्यालय समय एवं दिवस में जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 13.03.2026 03.00 PM |
| 2. | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 13.03.2026 03.30 PM |
| 3. | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 13.03.2026 03.30 PM |
| 4. | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 27.03.2026 03.00 PM |
| 5. | ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 28.03.2026 10.00 AM |

**(निरुपमा प्रताप)** **अधिशासी अधिकारी** **नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज** **देवरिया**

**(श्वेता जायसवाल)** **अध्यक्ष** **नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज** **देवरिया**

# बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार नहर में गिरी कार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के बुलंदशहर स्थित ककोड थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर नोएडा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपती को पीछे से टक्कर मार दी। भिड़ंत में बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद अनियंत्रित कार सीधे पास की गहरी नहर में जा गिरी। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है। कार में सवार लोग कहां गए इसकी अभी जांच की जा रही है। उनके नहर में लापता होने की आशंका के चलते एनडीआरएफ द्वार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। ककोड के गांव सुनपेड़ा निवासी सलीम (40) अपनी पत्नी निशा (38) के साथ कस्बा बैर से घर का सामान खरीदकर मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह अपने गांव की ओर मुड़े, तभी नोएडा की तरफ से आ रही दिल्ली नंबर की एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में सलीम और निशा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें परिजनों ने नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद अनियंत्रित कार सीधे नहर में जा गिरी। सूचना पर सिकंदराबाद एसडीएम दीपक पाल, सीओ भास्कर कुमार मिश्रा और थाना प्रभारी संजय वर्मा मौके पर पहुंचे। कार में कितने लोग सवार थे, इसकी अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया है। गाजियाबाद से एनडीआरएफ के करीब 40 सदस्य और छह नावें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं। सिंचाई विभाग से बात कर नहर का पानी कम कराया जा रहा है जिससे कि तलाश में आसानी हो सके। कार दिल्ली नंबर पर पंजीकृत है और थाना पहासू के गांव कुंवरपुर निवासी सचिन इसे टैक्सी के रूप में चलाता था। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को नहर से बाहर निकाल लिया है, लेकिन कार सवारों का अभी कुछ पता नहीं चला है। पुलिस और गोताखोरों की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही हैं। देर शाम तक मौके पर भारी भीड़ जमा रही। सीओ भास्कर मिश्रा ने बताया कि कार में कितने लोग सवार थे। इसकी अभी जानकारी नहीं मिल सकी है। वे लोग कहां गए, इसका भी अभी कुछ पता नहीं चल सका है। उनके नहर में लापता होने की आशंका के चलते सर्च अभियान चलाया जा रहा है।



## दबंगों ने दुकानदार को पीटा

**स्वतंत्र भारत, गोसाईगंज।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के न्यू हजरतगंज बिल्डिंग के पास चाय बनाने वाले के साथ ही उसके एक अन्य व्यक्ति की भी पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित शुभम की ओर से मिले शिकायती पत्र के आधार पर 7 व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। शिकायत कर्ता के अनुसार गुरुवार की रात को वह अपनी चाय की दुकान था। वहां उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था। उसी समय समीर सिंह चौहान और शिखर सिंह पहुंचे। इन दोनों के साथ 7 अज्ञात लोग भी थे। उन सभी लोगो ने दुकान के पास खड़े होकर सिगरेट पीना शुरू कर दिया। शुभम ने सिगरेट पीने से मना किया तो सभी दबंगो ने चाय वाले के साथ ही उसके साथ वाले व्यक्ति पर भी लाठी डण्डों और ईंटों से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित होने लगे।भीड़ इकट्ठी होते देखकर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# सौतेली मां पर मासूम बेटे को पीट पीटकर मार डालने का आरोप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के चौक इलाके में एक चार वर्षीय मासूम बच्चे को उसकी सौतेली मां पर पीटकर मार डालने का आरोप मृतक की मौसी ने लगाया है। मौसी का कहना है कि जब मैं और मेरी मां (बच्चे की नानी) जब भी उससे मिलने जाते थे, तो उसके शरीर पर नई चोट के निशान दिखते थे। इस बार तो उसे बाथरूम में ही पीटकर मार डाला।' बताया जा रहा है कि बच्चे के शरीर पर कई जगह चोट और पिटाई के निशान मिले है। ननिहाल वालों ने उसके पिता और सौतेली मां पर टॉर्चर कर हत्या करने का आरोप लगाया। चौक पुलिस को इसके लिए लिखित शिकायत दी है। मृतक की नानी सुधा के अनुसार, चौक के लाजपतनगर में भीष्म खरबंदा रहते हैं। करीब 5 साल पहले उनकी उन्नाव शुक्लागंज के सहजनगर की स्वाति कश्यप से शादी हुई। दोनों के एक लड़का हुआ। लड़के के पैदा होने के कुछ ही महीने बाद स्वाति की मौत हो गई। हालांकि, मायके वालों का आरोप है कि भीष्म ने स्वाति को प्रताड़ित कर मार डाला था। स्वाति के बाद भीष्म ने रागिनी से दूसरी शादी कर ली। रागिनी से भी दो बच्चे हो गए हैं। दूसरी शादी के बाद से ही भीष्म ने अपने पहले बेटे अर्नव को मारना-पीटना शुरू कर दिया। पिता और सौतेली मां ने बच्चे को पीटना शुरू किया और उसकी हत्या कर दी। भीष्म पेशे से वकील हैं। इसके अलावा केजीएमयू के सामने फोटोस्टेट की दुकान भी है। बच्चे की मौसी काजल कश्यप ने बताया कि स्वाति की मौत के बाद उनका भांजा अर्नव उर्फ गुग्गू ननिहाल में ही रह रहा था। बहन की मौत के बाद भांजे को प्रताड़ित होने के डर से हम अपने साथ ही रखते थे। 3 साल तक ननिहाल में ही रहा। भीष्म ने वकील होने के चलते कोर्ट से यह आदेश कराने में सफल रहा कि अर्नव को अपने घर ले जाए। उसके बाद वह घर ले आया। काजल ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 4 बजे भीष्म की पत्नी रागिनी ने फोन कर सूचना दी कि अर्नव के दस्त और उल्टी हो रही थी और वह बाथरूम में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर ननिहाल पक्ष मौके पर पहुंचा। वहां पहुंचकर देखा कि अर्नव के माथे, बाईं कनपटी, सीने, हाथ और कॉलर के पास पिटाई के निशान हैं। इस वजह से करंट लगाकर हत्या की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बच्चे की नानी सुधा कश्यप ने भीष्म और उसकी दूसरी पत्नी रागिनी पर हत्या का आरोप लगाते हुए चौक थाने में लिखित शिकायत दी है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बच्चे के मामा रोहित ने बताया कि अर्नव के जन्म के छह महीने बाद ही उसकी मां स्वाति की मौत हो गई थी। इसके बाद से बच्चा ननिहाल में ही रह रहा था। पत्नी की मौत के करीब एक साल के अंदर ही भीष्म ने दूसरी शादी रागिनी से कर ली थी। रागिनी से उसके दो बच्चे हैं।



मृतक की फाइल फोटो

## खबर एक नजर

### बुलेट गाड़ी चोरी करने वाला छात्र गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी मड़ियांव पुलिस ने चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी हुई रॉयल एनफील्ड क्लासिक-350 बाइक बरामद की है। अन्य घटनाओं की जानकारी जुटाई जा रही है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि 23 फरवरी को जानकीपुरम सेक्टर-ए निवासी शुभम कुमार वर्मा की बुलेट रंग लैगून ब्लू) चोरी हो गई थी। इस संबंध में मड़ियांव थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बुलेट लेकर सीतापुर रोड स्थित मड़ियांव पुल के नीचे खड़ा है और किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके से युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान अधरखेड़ा गुडंबा निवासी आदर्श मिश्रा (23) पुत्र जगतनारायण मिश्रा के रूप में हुई। आरोपी आदर्श मूल रूप से बड़ा चांदगंज महानगर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की रॉयल एनफील्ड बाइक बरामद कर ली। बाइक के संबंध में पहले से मुकदमा दर्ज होना पाया गया। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थानों से जुटा रही है। पूछताछ में आरोपी ने शौक पूरे करने के लिए चोरी करने की बात कबूल की।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, गौरव विहार कॉलोनी निवासी सुदर्शन लाल ने शुक्रवार शाम करीब 4 बजे पुलिस को सूचना दी कि उनके 26 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार ने घर में फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही चिनहट थाना पुलिस उप निरीक्षक तेज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से युवक को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय सुनील कुमार के रूप में हुई है। वह मूल रूप से सीतापुर जनपद के मिरकापुर गांव का रहने वाला था और वर्तमान में अपने परिवार के साथ चिनहट स्थित गौरव विहार कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### मेड ने सोने के जेवर चुराए काम पर आना किया बंद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के आशियाना इलाके में मेड पर जेवर चोरी करने का आरोप लगा है। परिवार ने शक होने पर पुलिस बुलाई। इस पर मेड ने चोरी कबूल करते हुए सामान लौटाने की बात कही। सेक्टर-एन आशियाना निवासी रत्नेश शर्मा ने बताया कि उनके घर में सेक्टर एम रिक्शा कॉलोनी निवासी लक्ष्मी भारती पत्नी नरेश भारती पिछ्ले करीब 11 महीनों से साफ-सफाई और बर्तन धोने का काम कर रही थी। दिसंबर में उसने उनकी मां का करीब 7.5 ग्राम सोने का कंगन चोरी कर लिया। उस समय किसी को जानकारी नहीं हुई। रत्नेश ने बताया कि 28 फरवरी को उनकी छोटी बहन ससुराल जाने के लिए तैयार हो रही थी। तभी उसके जेवर गायब मिले। इसमें दो जोड़ी कान के टॉप्स और एक अंगूठी शामिल थी। जिनका कुल वजन करीब 29 ग्राम था। घर में काफी तलाश की गई लेकिन सामान नहीं मिला। उसी दिन लक्ष्मी काम पर नहीं आई। फोन करने पर उसने तबीयत खराब होने और घर पर होने की बात कही। इस दौरान पता चला कि वह घर के पीछे किसी अन्य मकान में काम कर रही है। शक होने पर परिवार के लोग वहां पहुंचे तो वह भागने लगी। इस पर कॉल कर पुलिस बुलाई गई। परिवार का आरोप है कि पुलिस के आने के बाद लक्ष्मी ने उनकी मां के जेवर चोरी करने की बात स्वीकार की और सामान लौटाने की बात कही। पीड़ित परिवार ने आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। मामले में इंस्पेक्टर आशियाना का कहना है जांच की जा रही है।

### प्रतिबंधित मांझे का निर्माण बिक्री व इस्तेमाल न करें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश में चीनी और सिंथेटिक शीशा चढ़े नायलॉन मांझे से हो रही मौतों और हादसों को देखते हुए एडीजी कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश ने निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के सख्त निर्देश देते हुए लागू करने को कहा है। उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में चीनी व शीशा चढ़े नायलॉन मांझे से कई लोगों ने जानें गंवा चुके हैं और इसकी चपेट में आने से लोगों के घायल होने के साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी यह मांझा घातक है। इसके उत्पादन व प्रयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक (एलओ) ने प्रदेश के सभी पुलिस अफसरों को निर्देश जारी किए। जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि मांझे का निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल पूरी तरह बंद होना चाहिए। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह इस मांझे का न निर्माण करें और न ही बिक्री करें। उन्होंने हाईकोर्ट और एनजीटी प्रदेश में चीनी मांझे पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। शासन के निर्देश में स्पस्ट आदेश है कि मांझे से किसी की मौत होती है तो इसका प्रयोग करने वाले पर हत्या का केस दर्ज होगा।

# भर्ती बोर्ड ने प्रश्नपत्रों के प्रसार को किया प्रतिबंधित

## मिलने लगा अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, परीक्षा आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने हाल ही में सोशल मीडिया पर महत्वपूर्ण चेतावनी जारी की है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आगामी यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा और प्रोन्नतिबोर्ड की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों या उनके किसी भी कंटेंट पर चर्चा, विश्लेषण या प्रसार करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस चेतावनी का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखना और अनुचित साधनों के उपयोग को रोकना है। यूपी पुलिस ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग न करें और न ही प्रश्नपत्र या उत्तरों को किसी भी प्लेटफॉर्म पर साझा करें। बोर्ड ने यह भी चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की चर्चा, विश्लेषण या परीक्षा सामग्री की लीक से परीक्षा की विश्वसनीयता और उम्मीदवारों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने अभ्यर्थियों को यह निर्देश दिया है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट या बोर्ड द्वारा जारी नोटिस के माध्यम से ही किसी जानकारी का पालन करें। सोशल मीडिया या व्हाट्सएप ग्रुप्स में फैल रही अफवाहों पर विश्वास न करें। इस कदम का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखना है। उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने यह स्पष्ट किया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधन या सोशल मीडिया पर प्रश्नपत्र लीक करने पर संबंधित उम्मीदवार को तुरंत अयोग्य घोषित किया जा सकता है। साथ ही, वैधानिक कार्रवाई के तहत भारी जुर्माना या जेल की सजा भी दी जा सकती है। उत्तर प्रदेश पुलिस और भर्ती बोर्ड ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे इस चेतावनी को गंभीरता से लें और परीक्षा नियमों का पालन करें। इससे न केवल उनके भविष्य की सुरक्षा होगी बल्कि परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष और सुरक्षित बनी रहेगी।

### बिना एडमिट कार्ड के अभ्यर्थी नही पा सकेंगे प्रवेश

उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती 2026 के लिए एडमिट कार्ड अब उपलब्ध हो गए हैं। उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। यह कार्ड परीक्षा में प्रवेश के लिए अनिवार्य है, और बिना इसके कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं ले पाएगा। एडमिट कार्ड में उम्मीदवार का नाम, रोल नंबर, परीक्षा केंद्र और समय जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दर्ज होती है। यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने पहले ही एग्जाम सिटी इंटीमेशन जारी कर दी थी, जिससे अभ्यर्थियों को परीक्षा शहर और तारीख की जानकारी मिल चुकी थी। अब एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवार को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्म तिथि डालकर लॉगिन करना होगा।

**परीक्षा आज व कल**

यूपी पुलिस सब इंस्पेक्टर की लिखित परीक्षा 14 और 15 मार्च 2026 को आयोजित होगी। यह परीक्षा राज्य के 75 जिलों में निर्धारित केंद्रों पर दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इस भर्ती में कुल 4543 पद भरे जाएंगे और लगभग 15.7 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बीएससी छात्रा की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मड़ियांव थानाक्षेत्र में सड़क हादसे में बीएससी छात्रा की मौत हो गई। छात्रा बाजार से घर लौट रही थी तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय छात्रा ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र स्थित न्यू आजाद नगर निवासी खुशी शुक्ला (21) अपनी छोटी बहन रुचि के साथ मड़ियांव के आईआईएम रोड स्थित यादव चौराहा के पास ननिहाल में रहती थी।

खुशी प्राइवेट कॉलेज में बीएससी सेकेंड सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही थी। मामा अनमोल अवस्थी ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 5 बजे खुशी स्कूटी से बाजार शॉपिंग करने गई थी। लौटते समय आईआईएम रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से छात्रा गंभीर रुप से घायल हो गई। इसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल से परिजनों को सूचना दी और ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खुशी की मां आरती की चार साल पहले मौत हो चुकी है, पिता कानपुर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि परिजनों ने कोई शिकायत नहीं की है। शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृतका की फाइल फोटो

# सड़क हादसों में एक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में हाल ही में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इन हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पहला मामला 2 मार्च 2026 का है। उन्नाव जिले के पुरवा तहसील के ग्राम रावसिया निवासी वेदपाल, जो सरोजनीनगर के बेहसा में रहते थे और वरुण सिक्योरिटी में गार्ड थे, ड्यूटी खत्म कर अपने कमरे लौट रहे थे। सुबह करीब 6:30 से 7:30 बजे के बीच अमौसी मेट्रो स्टेशन के नीचे एक अज्ञात कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी।

इस हादसे में वेदपाल के सिर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां से नाजुक हालत के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वेदपाल के बेटे अमित कुमार ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दूसरा हादसा 5 मार्च की रात करीब 10 बजे हुआ।

सरोजनीनगर के गंगानगर, अमौसी निवासी उषा देवी के अनुसार, उनकी बेटी चंचल कुमारी और बेटा नमन कुमार बाइक से घर लौट रहे थे। चौहान पुरम के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक ने लापरवाही से उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर मारने वाली बाइक पर तीन लोग सवार थे। इस घटना में चंचल और नमन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए दोनों को गोमतीनगर स्थित सेंट जोसेफ अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने ऊषा देवी की शिकायत पर भी मामला दर्ज कर लिया है।

# महिला टीचर की कार से कुचलकर बच्चे की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** महिला टीचर की कार से कुचलकर एक 8 साल के बच्चे की मौत हो गई। कार की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि टक्कर लगने के बाद बच्चा करीब 30 मीटर तक घिसटता चला गया। इस घटना से लोग भड़क उठे। स्थानीय लोगों ने किसी तरह कार को रुकवाया और घायल बच्चे को तुरंत अस्पताल भिजवाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद लोगों ने कार में बैठीं तीन महिला टीचर्स को घेर लिया। उन्हें करीब 30 मिनट तक बंधक बनाकर रखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझाकर शांत कराया। कहा, आरोपी टीचर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। तब लोग माने। पुलिस तीनों महिला टीचर्स को अपने साथ थाने ले गई। यह घटना मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के इमलियाखेड़ा खेड़ा गांव की है। मृतक की शिनाख्त अर्जुन पुत्र टिंकल के रूप में हुई। वह शनिवार शाम करीब 4:30 बजे सड़क के किनारे चल रहे भंडारे में प्रसाद खाने गया था। तभी ये हादसा हुआ। सड़क किनारे खड़ा था बच्चा प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, अर्जुन सड़क के किनारे खड़ा था। तभी तेज रफ्तार में आई वैगनआर कार ने उसे कुचल दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना देख मौके पर ग्रामीण जुट गए। लोगों ने कार चला रही महिला टीचर को पकड़ लिया। कार में 2 अन्य महिला टीचर भी सवार थीं। लोगों ने उन्हें भी घेरकर रोक लिया। रायबरेली से लौट रही थीं तीनों महिला टीचर पुलिस ने बताया, तीनों महिला टीचर को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले जाया गया। पूछताछ में पता चला कि तीनों टीचर रायबरेली के स्कूल में पढ़ाती हैं। लखनऊ से कार से तीनों एक साथ स्कूल आती-जाती हैं। शनिवार शाम भी तीनों स्कूल से लौट रही थीं, इसी दौरान हादसा हो गया। तेलीबाग की रहने वाली है महिला टीचर पुलिस ने बताया, कार रेनू संजीव कुमार पुत्री राममूर्ति चला रही थीं। वह लखनऊ में तेलीबाग के गांधीनगर नियर जीएस पब्लिक स्कूल की रहने वाली हैं। कार को कब्जे में ले लिया है। बच्चे के परिजन सीएचसी मोहनलालगंज में हैं। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया, परिजनों से शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

3 भाई-बहन में सबसे छोटा था अर्जुन मृतक अर्जुन के पिता टिंकल मजदूरी करते हैं। अर्जुन 3 भाई-बहन में सबसे छोटा था। उससे बड़ा भाई करन और बहन पल्लवी है। मां कमलेश का रो-रोकर बुरा हाल है। अर्जुन के शव को सीएचसी मोहनलालगंज ले जाया गया। वहां परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मां कमलेश पुलिसकर्मियों को पकड़ चीखने-चिल्लाने लगीं। इमलियाखेड़ा खेड़ा गांव निवासी सूरज, अर्जुन के रिश्ते में बाबा लगते हैं। उन्होंने बताया- अर्जुन स्कूल से आया था। स्कूल से आने के बाद भंडारा खाने गया था।

मऊरावां की तरफ से कार तेज रफ्तार में चली आ रही थी। कार ने बच्चे को रौंद दिया। बच्चे के सिर में चोट आई। पसली टूट गई। मुंह से बहुत ज्यादा खून निकला।



# रासलीला मंच से एसीपी ने दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

**स्वतंत्र भारत निगोहां।** निगोहां के बाजपेई खेड़ा गांव में रासलीला के सात दिवसीय दिव्य और आनंदमय आयोजन के छठे दिन श्रीकृष्ण और बलदाऊ द्वारा मथुरा महोत्सव में धनुषभंग के साथ हीं कंस वध कर अन्य अत्याचारियों का वध किया गया, कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण की अन्य लीलाओं का भी सजीव मंचन हुआ। रासलीला का शुभारंभ एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय व ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। यह रासलीला मथुरा,वृंदावन के कलाकारों और रसाचार्य भावेश कृष्ण भारद्वाज के सानिध्य में हो रही है, जिसमें कंस वध का दृश्य देख दर्शक भाव-विभोर होकर जयघोष करने लगे। इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद भक्तों को विन्ध्येश्वरी परिवार द्वारा प्रसाद वितरित किए गया।वहीं कार्यक्रम में मौजूद एसीपी मोहनलालगंज विकास कुमार पांडे ने नारी सशक्तिकरण के संबंध में बहुत ही प्रेरणादायक संदेश दिया। एसीपी ने कहा, 'महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की हिंसा या भेदभाव के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। हमें अपने समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। 'उन्होंने आगे कहा, 'महिलाएं किसी से कम नहीं हैं, वे हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। हमें उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए और उनके अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।'

एसीपी ने महिलाओं को सलाह दी कि वे अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए मेहनत करें और कभी हार न मानें। उन्होंने कहा, 'आप अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं, बस आपको अपने ऊपर विश्वास रखना होगा। 'कार्यक्रम में विन्ध्येश्वरी परिवार के मुखिया उमाशंकर शुक्ल, थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी, रवि शुक्ल, सोनू विन्ध्येश्वरी, विंध्येश शुक्ल, भाजपा नेता अभिषेक शुक्ल 'विन्ध्येश्वरी ', समाजसेवी करन शुक्ला, देवांश शुक्ल 'पंडित' सहित हजारों भक्त मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल

**स्वतंत्र भारत, नगराम।** नगराम क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर उस समय देखने को मिला, जब 24 फरवरी की शाम शारदा नहर पुल के पास तेज गति से आ रही कार ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलाल गंज भेजा गया जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर टू रेफर कर दिया था । घायल भाइयों के पिता द्वारा गुरुवार के दिन दी गई तहरीर पर नगराम पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नगराम थाना क्षेत्र के टिकरा जुगराज गांव निवासी विन्देश्वर ने नगराम थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते 24 फरवरी की शाम करीब 8 बजे उनके बेटे अजीत कुमार और सतीश कुमार मोटरसाइकिल संख्या यूपी-32 पीएच-9669 से किसी निमंत्रण में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान नगराम करोरा मार्ग पर शारदा नहर पुल के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार संख्या यूपी-32 सी के-9162 के चालक आयुष वर्मा (निवासी जवाहर सिंह का पुरवा) ने ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे में अजीत कुमार की सीने की चार पसलियां और कंधे की हड्डी टूट गई, जबकि सतीश कुमार के पैर में फ्रैक्चर के साथ जबड़े और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इतना ही नहीं, सतीश की आंख में भी गंभीर चोट लगने से उसकी रोशनी प्रभावित हो गई है। फिलहाल उसका उपचार मानसरोवर नेत्र अस्पताल में चल रहा है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि गुरुवार के दिन घायल के पिता द्वारा दी गई तहरीर पर कार चालक आयुष वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मृतक होमगार्ड के परिजनों को आर्थिक सहायता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गोण्डा जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मृतक होमगार्ड स्वर्गीय जगजीवन राम यादव के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहायता एक्सिस बैंक द्वारा संचालित सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत मृत्यु उपरांत नॉमिनी परिजन को दी गई। कार्यक्रम में बैंक की ओर से स्वर्गीय जगजीवन राम यादव के नामित परिजन को 30 लाख रुपये की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। डीएम ने बताया कि अवसर पर कहा कि होमगार्ड जवान समाज और प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपदा प्रबंधन और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में हमेशा तत्पर रहते हैं। ऐसे में उनके आकस्मिक निधन की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक संबल मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एक्सिस बैंक द्वारा दी गई इस सहायता को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे परिवार को कठिन समय में सहारा मिलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना था, बल्कि यह संदेश देना भी था कि प्रशासन और संस्थाएं अपने कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ी हैं। कार्यक्रम में परिजनों ने प्रशासन और बैंक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कमांडेंट होमगार्ड शिवेंद्र प्रताप सिंह, एक्सिस बैंक के क्लस्टर हेड, ब्रांच हेड तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पेट्रोलियम अफसरों के हत्यारे गिरफ्तार मुठभेड़ में सिपाही घायल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बदायूं के मूसाझाग थाना क्षेत्र में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) प्लांट में दो अधिकारियों की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी, जबकि जवाबी कार्रवाई में एक सिपाही भी घायल हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

12 मार्च को दोपहर के समय हुई थी, जब ग्राम सैजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट में अजय प्रताप सिंह ने प्लांट प्रबंधक सुधीर गुप्ता (58) और उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा (34) को गोली मार दी थी। दोनों गंभीर रूप से घायल अधिकारियों को तत्काल सीएचसी दातागंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। इस घटना के बाद प्लांट कर्मचारी जीशान अंसारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह एचपीसीएल प्लांट में वेंडर के रूप में काम करता था। प्रबंधक सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा द्वारा उसे नौकरी से निकाले जाने और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने से वह रंजिश रखता था। रंजिश के चलते उसने दो तमंचे लेकर प्लांट में घुसकर दोनों अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या में प्रयुक्त तमंचे उसने ग्राम मुडसैना के जंगल में छिपा दिए थे।

बरामदगी और आगे की कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। घायल सिपाही और आरोपी दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।पुलिस के अनुसार, आरोपी अजय प्रताप सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हजरतपुर थाने में धारा 447 भादवि तथा मूसाझाग थाने में अन्य धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे शामिल हैं। यह घटना उसके पूर्व के आपराधिक कृत्यों की ओर भी इशारा करती है।

थाना प्रभारी अजय कुमार और हल्का प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार को निलंबित किया गया है इंस्पेक्टर वीरेंद्र तोमर को नया प्रभारी बनाया गया है आरोपी से पूछताछ के आधार पर आलाकत्ल बरामद कराने के प्रयास किये जा रहे है साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी के पास हथियार कहां से आया।

**बृजेश सिंह**
**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**

# देवर-भाभी व बच्ची के शव खेत में मिले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा कोतवाली क्षेत्र स्थित नेहरूपुर इंड्रिस्ट्रियल एरिया के पास खेत में तीन शव मिले । इसमें एक महिला का शव फांसी पर लटका हुआ था जबकि, बच्ची और युवक का शव जमीन पर पड़ा हुआ था। पुलिस ने तीनों शव की शिनाख्त देवर भाभी और भतीजी के रूप में की है। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि मृत युवक का नाम सरल सरकार (32) है। भाभी देवी सरकार (30) और उसकी बच्ची सांवती सरकार (08) के रूप में हुई हैं। ये सभी पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जनपद स्थित पूर्वा मल्लापुरा गांव के निवासी थे। देवी सरकार अपने पति अपेश्वर के साथ खुर्जा स्थित पॉटरी फैक्ट्री में मजदूरी करती थी। प्रारंभिक जानकारी मिली है कि देवी सरकार का अपने पति अपेश्वर सरकार से 11 मार्च को वाद-विवाद हुआ था। इसके बाद वह अपने देवर सरल को फोन कर उसके पास चली गई थी। संज्ञान में यह बात भी आई है कि देवर भाभी के बीच अक्सर देर-देर तक फोन पर बातचीत होती थी। विवाद के दिन भी 28 मिनट दोनों में बातचीत हुई थी। उसके बाद से तीनों साथ में थे। महिला के पति को हिरासत में ले लिया गया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को संघर्ष के कोई साक्ष्य नही मिले हैं। वहां तीसरे अन्य व्यक्ति के भी मौजूदगी के निशान भी नहीं मिले हैं महिला के गले में चेन और युवक के जेब से सात हजार रुपये मिले हैं।

# ट्रक-टैंकर की भिड़ंत में चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के श्रावस्ती में शुक्रवार की सुबह डीजल टैंकर में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गंभीर रूप से घायल टैंकर चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। हादसा इकौना क्षेत्र के बौद्ध परिपथ पर हुआ।बताया गया कि लखीमपुर खीरी के ऊचौलिया थाना क्षेत्र के सोनऊआ निवासी अर्जेंट कुमार सिंह (45) टैंकर चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। सुबह वह टैंकर लेकर बलरामपुर जा रहे थे। भगवानपुर बनकट के पास सामने से आ रहे ट्रक ने टैंकर में टक्कर मार दी। ट्रक परचून का सामान लेकर मुरादाबाद से मानकपुर जा रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए।टैंकर चला रहे अर्जेंट टैंकर के केबिन में फंस गए। वहीं, ट्रक चालक मौके से भाग गया। राहगीरों की सूचना पर आई इकौना पुलिस ने जेसीबी की मदद से टैंकर का केबिन काटकर अर्जेंट को बाहर निकाला। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इकौना पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने अर्जेंट कुमार सिंह को मृत घोषित कर दिया।ट्रक व टैंकर की टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों के केबिन में आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि गनीमत रही कि टैंकर में डीजल नहीं था। अगर, डीजल होता को केबिन में लगी आग से भीषण धमाका हो सकता था।थाना प्रभारी परमानंद तिवारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है। हादसे की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# लंदन से आए न्यायिक सदस्यों व बैरिस्टरों ने यूपीएसआईएफएस का किया भ्रमण

## यूपीएसआईएफएस मुख्यमंत्री के दूरदर्शिता का परिणाम : डॉ जी.के गोस्वामी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज लंदन से आए न्यायिक सदस्यों एवं पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने संस्थान का परिभ्रमण किया। संस्थान में परिभ्रमण पर आए सदस्यों को संस्थापक निदेशक डॉ जी.के गोस्वामी, आईजी राजीव मल्होत्रा एवं डीआईजी हेमराज मीणा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया। उल्लेखनीय है कि प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ बैरिस्टर बलदीप सिंह, पीटर क्लार्क, डेविड जोस्से केसी, देवेंद्र धालीवाल,डॉ सतविंदर एस जूसे, तलवीर सिंह केसी, हरजोत सिंह,ईरविंदर बक्शी, इकबाल दीप सिंह, शरणदीप सहोता, रूठ+ में बारबर, महिला प्रकरण के बैरिस्टर गेराल्डिन मोर, या दानकवा एमपाडु, सखे, ग्रेगरी वेज, संजय तुरा, रुपिंदर कौर मथारू, अरुणा वर्मा, जस्टिन वांग, मनदीप सिंह खटकड़, लवजोत सिंह, लखबीर सिंह, अनहद सिंह, गुरु मनजोत सिंह तिवाना, ज्योति कौर, अमनदीप सिंह सिद्धू, जयवीन सिंह मल्ही, देवजोत सिंह, हरमन सिंह, चरण संधू, रोसिये कौर, पुनीत चीमा, हर सिमरन गुलाटी, दिलप्रीत सलूजा, जज राज सिंह भदेसर, जज मनप्रीत, ईशपाल सिंह, जज जिंदर सिंह, जज रवि सैंडिल तथा जज सुखी गिल ने फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट में स्थापित विश्व स्तरीय डीएनए लैब तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ड्रोन लैब का विजिट भी किया। फॉरेन डेलिगेट्स ने लैब में स्थापित विभिन्न प्रकार के सभी महत्वपूर्ण उपकरणों एवं उनके के बारे में जाना। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के गोस्वामी ने परिभ्रमण पर आए हुए बैरिस्टर तथा न्यायिक सदस्यों को संबोधित करते हुए यूपीएसआईएफएस में चल रहे शैक्षणिक सत्र एवं प्रचलित कोर्सों के बारे में विस्तृत रूप से परिचय कराया। उन्होंने कहा कि यूपीएसआईएफएस मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शिता का परिणाम है। यह संस्थान भारत का दूसरा संस्थान है जो फॉरेंसिक विषयों पर तकनीकी एवं फॉरेंसिक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर है। डॉ गोस्वामी ने कहा कि आज के दौर में अनसुलझे अपराधों की रहस्यों को खोलने में फॉरेंसिक की भूमिका अति महत्वपूर्ण हैद्य फॉरेंसिक विषय से संबंधित साक्ष्य अपराधियों को सजा के द्वार तक पहुंचाते हैं। इस अवसर पर डीआईजी हेमराज मीणा ने संस्थान परिभ्रमण पर लंदन से आए प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का आभार व्यक्त किया । प्रतिनिधि मंडल के कोऑर्डिनेटर बैरिस्टर हरजोत सिंह ने संस्था प्रमुख डॉ जी के गोस्वामी सहित यूपीएसआईएफएस परिवार का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रदेश के उच्च न्यायालय के कई अधिवक्तागणों सहित अपर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र श्रीवास्तव, चिरंजीव मुखर्जी, अतुल यादव, विवेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी सहित फैकेल्टी डॉ श्रुति दास गुप्ता , डॉ मनीष राय, डॉ पलक अनेजा, शैलेंद्र सिंह, अमर सिंह, बृजेश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे ।

# वाहन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गोरखपुर के बांसगांव थाना क्षेत्र के करहल गांव में शुक्रवार को सड़क हादसे में 14 वर्षीय किशोर आयुष साहनी की मौत हो गई। किशोर गैस सिलिंडर लेने के लिए एजेंसी गया था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।करहल गांव निवासी आयुष साहनी पिछले तीन दिनों से गैस सिलिंडर लेने के लिए सुदामा गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहा था। मृतक के बाबा चौथी साहनी ने बताया कि बुधवार को गैस सिलिंडर की गाड़ी आई थी लेकिन आयुष को सिलिंडर नहीं मिल सका। गुरुवार को गैस की गाड़ी नहीं आई। शुक्रवार को गाड़ी आने पर आयुष फिर सिलिंडर लेने के लिए एजेंसी पहुंचा था। बताया जा रहा है कि एजेंसी पर ओटीपी की जांच की जा रही थी। आयुष अपना मोबाइल घर पर भूल गया था, जिसे लेने के लिए वह निकला। इसी दौरान एजेंसी से कुछ दूरी पर वह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे बांसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर थानाप्रभारी जितेंद्र सिंह पहुंचे और छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। चौथी साहनी ने बताया कि आयुष के पिता बिहारी साहनी बंगलूरू में काम करते हैं। परिवार में मां सीमा और छोटा भाई पीयूष है। आयुष की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है आयुष एक निजी कॉलेज में छवीं का छात्र था। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन के बारे में जानकारी की जा रही है।

# कार्यालय जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर।

पत्रांक :- 2280/ जि0पं0अम्बे0/ ई-निविदा/ 15वां वि0आ0/पं0रा0वि0आ0/2025-26 दिनाँक-11/3/26

## अल्पकालिक निविदा सूचना

सरकारी गजट उ0प्र0 सरकार पंचायती राज अनुभाग-2, संख्या-1425/33-2-2020-80जी-2000 लखनऊ 14 जुलाई, 2020 के अनुपालन में जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर के निर्माण कार्यों हेतु प्रकाशित निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु अन्य जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, पी0डब्लू0डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों को भी सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत अम्बेडकरनगर की वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग (टाइड मद) योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के शासनादेश संख्या-06/2018/256/78-2-2018-42 आई0टी0/2017 टी0सी0 दिनांक 24 अप्रैल 2018 के अनुपालन में ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की जानी है। निविदा की बिक्री प्रकाशन की तिथि से दिनांक 28.03.2026 को समय 11.00 बजे पूर्वाह्न तक कार्यालय जिला पंचायत अम्बेडकरनगर में की जायेगी तथा दिनांक 28.03.2026 को समय 12.00 बजे से 01.00 बजे तक सील बन्द निविदा टेंडर बाक्स में डाली जायेगी एवं उसी दिन समय 1.30 बजे अपराह्न उपस्थित टेण्डरदाताओं के समक्ष टेण्डर समिति द्वारा टेण्डर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। टेण्डर सम्बन्धित किसी भी जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

*कार्यों का विवरण निम्नवत् हैः-*

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | कार्य का प्रकार | प्राक्कलित धनराशि बिना जी0एस0टी0 (रू0 में) | प्राक्कलित धनराशि जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | धरोहर धनराशि 2% (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | **पंचम राज्य वित्त आयोग वर्ष 2025-26** | | | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत पहितीपुर में मंशापुर रोड से निर्मित जिला पंचायत सड़क से आगे अस्पताल तक। | कटेहरी | लेपन | 431198 | 508814 | 8624 | 1180 | 02 माह |
| 2 | ग्राम सभा कहरा सुलेमपुर में काली चौरा से अम्बेडकर मूर्ति तक। | अकबरपुर | लेपन | 277239 | 327142 | 5545 | 590 | 02 माह |
| 3 | ग्राम सभा करमपुर नरहरिया में उसरा से करमपुर अवध प्रताप सिंह के घर की तरफ। | कटेहरी | सोलिंग | 363210 | 428587 | 7264 | 590 | 02 माह |
| | **15वां वित्त आयोग (टाइड) वर्ष 2025-26** | | | | | | | |
| 4 | ग्राम सभा भरहा में चन्द्रपाल के खेत से तालाब तक अवशेष नाली। | टाण्डा | नाली | 846610 | 998999 | 16932 | 1180 | 02 माह |

**शर्तें एवं जानकारी :-**

1- निविदा की स्वीकृति के पश्चात ही अन्य निविदादाताओं की धरोहर धनराशि वापस की जायेगी।

2- निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के कार्यालय से निर्धारित मूल्य पर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 28.03.2026 को समय 11.00 बजे तक नगद देय से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट www.ambedkarnagar.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है और निविदा प्रपत्र लागत का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के पक्ष में देय होगा, आवश्यक रूप में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं जिला पंचायत कार्यालय से उपलब्ध प्रपत्र में कोई अन्तर होने पर अपर मुख्य अधिकारी कार्यालय का प्रपत्र मान्य होगा।

3- निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। धरोहर धनराशि शिड्यूल बैंक की एफ0डी0आर0/डाकघर बचत खाता (एन0एस0सी0) के रूप में होनी चाहिए जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के पदनाम से बन्धक होगा।

4- निविदा से सम्बन्धित विवरण निविदा डालने हेतु योग्यता एवं पात्रता, ड्राइंग, विशिष्टियों मात्राओं का विवरण एवं ठेके की अन्य शर्तें जिनका पालन ठेकेदार को किया जाना है, के सम्बन्ध में जानकारी निविदा प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10.00 बजे से 5.00 सायं तक की जा सकती है। निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 25.03.2026 का पूर्वाह्न 11.00 बजे तक देखा जा सकता है।

5- कोई निविदादाता जिसका अपराधिक रिकार्ड है निविदा में भाग लेने से प्रतिबन्धित होगा।

6- एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार समक्ष प्राधिकारी में निहित होगा।

7- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य स्थल एवं कार्य पर लगने वाले श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में कराना अनिवार्य होगा।

8- सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।

9- निविदा स्वीकृत होने की दशा में जी0एस0टी0 की धनराशि को छोड़कर तत्काल स्टाम्प व जमानत धनराशि जमा कर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में यदि किसी परिस्थितियों में निविदा अस्वीकृत/निरस्त की जाती है, तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व निविदादाता का होगा।

10- निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र के साथ वैध चरित्र प्रमाण पत्र/हैसियत प्रमाण/पैन/आधार/जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र की नवीनतम स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

11- प्रत्येक निविददाता द्वारा रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर माफिया गतिविधियों में लिप्त न होने, स्कैन किये गये अभिलेखों के सम्बन्धित में, बार कान्सिल का सदस्य न होने तथा जिला परिषद के पदाधिकारियों, अधिकारियों/कर्मचारियों के निकटस्य सम्बन्धी न होने का शपथ पत्र ऑनलाइन स्कैन करते हुए निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

12- अन्य कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार द्वारा यदि निविदा में प्रतिभाग किया जाता है और उसकी निविदा स्वीकृति होने की दशा में निविदादाता को एक सप्ताह के अन्दर जिला पंचायत अम्बेडकरनगर में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

13- शासनादेश संख्या-305/33-सेल/2019 दिनांक 26 फरवरी, 2019 के अनुसार सभी निर्माण कार्यों की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड 02 वर्ष का होगा।

14- यदि किसी परियोजना का चयन गाइडलाइन के विरूद्ध तथा निविदा सूचना में अंकित कोई परियोजना यदि अन्य विभाग द्वारा पूर्व निर्मित/प्रस्तावित अथवा स्वीकृत पायी जाती है तो उक्त परियोजना को तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

15- उपरोक्त शर्तों का अनुपालन न किये जाने की स्थिति में निविदा अस्वीकार की जा सकती है।

| (राकेश कुमार राय) | (जितेन्द्र कुमार) | (श्याम सुन्दर वर्मा) |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी, | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत अम्बेडकरनगर | जिला पंचायत अम्बेडकरनगर | जिला पंचायत अम्बेडकरनगर |

# मेरठ-बागपत में 56 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

## महाभारत सर्किट और जैन सर्किट विकास से पश्चिमी यूपी को मिलेगी विशिष्ट पहचान: जयवीर



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पर्यटन को गति देने की दिशा में शुक्रवार को बड़ी पहल की गई। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मेरठ और बागपत जिलों में महाभारत सर्किट, जैन सर्किट एवं ग्रामीण पर्यटन से जुड़े प्रमुख स्थलों के विकास के लिए 56 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं के तहत धार्मिक, क्रांति और सांस्कृतिक धरोहर स्थलों का समग्र विकास किया जाएगा, क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से विकसित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि श्पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ और बागपत महाभारत सर्किट, जैन सर्किट के अहम केंद्र होने के साथ क्रांतिकारी इतिहास की समृद्ध विरासत समेटे हुए हैं। दोनों जनपद व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, इसलिए सरकार धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से जोड़कर इन क्षेत्रों को देश-विदेश के पर्यटकों के लिए बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दे रही है।श्पर्यटन मंत्री शुक्रवार सुबह मेरठ के प्रसिद्ध औघडनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उसके बाद मेरठ कॉलेज में भारतीय जैन परंपरा एवं वार्षिकोत्सव में मुख्य अथिति के रूप में शामिल हुए। मेरठ के शहीद स्मारक पहुंचकर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मेरठ में धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास को बढ़ावा देने के लिए 5 परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनकी कुल लागत 1845.63 लाख रुपए है।

# जल देश में नल से जल कनेक्शन देने में यूपी नंबर-1 : स्वतंत्र देव

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** जल जीवन मिशन-2.0 भविष्य में किस तरह से योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए आगे काम करेगा, कैसे ग्राम पंचायतों और स्थानीय जल समितियों की भागीदारी को बढ़ाया जाएगा। इन सभी मुद्दों को लेकर शुक्रवार को केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सभी राज्यों के मंत्रियों और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिवों के साथ वर्चुअल माध्यम से मंथन किया। उत्तर प्रदेश की तरफ से इस बैठक में राज्य के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव ने प्रतिभाग किया। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने जल जीवन मिशन-2.0 की रूपरेखा सभी राज्यों के सामने रखी। बताया गया कि भविष्य में किस तरह से योजना को लेकर कार्य किया जाना है। इसमें केन्द्र और राज्य की क्या भूमिका होगी। साथ ही राज्यों से सुझाव मांगे गए कि योजना को किस तरह से बेहतर ढंग से जमीन पर उतारा जा सकता है। विडियो कॉन्फ्रेसिंग में उत्तर प्रदेश की तरफ से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक नल से जल कनेक्शन देने वाला राज्य बन गया है। प्रदेश में 2.43 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। विन्ध्य बुंदेलखंड क्षेत्र में 95 प्रतिशत से अधिक घरों तक नल से जल की सप्लाई की जा रही है। इसके अलावा 100 प्रतिशत जलापूर्ति वाले गांवों में जल अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जलापूर्ति की पूरी व्यवस्था ग्राम पंचायत को हैंडओवर की जा रही है।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर रोडवेज बसों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित की जाए : एमडी

## आज व कल अधिक से अधिक चलेंगी रोडवेज बसें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को 14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आवागमन को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा निगम बसों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। अभ्यर्थियों को लखनऊ तक सुगम, सुरक्षित एवं समयबद्ध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम द्वारा अतिरिक्त बसों के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि बस एवं बस स्टेशनों पर साफ सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। एमडी ने बताया कि लगभग 88000 परीक्षार्थी प्रदेश के 17 जनपदों से 02 दिवसों 14 और 15 मार्च 2026 को लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों तक आयेंगे। ऐसे में प्रमुख बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों तथा परीक्षा केंद्रों से जुड़े प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त संख्या में बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। अंबेडकर नगर से 11198, औरैया से 5120, अयोध्या से 8122, बाराबंकी से 2797, इटावा से 7030, हरदोई से 1032, जौनपुर से 7450, कानपुर देहात से 7677, कानपुर नगर से 9592, खीरी से 981, प्रतापगढ़ से 8306, प्रयागराज से 233, रायबरेली से 1395 सीतापुर से 905, सुल्तानपुर से 6950, उन्नाव से 1229 एवं वाराणसी से 8303 परीक्षार्थी लखनऊ परीक्षा देने के लिए आने वाले हैं। उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बसों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी स्थान पर अभ्यर्थियों को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। एम डी परिवहन ने प्रमुख बस अड्डों पर विशेष निगरानी व्यवस्था के साथ नियंत्रण कक्षों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं, जिससे बसों के संचालन की सतत मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा तिथियों को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की पूर्व योजना बनाएं तथा बस अड्डों से संचालित नियमित एवं अतिरिक्त बस सेवाओं का उपयोग करते हुए समय से अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम अभ्यर्थियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा परीक्षा के दौरान निर्बाध बस संचालन सुनिश्चित की जाएगी।

# लोकसभा चुनाव में बेईमानी नहीं हुई होती तो भाजपा की सरकार नहीं बनती : अखिलेश



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में बहुत से लोकसभा क्षेत्रों में बेईमानी नहीं हुई होती तो दिल्ली में भाजपा की सरकार नहीं बनती। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में बेईमानी करके सरकार बनायी। भाजपा 2022 का विधानसभा चुनाव भी हार गयी थी, लेकिन बेईमानी करके सरकार बना ली थी। 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। श्री यादव ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव से हमने सीख ली। समाजवादी पार्टी ने पीडीए के नारे के तहत पीड़ित, दुखी और अपमानित लोगों को एकजुट किया। 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी-कांग्रेस सबसे ज्यादा सीटे जीती। भाजपा ने लोगों को दुखी किया, पीड़ित और अपमानित किया। इसका परिणाम रहा कि भाजपा अयोध्या की लोकसभा सीट भी हार गयी। यह बातें उन्होने शुक्रवार को व्यक्त की। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार के लोग सौहार्द नहीं पसंद करते है। इनकी गलत नीतियों के कारण आज भारत के लोग खतरे में है। हमारे देश की पहचान संतों और नारियों के सम्मान की रही है। भारत की संस्कृति मिली.जुली है। भाजपा ने इसे नुकसान पहुंचाया है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में 403 विधानसभा क्षेत्र हैं। अब यूपी विधानसभा चुनाव में 403 दिन से भी कम समय बचा है। भाजपा को उत्तर प्रदेश सरकार के दस साल और दिल्ली सरकार के 12 साल कुल मिलाकर जनता को 22 साल का हिसाब देना होगा। उन्होने कहा कि हम लोग जो कानून के राज की स्थापना की लड़ाई लड़ रहे हैंए उसे सामाजिक न्याय के राज की स्थापना तक ले जाना हैं। आज संविधान खतरे में है। जो पीडीए के लोग हैं, पीड़ित हैं, वे महसूस करते है कि संविधान उनके जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। संविधान ही उनकी रक्षा करता है। अब पीडीए की जिम्मेदारी है कि वे संविधान की रक्षा करें। आज की सश्रा में बैठे लोगों ने हम सब के लिए खतरा पैदा किया है। पूज्यनीय शंकराचार्य जी को भी अपमानित किया। श्री यादव ने कहा कि शंकराचार्य जी पर शंका नहीं किया जा सकता है। आज शंकराचार्य जी को झूठा फंसाया जा रहा है। उनके खिलाफ साजिश हो रही है। षडयंत्र हो रहा है। भाजपा सरकार सनातन को बदनाम करने वाली सरकार है। इस सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। आज ही कानपुर से खबर है कि पुलिस वाले गांजा बिकवा रहे थे। लखनऊ में एक करोड़ का गांजा पकड़ा गया। अस्पतालों का बुरा हाल है। मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। इस सरकार ने 102 और 108 एम्बुलेंस सेवाओं को बर्बाद कर दिया। श्री यादव ने कहा कि सभी विपक्षी दलों का मानना है कि चुनाव आयोग वोट काटने के लिए एसआईआर करा रहा है। जब चुनाव होता है तो चुनाव आयोग ज्यादा से ज्यादा मतदान का और वोट बनवाने का प्रचार करता है। बड़ी-बड़ी हस्तियों के जरिए ज्यादा से ज्यादा वोट की अपील कराता है लेकिन इधर चुनाव आयोग के कामकाज का जो तरीका देखा गया है उसमें वोट कटवाने पर जोर है। हमने जिलाधिकारी से बात किया, उन्होंने कहा कि कोई वोट नहीं कट रहा है। हम लोग समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष को लेकर आये, जिसके नकली दस्तखत से समाजवादी पार्टी के लोगों का ही वोट काट दिया गया। उन्होने कहा कि यह एसआईआर नहीं, यह एनआरसी था। भाजपा चुनाव आयोग और प्रशासन की तिकड़ी लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है।

# ग्रीन कोरिडोर लखनऊ की लाइफ लाइन साबित होगा : संजय




**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर मंडल पांच से 60 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल ग्रीन कोरिडोर के उद्घाटन में झूलेलाल वाटिका गोमतीतट लखनऊ पहुंचा। जहां पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रीन कोरिडोर का उद्घाटन किया। इस मौके पर पार्टी के कई बड़े नेता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि इस क्षेत्र के सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ के विकास में लगातार लगे हुए हैं। उन्होंने जाम से निजात दिलाने के लिए पूरे शहर में पुलों का जाल बिछा दिया है। आने वाला समय में ग्रीन कारीडोर लखनऊ की लाइफ लाइन साबित होगा। इस मौके पर मंडल महामंत्री अक्षय मिश्रा, मंडल महामत्री सी.के. वर्मा, के.के. पाठक, विशाल रावत, सर्वेश सिंह, एन.एन. दूबे, राम प्रकाश रावत, प्रमोद कुमार, हरीश वर्मा, राजीव मिश्र, धनराज मिश्रा, राम प्रसाद यादव, अमर सिंह वर्मा, के.के. द्विवेदी, विनय गुप्ता, प्यारे लाल श्रीवास्तव, दिव्यांशी शुक्ला, मीरा पाण्डेय, शिखा शुक्ला, पूनम राय, बिन्दु श्रीवास्तव, लक्ष्मी कश्यप, जया पाण्डेय, दीपा श्रीवास्तव, ओपी तिवारी मीडिया प्रभारी के अतिरिक्त कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ–2026**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस (एस आई) भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की परीक्षा–2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित तिथियों पर परीक्षा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगी:–

**04510/04509 सहारनपुर जं. - गाजियाबाद - सहारनपुर जं अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04510 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04509 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:30 | सहारनपुर जं. | 22:30 | ---- |
| 14:45 | ---- | गाजियाबाद | ---- | 19:00 |

**चलने के दिन: 04510 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **04509 गाजियाबाद** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबन्द, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मन्सूरपुर, खतौली, सकौती टाँडा, दौराला, पाबली खास, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, परतापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर दुहाई, गुलधर एवं नया गाजियाबाद स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04350/04349 बिजनौर - बरेली जं. - बिजनौर अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04350 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04349 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:20 | बिजनौर | 18:20 | ---- |
| 08:50 | ---- | बरेली जं. | ---- | 13:00 |

**चलने के दिन: 04350 बिजनौर** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **04349 बरेली जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** हल्दौर, चाँदपुर सियाऊ हॉल्ट, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद एवं रामपुर स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04247/04248 लखनऊ जं. - सहारनपुर जं. - लखनऊ जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04247 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04248 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:10 | लखनऊ जं. | 16:10 | ---- |
| 07:15 | ---- | सहारनपुर जं. | ---- | 13:00 |

**चलने के दिन: 04247 लखनऊ जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **04248 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** मलिहाबाद, सण्डीली, बालामऊ जं., एवं हरदोई स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04430 सहारनपुर जं. - गाजियाबाद अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04430 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| सहारनपुर जं. | ---- | 16:10 |
| गाजियाबाद | 21:10 | ---- |

**चलने के दिन: 04430 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबन्द, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मन्सूरपुर, खतौली, सकौती टाँडा, दौराला, पाबली खास, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, परतापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर दुहाई, गुलधर एवं नया गाजियाबाद स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**हिसार-नई दिल्ली-हिसार पैसेंजर ट्रेन संख्या 54424/54423 का अलीगढ़ जंक्शन तक अस्थायी विस्तार** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 54424 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 54423 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:20 | हिसार | ---- | 22:50 |
| | | हिसार-नई दिल्ली-हिसार के बीच कोई बदलाव नहीं | | |
| 09:40 | 10:00 | नई दिल्ली | 17:30 | 18:20 |
| 13:00 | ---- | अलीगढ़ जं. | ---- | 14:00 |

**चलने के दिन: 54424 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **54423 गाजियाबाद** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** तिलक ब्रिज, आनन्द विहार हॉल्ट, साहिबाबाद, गाजियाबाद जं., मारीपत, दादरी, अजायबपुर, दनकौर, वैर, चोला, सिकन्दरपुर, खुर्जा जं., डॉवर, सोमना, कुलवा एवं महरावल स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04422/04421 गाजियाबाद–मुरादाबाद–गाजियाबाद अनारक्षित विशेष** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04422 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 4421 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:00 | गाजियाबाद | 21:15 | --- |
| 12:40 | --- | मुरादाबाद | --- | 18:00 |

**चलने के दिन : 04422 गाजियाबाद** से तथा **04421 मुरादाबाद** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** हापुड़, गजरौला जं. एवं अमरोहा स्टेशन।

**04548/04547 सहारनपुर जं.–मेरठ सिटी–सहारनपुर जं. अनारक्षित विशेष** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04548 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04547 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:20 | सहारनपुर जं. | 18:20 | --- |
| 15:40 | --- | मेरठ सिटी | --- | 16:00 |

**चलने के दिन : 04548 सहारनपुर जं.** से तथा **04547 मेरठ सिटी** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** टपरी, नागल, तल्हेड़ी बुजुर्ग, देवबंद, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मंसूरपुर, खतौली सकौती टाण्डा, दौराला, पबली खास और मेरठ छावनी स्टेशन।

**04220 लखनऊ–वाराणसी जं. अनारक्षित विशेष** — 02 फेरे

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 04220 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| लखनऊ | --- | 18:20 |
| वाराणसी | 23:45 | --- |

**चलने के दिन : 04220 लखनऊ** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** बाराबंकी जं., दरियाबाद, रुदौली, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईन गंज, अकबरपुर जं., मालीपुर, शाहगंज जं. और जौनपुर जं. स्टेशन।

**04222 लखनऊ–प्रयागराज संगम अनारक्षित विशेष** — 02 फेरे

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 04222 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| लखनऊ | --- | 17:45 |
| प्रयागराज संगम | Open Timing | --- |

**चलने के दिन : 04222 लखनऊ** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** बछरावां, हरचंदपुर, रायबरेली जं., फुरसतगंज, गौरीगंज, अमेठी, मां चन्दिका देवी धाम अंतू, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., बिश्नाथगंज, मऊ अइम्मा, सिवैथ, फाफामऊ जं. और प्रयाग जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



RFP for Selection of Firm for implementation of works related to the Accrual Based Double Entry Accounting System in Nagar Nigam Ayodhya

**Ayodhya-224001, Uttar Pradesh, India.**

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

Ayodhya Nagar Nigam invites Request for Proposal (RFP) for Selection of Firm for implementation of works related to the Accrual Based Double Entry Accounting System in Nagar Nigam Ayodhya. The documents can be downloaded from the UP-Government e-tender portal and the RFP has to be submitted online through NIC e-tender website i.e., https://etender.up.nic.in/nicgep/app, as per below given time schedule:

NIT No.: 3442 /NNA/2025-26 Dated: 12/03/2026

| | |
|---|---|
| RFP Ref. No. | 3442/NNA/2025-26 |
| Bid Start Date | 13/03/2026, By 11:00 AM |
| Bid End Date | 18/03/2026, By 04:00 PM |
| Last Date for sending pre-bid queries | 18/03/2026, By 04:00 PM through email: nagarnigamayodhya@gmail.com |
| Date and Time of Pre-Bid Meeting | 16/03/2026, By 12:00 PM through google meet link: |
| Bid Opening Date | 19/03/2026, By 11:00 AM |
| Bid validity Period | 120 days |
| Tender Fee | Tender Fee of Rs. 1180/- (Rupees eleven hundred eighty only) to be submitted through, Link for payment: https://emdnagarnigamayodhya.in/login Withotp. **The Bids without the Tender Fee shall be summarily rejected.** |
| Earnest Money Deposit (EMD) | EMD of Rs.50,000/- (Rupees Fifty thousand only) to be submitted through, Link for payment: https:// emdnagarnigam ayodhya.in/ login Withotp. **The Bids without the EMD shall be summarily rejected.** |
| Performance Bank Guarntee (PBG) | Successful bidder shall furnish PBG amount equivalent to 5% of contract value by way of an irrevocable Bank Guarantee issued by Scheduled/ Nationalized Bank in the favour of **"Municipal Commissioner, Nagar Nigam Ayodhya".** |

Note: The Schedule indicated above is tentative and NNA may change any, or the entire schedule.

**Municipal Commissioner**
**<Nagar Nigam Ayodhya>**

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## जवाबी तेवर

ईरान के सर्वोच्च नेता के पद पर चुने जाने के बाद की करीब चार दिनों की चुप्पी के बाद मोजतबा खामेनेई ने अपने दुश्मनों को निशाने पर लेते हुए साफ कर दिया है कि उनके तेवर अपने मरहूम पिता अली खामेनेई से किसी तरह अलग नहीं हैं। पिछले एक हफ्ते से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनोवैज्ञानिक हमले का पहला जवाब देते हुए मोजतबा खामेनेई ने साफ कर दिया है कि यूएस और इजराइल ही नहीं बल्कि उनके खिलाफ मुहिम में शामिल खाड़ी देशों को भी वह छोड़ने का इरादा नहीं रखते। ट्रंप जब साफ तौर पर कह रहे हैं कि 'मांगें न मानीं तो नए सुप्रीम लीडर का भी खात्मा होगा' तब ईरान की ओर से खुली चेतावनी का मतलब है कि दहशत में लाने का तरीका उसके पास उसके पास भी है। यह और बात है कि कौन कितना कामयाब होगा। अमेरिका और ईरान यह भी कह चुके हैं कि जंग अपनी शर्तों पर खत्म करेंगे। ऐसे बयान किसी खतरनाक हथियार से कम नहीं होते क्योंकि दुश्मन इनसे कुछ देर के लिए भ्रम में पड़ जाता है तो समर्थक दोगुने जोश से भर जाते हैं। मोजतबा की कोशिश ईरानी जनता पर अधिकतम पकड़ साबित करने की भी है। जबकि अमेरिका-इजरायल ने ईरानी जनता को भड़काने का भी बेहद सुनियोजित मोर्चा खोल रखा है। ऐसे में यह तय है कि ईरान की तबाही के लिए और घातक अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल होगा तो ईरान खाड़ी में अपने विरोधियों के साथ ट्रंप और नेतन्याहू को गंभीर सबक देने के लिए पैने हमलों का दायरा और बढ़ाएगा। यह भी तय है कि ईरानी सुप्रीम लीडर को खत्म करने की कोशिश और तेज होगी। लेकिन सबसे बड़ी चिंता इसी बिंदु पर आकर टिकती है कि इन तीनों देशों की 'खून की प्यास' बाकी देशों पर क्या असर डालेगी। तेल इस समय हर मुल्क की सबसे बड़ी जरूरत है। इसके बहुत बड़े हिस्से की सप्लाई पश्चिम एशिया-खाड़ी के देशों से होती है जिसका सबसे बड़ा रास्ता होर्मुज जलडमरूमध्य है। लेकिन ईरान ने फिर कहा है कि यह मार्ग अभी बंद रहेगा। केवल यही निर्णय भारत सहित कई देशों के लिए बड़ा संकट पैदा कर रहा है। जहां तक उस क्षेत्र में खूनखराबे की बात है तो बेहद घातक क्लस्टर बमों और अचूक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों के इस्तेमाल होने की खबरें आ रही है। हालांकि जंग जारी रखने की अमेरिका और ईरान की क्षमता पर भी सवाल उठ रहे हैं लेकिन जब तक यह चल रहा है तब तक तो भयंकर तबाही है ही। फिलहाल भविष्य को पूरी तरह अनिश्चित कहा जाएगा।

## सुधार जरूरी

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एनसीआरटी देश की अत्यंत प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था है इसके निर्देशन में प्रकाशित पुस्तकों के बारे में माना जाता है कि विद्यार्थियों एवं आम लोगों के लिए समान रूप से उपयोगी हैं क्योंकि इनमें भारतीय समाज के विभिन्न पहलुओं का सारगर्भित ढंग से विवेचन 'गागर में सागर' की उक्ति को चरितार्थ करता है। इसीलिए सिविल सर्विसेज जैसी बेहद कठिन मानी जाने वाली परीक्षा के साथ अन्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में ये पुस्तकें विशेष रूप से सहायक होती है। इसी गुणवत्ता के लिए पिछले कुछ वर्षों के दौरान परिषद ने अपनी पुस्तकों का इस ढंग से संवर्धन करने का प्रयास किया कि उनकी सामग्री आधिकारिक तथ्यपरक एवं वास्तविकता के निकट हो सके। यह अच्छी बात है क्योंकि इससे सामग्री की प्रामाणिकता तथा विश्वसनीयता बढ़ती है और पाठक वास्तविक जानकारी के अधिक निकट आता है। ध्यान रहे कि भारतीय इतिहास के विगत में हुए तमाम लेखन को लेकर समय-समय पर आपत्तियां उठाई जाती रहीं जिन्हें एनसीईआरटी ने सुधारने का सराहनीय प्रयास भी किया। लेकिन कभी-कभी अति उत्साह के कारण अच्छा-खासा काम सही रास्ते से भटक जाता है। यह स्थिति तब पैदा होती है जब किसी विषय विशेष पर अधिकाधिक जानकारी देने का प्रयास हो लेकिन उसके औचित्य एवं उपयोग के पक्ष पर उतनी गंभीरता के साथ विचार न किया गया जाए। परिषद की एक पुस्तक में प्रकाशित ऐसी ही सामग्री को सर्वोच्च न्यायालय ने विवादास्पद मानते हुए उस पर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट का यह रुख इसलिए आवश्यक है ताकि संबंधित विषय को लेकर समाज में किसी तरह की अवांछित धारणा न बनने पाए क्योंकि इसके परिणाम अलग-अलग ढंग से विपरीत रूपों में सामने आ सकते हैं। परिषद तो इस दिशा में कदम उठा ही रही है, ऐसी अन्य संस्थाओं को भी अपने उपक्रमों में सावधानी बरतनी होगी। शिक्षा का दायरा बहुत तेजी से विस्तार ले रहा है। इसलिए पाठ्य पुस्तकों में भ्रामक तथ्य जानने के प्रति सतर्कता जरूरी है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**खाड़ी के अरब देशों पर जारी रहेंगे हमले-ईरान**
जिंदा हो तो फिर जिंदा नजर आना जरूरी है!

**भारतीय रुपया रिकार्ड निचले स्तर पर पहुंचा**
लेकिन बेरोजगारी के आंकड़े एवरेस्ट पर हैं!

**अयोध्या में अभेद्य रहेगा राष्ट्रपति का सुरक्षा घेरा**
गृह मंत्रालय की विश्वसनीयता जगजाहिर है!

**लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी -ओम बिरला**
भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत बनाना चाहती है!

**सावरकर पर टिप्पणी मामले में राहुल को राहत**
गड़े मुर्दे उखाड़ने की कला सबको नहीं भाती!

**एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने अकेले भरी उड़ान**
लड़ाकू विमान भी तो साथ में उड़ रहा होगा?

♦♦♦

# जीवन का अधिकार और गरिमामय मृत्यु



– सुनील कुमार महला

बुधवार, 11 मार्च 2026 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील फैसला सुनाया है। पाठक जानते होंगे कि अदालत ने गाजियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा को पैसिव यूथेनेसिया (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) की अनुमति प्रदान की है। वास्तव में अदालत का यह निर्णय इसलिए ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें भारतीय संविधान, मानवीय संवेदना और चिकित्सा विज्ञान की वास्तविक स्थिति-तीनों को ध्यान में रखकर यह फैसला सुनाया गया है। दरअसल,हरीश राणा पिछले 13 वर्षों से कोमा की अवस्था में थे। वर्ष 2013 में चंडीगढ़ में बीटेक की पढ़ाई के दौरान वे एक इमारत की चौथी मंजिल से गिर गए थे, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। इस दुर्घटना के बाद से वे कभी होश में नहीं आ सके और लगातार कोमा की स्थिति में ही रहे। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी लंबे समय से चली आ रही इस अवस्था को देखते हुए पैसिव यूथेनेसिया की अनुमति दी।यहाँ पाठकों को बताना आवश्यक है कि पैसिव यूथेनेसिया का अर्थ है-ऐसे मरीज को दिए जा रहे कृत्रिम जीवनरक्षक उपचार (जैसे वेंटिलेटर, फीडिंग ट्यूब या अन्य चिकित्सा उपकरण) को बंद कर देना, जो लंबे समय से असाध्य बीमारी या कोमा की स्थिति में हो और जिसके स्वस्थ होने की कोई वास्तविक संभावना न हो। उल्लेखनीय है कि इसमें मरीज को मृत्यु देने के लिए कोई दवा नहीं दी जाती, बल्कि केवल जीवन को कृत्रिम रूप से बनाए रखने वाले साधनों को हटा दिया जाता है, जिससे मरीज स्वाभाविक रूप से मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। सामान्यतः अदालत या परिवार की सहमति तथा चिकित्सकों की सलाह के बाद ही इसकी अनुमति दी जाती है, ताकि मरीज को लंबे समय तक होने वाली असहनीय पीड़ा से मुक्ति मिल सके। हाल फिलहाल, चिकित्सकों के अनुसार, हरीश राणा के स्वस्थ होने की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी है और वे जीवनरक्षक उपकरणों के सहारे ही जीवित हैं। लगातार बिस्तर पर पड़े रहने के कारण उनके शरीर पर घाव भी हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में उनके माता-पिता ने अदालत से अनुरोध किया कि उनके बेटे को इच्छामृत्यु की अनुमति दी जाए, क्योंकि अब उसके जीवन में पुनर्वास की कोई वास्तविक संभावना नहीं बची है। बहरहाल, इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को निर्देश दिया है कि हरीश राणा को पैलिएटिव केयर में भर्ती किया जाए और चिकित्सा विशेषज्ञों की देखरेख में जीवनरक्षक उपकरणों को हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाए।गौरतलब है कि पैलिएटिव केयर वह चिकित्सा व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य गंभीर या असाध्य बीमारियों से पीड़ित रोगियों के दर्द, कष्ट और मानसिक-भावनात्मक पीड़ा को कम करना तथा उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना होता है। इसमें बीमारी को पूरी तरह ठीक करने के बजाय रोगी को आराम, सम्मान और सहारा प्रदान करने पर अधिक ध्यान दिया जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो पैलिएटिव केयर ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जिसका उद्देश्य असाध्य रोगों से पीड़ित रोगियों को उपचार की अंतिम अवस्था में भी गरिमा और सहारा प्रदान करना है। हाल फिलहाल यहां यदि हम सरल शब्दों में कहें तो यह फैसला एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है, जो बहुत लंबे समय से कोमा में था और जिसके ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं थी। अदालत ने माना कि किसी व्यक्ति को वर्षों तक केवल मशीनों के सहारे पीड़ा में जीवित रखना उचित नहीं है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने पैसिव यूथेनेसिया की अनुमति दी। न्यायाधीशों ने भी स्वीकार किया कि यह निर्णय लेना आसान नहीं था, क्योंकि इसमें एक इंसान के जीवन से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील प्रश्न था। किंतु न्यायालय का मत था कि जैसे प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार है, वैसे ही उसे गरिमा के साथ मृत्यु का अधिकार भी होना चाहिए। दरअसल, यह फैसला भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 पर आधारित है, जो प्रत्येक नागरिक को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि न्यायालय पहले भी इस अधिकार को सम्मानजनक जीवन से जोड़ चुका है।भारत में




इच्छामृत्यु को लेकर न्यायालय के निर्णय धीरे-धीरे विकसित हुए हैं। वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग मामले में पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी गई थी। यहां पाठकों को बताता चलूं कि अरुणा शानबाग मुंबई के किंग एडवर्ड मेमोरियल अस्पताल में नर्स थीं तथा वर्ष 1973 में अस्पताल के ही एक कर्मचारी ने उन पर क्रूर हमला किया, जिससे उनके मस्तिष्क को गंभीर क्षति पहुँची और वे स्थायी कोमा जैसी अवस्था में चली गईं। वे लगभग 42 वर्षों तक इसी स्थिति में रहीं और अस्पताल की नर्सें उनकी देखभाल करती रहीं। बाद में, वर्ष 2011 में इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ पैसिव यूथेनेसिया को अनुमति दी, हालांकि अरुणा शानबाग के मामले में इसे लागू नहीं किया गया, क्योंकि अस्पताल का स्टाफ उनकी देखभाल जारी रखना चाहता था। यह निर्णय भारत में इच्छामृत्यु को लेकर कानूनी बहस का एक महत्वपूर्ण आधार बना। इसके बाद वर्ष 2018 में कॉमन कॉज बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पैसिव यूथेनेसिया को कानूनी मान्यता प्रदान की और 'लिविंग विल' की व्यवस्था को भी स्वीकार किया। लिविंग विल का अर्थ है कि कोई व्यक्ति पहले से लिखित रूप में यह घोषित कर सकता है कि यदि वह भविष्य में ऐसी स्थिति में पहुँच जाए, जहाँ उसके स्वस्थ होने की कोई संभावना न हो, तो उसे कृत्रिम जीवनरक्षक साधनों के सहारे जीवित न रखा जाए। हाल ही में हरीश राणा के मामले में आया सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कानून, मानवता और चिकित्सा की वास्तविक परिस्थितियों-तीनों को ध्यान में रखकर लिया गया एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यह मामला हमारे संविधान की संवेदनशीलता का एक उदाहरण बन गया है। इस मामले में न्यायालय के सामने केवल कानून का प्रश्न नहीं था, बल्कि एक परिवार की वर्षों से चली आ रही पीड़ा और चिकित्सा विज्ञान की सीमाएँ भी थीं। इसलिए अदालत ने सभी मानवीय पहलुओं पर विचार करते हुए निर्णय दिया। सुनवाई के दौरान पैसिव और एक्टिव यूथेनेसिया के बीच अंतर भी स्पष्ट किया गया। पैसिव यूथेनेसिया में मरीज को जीवित रखने वाले कृत्रिम जीवनरक्षक साधनों को हटा दिया जाता है, जिससे उसकी मृत्यु स्वाभाविक रूप से हो सके। वहीं एक्टिव यूथेनेसिया में किसी दवा या विशेष उपाय के माध्यम से सीधे मृत्यु दी जाती है। भारत में एक्टिव यूथेनेसिया अभी भी अवैध है, जबकि पैसिव यूथेनेसिया को न्यायालय की निर्धारित शर्तों के साथ अनुमति दी गई है। इतना ही नहीं, सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने एक संस्कृत श्लोक भी उद्धत किया-'चिन्तायाश्च चितायाश्च बिन्दुमात्रं विशिष्यते।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### सप्तम् अध्याय

(गतांक से आगे

चप्प वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ।।19।।

अभ्यास करते-करते बहुत जन्मों के अन्त के जन्म में, प्राप्तिवाले जन्म में साक्षात्कार को प्राप्त हुआ ज्ञानी 'सब कुछ वासुदेव ही है' - इस प्रकार मेरे को भजता है। वह महात्मा अतिदुर्लभ है। वह किसी वासुदेव की प्रतिमा नहीं गढ़वाता बल्कि अपने भीतर ही उस परमदेव का वास पाता है। उसी ज्ञानी महात्मा को श्रीकृष्ण तत्त्वदर्शी भी कहते हैं। इन्हीं महापुरुषों से बाहर समाज में कल्याण सम्भव है। इस प्रकार के प्रत्यक्ष तत्त्वदर्शी महापुरुष श्रीकृष्ण के शब्दों में अतिदुर्लभ हैं। जब श्रेय और प्रेय (मुक्ति और भोग) दोनों ही भगवान से मिलते हैं, तब तो सभी को एकमात्र भगवान का भजन करना चाहिये, फिर भी लोग उन्हें नहीं भजते। क्यों? श्रीकृष्ण के ही शब्दों में-

कामैस्तैस्तैर्हृतज्ञानाः प्रपद्यन्तेऽन्यदेवताः।
तं तं नियममास्थाय प्रकृत्या नियताः स्वया।।20।।

वह तत्त्वदर्शी महात्मा अथवा परमात्मा ही सब कुछ है।- लोग ऐसा समझ नहीं पाते; क्योंकि भोगों की कामनाओं द्वारा लोगों के विवेक अथवा ज्ञान का अपहरण कर लिया गया है, इसलिये वे अपनी प्रकृति अर्थात् जन्म-जन्मान्तरों से अर्जित संस्कारों के स्वभाव से प्रेरित होकर मुझ परमात्मा से भिन्न अन्य देवताओं और उनके लिये प्रचलित नियमों की शरण लेते हैं। यहाँ अन्य देवता का प्रसंग पहली बार आया है। यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति।

तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम् ।। 21 ।।

जो-जो सकामी भक्त जिस-जिस देवता के स्वरूप को श्रद्धा से पूजना चाहता है, मैं उसी देवता के प्रति उसकी श्रद्धा को स्थिर करता हूँ।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गुणैरुत्तमतां याति नोच्चैरासनसंस्थितः।**
**प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते॥**

मनुष्य सर्वश्रेष्ठ या उत्तम तभी बनता है जब उसके गुण उत्तम होते हैं । किसी भी व्यक्ति को उसके पद के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नहीं माना जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कौआ महल के शिखर पर बैठकर गरुड नहीं बन जाता।

♦♦♦

# नेपाल में लोकतांत्रिक बदलाव का मतलब

– डॉ. सौरभ

बालेन शाह के नेतृत्व में नेपाल एक नये दौर में प्रवेश कर रहा है. आने वाले महीने ये बतायेंगे कि क्या उनकी पार्टी अपने व्यापक सुधार एजेंडे को ठोस नीति और शासन परिणामों में बदल सकती है. बालेन शाह एक आत्मविश्वासी, तकनीकी और राष्ट्रवादी पीढ़ी का चेहरा हैं, जो भारत के साथ विशेष संबंध को समानता और नेपाल पहले के दृष्टिकोण पर आधारित करने को प्राथमिकता देते हैं. भारत की चुनौती यह सुनिश्चित करने की होगी कि शाह की नेपाल फर्स्ट नीति चीन फर्स्ट में न बदल जाए. भारत को अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक और भौगोलिक भूमिका को प्रभावी ढंग से जोर देना होगा.

नेपाल के चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की ऐतिहासिक जीत हिमालय के राजनीतिक परिदृश्य में व्यापक लोकतांत्रिक बदलाव का संकेत देती है. आरएसपी की स्थापना 2022 में रवि लामिछाने द्वारा की गयी थी, इसके प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बलेंद्र 'बालेन' शाह हैं. बालेन ने चुनाव अभियान के दौरान खुद को 'मधेश के पुत्र' के रूप में पेश किया था, और आरएसपी ने 'अब की बार बलेंद्र सरकार' टैगलाइन के साथ चुनाव अभियान शुरू किया था. पिछले साल जेन जी के आंदोलन ने नेपाल की राजनीति को पूरी तरह हिला दिया था. उस आंदोलन के कारण केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गयी थी और देश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ गयी थी. इस चुनाव में भ्रष्टाचार और सिस्टम में बदलाव, आर्थिक संकट, बढ़ती बेरोजगारी और शासन के प्रति असंतोष जैसे मुद्दे थे। नेपाल की पारंपरिक राजनीतिक शक्तियों में सबसे प्रमुख नाम केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल है. इसके अलावा पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी भी बड़ी ताकत मानी जाती है. लेकिन आरएसपी की यह जीत मतदाताओं द्वारा पारंपरिक स्थापित पार्टियों की पूरी तरह से अस्वीकृति का संकेत है. चुनाव में 1.89 करोड़ योग्य मतदाताओं की मजबूत भागीदारी देखी गयी, जिसमें 2022 से 9,15,000 से अधिक नये मतदाताओं की वृद्धि शामिल है, जो जेन जी के महत्वपूर्ण प्रभाव को दर्शाती है. मतदान नेपाल के सभी 77 जिलों में एक ही चरण में हुआ. जैसे ही आरएसपी ने प्रतिनिधि सभा में भारी बहुमत हासिल किया, ध्यान तेजी से उन महत्वाकांक्षी सुधारों की ओर बढ़ रहा है, जिन्हें पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में लागू करने का वादा किया है। घरेलू स्तर पर पार्टी ने व्यापक राजनीतिक सुधारों की वकालत की है, जिसमें मतदाताओं द्वारा सीधे चुने गये प्रधानमंत्री और पूरी तरह से आनुपातिक संसदीय प्रणाली की शुरुआत शामिल है. आरएसपी की महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताओं में से एक है सत्ता संभालने के तीन महीनों के भीतर संवैधानिक संशोधनों पर बहस शुरू करना. आरएसपी ने राज्य संचालन में संरचनात्मक बदलाव का भी प्रस्ताव रखा है, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि सांसद एक ही समय में मंत्री के रूप में कार्य न करें, और पार्टी का कहना है कि यह कदम कार्यपालिका के संसदीय निरीक्षण को मजबूत करेगा. घोषणा पत्र में 1990 में लोकतंत्र बहाल होने के बाद से सभी सार्वजनिक कार्यालयधारियों की संपत्ति की व्यापक जांच कराने का भी प्रस्ताव है. अवैध तरीके से प्राप्त संपत्ति को राष्ट्रीयकृत किया जायेगा। आरएसपी के सुधार एजेंडा का एक प्रमुख हिस्सा संघीय सरकार के पुनर्गठन से संबंधित है. इसने 18 संघीय मंत्रालयों तक संख्या को सीमित रखने का वचन दिया है, जबकि 14 मंत्रालयों को विशेषज्ञ मंत्रियों द्वारा संचालित करने का प्रावधान है. इसके अतिरिक्त, आरएसपी सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र को राष्ट्रीय रणनीतिक उद्योग घोषित करने की योजना बना रही है, जिससे नेपाल को डिजिटल सेवाओं के लिए एक क्षेत्रीय केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके. पार्टी ने महत्वाकांक्षी ऊर्जा लक्ष्य निर्धारित कर अगले दशक में 30,000 मेगावाट बिजली उत्पन्न करने का वचन दिया है. नेपाल में चुनाव के सफल और शांतिपूर्ण संचालन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मैं नेपाल के लोगों और सरकार को हार्दिक बधाई देता हूं. यह देखकर खुशी होती है कि मेरी नेपाली बहनें और भाई अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इतने ऊर्जा के साथ उपयोग कर रहे हैं. यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा के गर्व का क्षण है. एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में, भारत नेपाल के लोगों और उनकी नयी सरकार के साथ मिलकर साझा शांति, प्रगति और समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करने के अपने संकल्प में स्थिर बना हुआ है.' अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और विदेशी निवेश का मुख्य स्रोत है. दशकों से भारत की नेपाल नीति नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल जैसी स्थापित पार्टियों के साथ स्थिर संबंधों पर आधारित है. बालेन शाह का उदय इस युग में बदलाव का संकेत देते हैं. बालेन शाह एक आत्मविश्वासी, तकनीकी और राष्ट्रवादी पीढ़ी का चेहरा हैं, जो भारत के साथ 'विशेष संबंध' को समानता और 'नेपाल पहले' के दृष्टिकोण पर आधारित करने को प्राथमिकता देते हैं. उनके पहले 'वृहत नेपाल' मानचित्र विवाद और काठमांडू में भारतीय फिल्मों पर उनकी अस्थायी रोक उनके जनवादी राष्ट्रवाद के शुरुआती संकेत हैं. संसद में दो-तिहाई बहुमत के साथ शाह को संवेदनशील मुद्दों, जैसे कि 1950 का शांति और मित्रता संधि और कालापानी-लिपुलेख सीमा विवाद पर यथार्थवादी रुख अपनाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है. राष्ट्रवादी रुख रखने के बावजूद, शाह की मूल अपील उनके घोषणापत्र में निहित है, जो 'विकास' पर केंद्रित है, और 12 लाख नौकरियां सृजित करने, जीडीपी को 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने और शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार करने का वादा करता है. यह भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है. अगर भारत अपनी विकासात्मक सहायता को शाह की तकनीकी प्राथमिकताओं के साथ मिलाकर, खासकर जलविद्युत, डिजिटल कनेक्टिविटी और एकीकृत चेक-पॉइंट में काम कर कर सके, तो यह आर्थिक उपयोगिता पर आधारित नया साझेदार तैयार कर सकता है. आरएसपी ने नेपाल को 'बफर स्टेट' से 'सक्रिय सेतु' (वाइब्रेंट ब्रिज) में बदलने का संकल्प जताया है। इसके तहत त्रिपक्षीय आर्थिक साझेदारी और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने की योजना है, खासकर भारत और चीन जैसे पड़ोसी देशों के साथ. पार्टी ने यह माना है कि नेपाल में भारत और चीन के रणनीतिक हित हैं तथा वैश्विक शक्ति संतुलन में व्यापक बदलाव हो रहा है. ऐसे में नेपाल को सक्रिय और लचीली कूटनीतिक नीति अपनानी चाहिए, ताकि वह बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और पड़ोसी अर्थव्यवस्थाओं के उदय से लाभ उठा सके. शाह युग का सबसे नाजुक पहलू उनके भारत, चीन और अमेरिका के साथ' संतुलित संबंध' सिद्धांत होगा. भारत की चुनौती यह सुनिश्चित करने की होगी कि शाह की 'नेपाल फर्स्ट' नीति 'चीन फर्स्ट' में न बदल जाये. भारत को अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक और भौगोलिक भूमिका को प्रभावी ढंग से जोर देना होगा, तभी भारत और नेपाल अपनी गरिमापूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को नयी दिशा दे पायेंगे।

## प्रेरक प्रसंग

### 'जो होता है अच्छे के लिए होता है'

एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे।

राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- राजन! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है। राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। इधर राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी उंगली देखकर कहा कि इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती। राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे - भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था। ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ ? मंत्री मुस्कराए और बोले - राजन् ! यदि आपने मुझे भिन्न राह पर न भेजा होता और मैं आपके साथ होता तो अंग भंग के कारण नरभक्षी आपकी बलि न देते, पर मेरी बलि चढ़नी सुनिश्चित थी। इसलिए भगवान जो करते हैं, अच्छा ही करते हैं।

## आपका पत्र मिला

### नई व्यवस्था बनने की आशाएं धूमिल

नेताओं के अवसरवाद तथा आर्थिक समस्याओं से त्रस्त नौजवानों ने कुछ नया बनाने की इच्छा के साथ तत्कालीन सरकार को उखाड़ फेंका था। लेकिन उसके बाद अब लोगों के पास जो विकल्प हैं, उनसे नई व्यवस्था बनने की आशाएं धूमिल ही हैं। पिछले साल सितंबर में हुए जेन-जी विद्रोह से नेपाल में आया बदलाव कितना टिकाऊ साबित हुआ, यह गुरुवार को होने वाले मतदान के परिणाम से जाहिर होगा। नेपाल के एक करोड़ 90 लाख मतदाता 275 सदस्यों की प्रतिनिधि सभा को चुनने के लिए मतदान करेंगे। नेपाल की चुनाव प्रणाली के मुताबिक 165 सदस्य प्रत्यक्ष रूप से फर्स्ट पास्ट द पोस्ट सिस्टम के तहत चुने जाते हैं। बाकी 110 सीटें विभिन्न पार्टियों को उन्हें मिले मत प्रतिशत के अनुपात में आवंटित की जाती हैं। जेन-जी विद्रोह का प्रमुख कारण राजनीतिक दलों की सत्ता लिप्सा, वर्षों से जारी उनका अवसरवाद, और राजनेताओं के परिजनों की आलीशान जिंदगी थी। बेरोजगारी तथा आर्थिक समस्याओं से त्रस्त नौजवानों ने कुछ नया बनाने की इच्छा के साथ तत्कालीन सरकार को हिंसक ढंग से उखाड़ फेंका। लेकिन विडंबना यह है कि उसके बाद अब लोगों के पास जो विकल्प हैं, उनसे नई व्यवस्था बनने की आशाएं धूमिल ही हैं। लोगों के सामने नए विकल्प के तौर पर उज्यालो नेपाल पार्टी अकेला नया दल है, लेकिन उसकी संभावनाएं ज्यादा उज्ज्वल नहीं मानी जा रही हैं। नयेपन का अहसास कराने वाला एक अन्य दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) है, जिसका उदय पिछले संसदीय चुनाव के समय हुआ था। पारंपरिक समर्थन आधार और चुनाव मशीनरी के लिहाज से ये तीनों पार्टियां अभी भी मजबूती के साथ मैदान में हैं। वैसे युवाओं के समर्थन से आरएसपी जीत की ओर बढ़ सकती है। मगर यह पार्टी किसी बुनियादी परिवर्तन का माध्यम बनेगी, अपने कार्यक्रम एवं चुनाव घोषणापत्र से ऐसी कोई उम्मीद वह नहीं जगा पाई है। यानी नेपाल में किसी गुणात्मक परिवर्तन के संकेत कम ही हैं। मात्रात्मक बदलाव भी आएगा, इसकी उम्मीद बहुत बलवान नहीं है।

एक नागरिक
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

# क्या है सिब्लिंग इकोनॉमी?

## बच्चों की ये आदत बना सकती है उन्हें स्मार्ट



आपका बेटा बेटी से साइकिल लेने के लिए उसे बदले में अपना वीडियो गेम थमा देता है। रात में वही भाई होमवर्क समझाने के लिए बहन से चॉकलेट का कुछ हिस्सा मांगता है। वहीं एक-दूसरे की गलतियों को छिपाने के लिए वे एक-दूसरे से पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा मांग लेते हैं। आपको यह गलत लग सकता है, लेकिन बाल मनोवैज्ञानिक इसे सिब्लिंग इकोनॉमी का हिस्सा मानते हैं।

**सिब्लिंग इकोनॉमी-** यह एक ऐसा कॉन्सेप्ट है, जो भले ही किताबों में बड़े शब्दों में न लिखा हो, लेकिन लगभग हर भारतीय घर में वर्षों से चलता आ रहा है। इसका मतलब है भाई-बहनों के बीच छोटे-छोटे घरेलू सौदे, आपसी समझौते और लेन-देन। खिलौने शेयर करना, किताबों का आदान-प्रदान, टीवी टाइम या पॉकेट मनी पर सहमति बनाना इसके उदाहरण हैं। ये छोटे लेन-देन बच्चों को यह सिखाते हैं कि हर चीज की अहमियत होती है और हर फैसले का परिणाम।अध्ययन क्या कहता है बाल मनोविज्ञान से जुड़े कई अध्ययन बताते हैं कि जो बच्चे बचपन में नेगोशिएशन (मोलभाव) और शेयरिंग करते हैं, वे भविष्य में बेहतर ढंग से निर्णय ले पाते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अनुसार, इससे बच्चों में सामाजिक और वित्तीय क्षमताएं विकसित होती हैं। वहीं यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज के अनुसार, भाई-बहनों के बीच का तालमेल उनमें सहानुभूति की भावना को मजबूत करता है, जो उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती है।

**मिलती हैं कई सीख**

सिब्लिंग इकोनॉमी से बच्चे कम उम्र में ही पैसे और समय की अहमियत समझ पाते हैं। अध्ययन बताता है कि 10-12 साल की उम्र में वित्तीय फैसले लेने वाले बच्चे भविष्य में आर्थिक तनाव बेहतर ढंग से संभाल पाते हैं। यह आदत उनमें जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता भी बढ़ाती है। साथ ही भाई-बहनों के बीच के समझौते उनके बीच के संवाद को बढ़ाते हैं, जिससे झगड़े कम होते हैं और आपसी सहयोग बढ़ता है।

**रियल लाइफ स्किल्स**

आज के समय में जब बच्चे अधिकतर समय मोबाइल और स्क्रीन पर बिताते हैं, सिब्लिंग इकोनॉमी उन्हें रियल लाइफ स्किल्स सिखाने का आसान तरीका बन सकती है। छोटे घरेलू सौदे बच्चों में बातचीत, समझौता, धैर्य और सहयोग जैसी आदतें विकसित करते हैं, जो किसी किताब या एप से नहीं मिलतीं। यह सिर्फ घर का छोटा सिस्टम नहीं, बल्कि भविष्य की नींव है।

**आपकी भूमिका अहम**

इसमें माता-पिता की भूमिका बहुत अहम होती है। अगर माता-पिता हर छोटे झगड़े या सौदे में दखल देंगे तो बच्चों को सीखने का मौका कभी नहीं मिलेगा, लेकिन अगर आप बच्चों को सीमाओं के भीतर खुद फैसले लेने देंगी और जरूरत पड़ने पर मदद करेंगी तो सिब्लिंग इकोनॉमी सकारात्मक रूप ले लेगी।

**जीवन कौशल का विकास**

बाल मनोवैज्ञानिक गार्गी मालगुड़ी बताती हैं, सिब्लिंग इकोनॉमी की शुरुआत भले ही चीजों की अदला-बदली या पसंदीदा वस्तु पाने से हो, लेकिन धीरे-धीरे यह बच्चों में बजट मैनेजमेंट की समझ विकसित करती है। भाई-बहन के बीच बातचीत, समझौते और सहयोग से आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं। बच्चे एक-दूसरे की भावनाओं को समझना सीखते हैं, जिससे उनकी इमोशनल इंटेलिजेंस बढ़ती है। वे सही और गलत भावनाओं में फर्क करना सीखते हैं और संतुलित सोच के साथ निर्णय लेते हैं। इससे आगे चलकर उनमें धैर्य, सहनशीलता, समस्या-समाधान और अप्रत्याशित खर्चों को मैनेज करने जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल विकसित होते हैं, जो उन्हें भविष्य में बेहतर तालमेल बनाने में मदद करते हैं।

## बूढ़ा गिद्ध

कहानी



गंगा नदी के किनारे एक बहुत बड़ा पेड़ था। इस पेड़ पर बहुत से पक्षी रहा करते थे। एक दिन एक बूढ़ा गिद्ध वहाँ आया और पक्षियों से बोला कि क्या वह इस वृक्ष के खोल में रह सकता है। सभी पक्षियों ने बूढ़े गिद्ध की आयु को देखते हुए, उसे वहाँ रहने की इजाजत दे दी। वे अपने हिस्से के भोजन में से भी कुछ भोजन उसे खाने को दे देते।

बूढ़े गिद्ध को बहुत अच्छा लगता था। वह मन ही मन सोचता- ये पक्षी कितने दयालु हैं। अतः जब वे अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में जाया करेंगे, तो मैं पीछे से इनके बच्चों की रक्षा किया करूँगा। उस दिन के बाद से गिद्ध ने उनके बच्चों की रक्षा करनी शुरू कर दी। सभी मिल कर हँसी-खुशी रहने लगे। एक दिन एक बिल्ली वहाँ से गुजरी। उसने उस पेड़ पर नन्हें पक्षियों के चहचहाने की आवाजें सुनी। उसने सोचा कि उसे यहाँ कुछ छोटे व ताजा पक्षियों के बच्चे खाने को मिल सकते हैं। उसे देखकर पक्षियों के नन्हें बच्चे डर के मारे जोर-जोर से चिल्लाने लगे। बूढ़ा गिद्ध चिल्लाया, कौन है? बिल्ली ने सोचा कि यहाँ थोड़ी युक्ति से काम लेना पड़ेगा। वह बोली, 'सुप्रभात श्रीमान! मैं बिल्ली हूँ। बूढ़ा गिद्ध बोला, यहाँ से चली जाओ, वरना मैं तुम्हें खा जाऊँगा। बिल्ली बहुत चालाक थी। वह बोली, श्रीमान, मैं कुछ कहना चाहती हूँ। उसे सुन लें। फिर उसके बाद चाहें तो मुझे खा लेना। गिद्ध ने सोचा, क्यों न उसकी बात सुन ली जाए। बिल्ली बोली ÷मैं गंगा नदी के तट पर रहती हूँ। मैं बहुत ही धार्मिक विचार रखती हूँ। मैं गंगा नदी में स्नान करके आपका आशीर्वाद लेने आई हूँ।

गिद्ध बोला, मैं तुम पर कैसे विश्वास करूँ? तुम माँस खाने वाली प्राणी हो और यहाँ नन्हें-नन्हें पक्षी रहते हैं। जाओ, भाग जाओ यहाँ से।

बिल्ली ने उत्तर दिया- श्रीमान, मेरा विश्वास कीजिए। मैंने जानवरों का माँस खाना छोड़ दिया है। यहाँ गंगा नदी के किनारे चारों ओर हरियाली है और ढेर सारी हरी वनस्पति है। मैं केवल हरी सब्जियाँ और फल खा कर ही अपना पेट भरती हूँ।

बूढ़ा गिद्ध उसकी बातों में आ गया। उसने उस पर दया खा कर वहाँ रहने की इजाजत दे दी। कुछ दिन तो सब कुछ सही सलामत चलता रहा किंतु बिल्ली अपने ऊपर काबू नहीं रख सकी। अतः उसने प्रतिदिन एक के बाद एक करके नन्हें पक्षियों को खाना शुरू कर दिया। बूढ़े गिद्ध को इसका पता नहीं चला। बहुत जल्दी पक्षियों ने देखा कि उनके नन्हें बच्चों की संख्या कम होती जा रही है। उन्हें चिंता सताने लगी तथा वे उन्हें यहाँ-वहाँ ढूँढ़ने लगे। चालाक बिल्ली ने इस स्थिति को भाँप लिया और सोचा कि अब वह पकड़ी जा सकती है। अतः वह वहाँ से भाग निकली। अपने बच्चों को ढूंढते हुए जब पक्षी, बूढ़े गिद्ध के खोल के पास पहुंचे, तो उन्होंने वहाँ अपने बच्चों की हड्डियाँ पड़ी हुई देखीं। उन्होंने सोचा, इस बूढ़े गिद्ध ने ही हमारे बच्चों को मारा है। अतः वे गुस्से से भर गए और उन सबने मिल कर बूढ़े गिद्ध को मार डाला। बेचारे मासूम गिद्ध को अनजान बिल्ली पर विश्वास करके अपने प्राणों से हाथ धोना पड़ा।

**शिक्षाः- कभी** किसी अनजान पर भरोसा मत करो।

# बच्चों को बीमार कर सकती है नाखून चबाने की आदत, जानें नुकसान



नाखून चबाने की आदत अक्सर बच्चों में पाई जाती है। यह आदत पहले तो मामूली लग सकती है, लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए कई तरह के नुकसान का कारण बन सकती है। बच्चों के लिए यह आदत न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी हानिकारक हो सकती है। आइए जानते हैं कि बच्चों के नाखून चबाने की आदत से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं और डॉक्टर इस बारे में क्या सलाह देते हैं।

**दांतों और मसूड़ों पर असर**

नाखून चबाने से बच्चों के दांतों और मसूड़ों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इस आदत से दांतों की संरचना बिगड़ सकती है, जिससे दांतों में असंतुलन, दांतों का टेढ़ा होना या मसूड़ों में सूजन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इससे बच्चों को दांतों की समस्याएँ बढ़ सकती हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए दंत चिकित्सक की मदद की जरूरत पड़ सकती है।

**इंफेक्शन का खतरा**

नाखून चबाने से बच्चों के हाथों से बैक्टीरिया मुंह में जा सकते हैं। यदि बच्चे अपनी उंगलियों को मुंह में डालते हैं और नाखून चबाते हैं, तो यह बैक्टीरिया उनके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं और विभिन्न प्रकार के इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं। इससे गले में इंफेक्शन, मौखिक रोग, या पेट में समस्याएँ हो सकती हैं। खासकर अगर बच्चा गंदे हाथों से नाखून चबाता है तो यह और भी खतरनाक हो सकता है।

**पाचन तंत्र पर प्रभाव-** नाखून चबाने से कुछ बच्चे नाखूनों को निगलने की भी आदत डाल सकते हैं। यदि यह नाखून अंदर पेट में चले जाते हैं, तो यह पाचन तंत्र में अड़चन पैदा कर सकते हैं। इससे पेट की समस्याएँ, जैसे गैस, कब्ज, या आंतों की समस्याएँ हो सकती हैं।

**मानसिक तनाव और चिंता**

नाखून चबाना कभी-कभी मानसिक तनाव या चिंता का संकेत भी हो सकता है। कई बार बच्चे तब नाखून चबाते हैं जब वे किसी समस्या या चिंता से जूझ रहे होते हैं। यदि यह आदत लगातार बनी रहती है, तो यह मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का संकेत हो सकता है। ऐसे में बच्चे को मानसिक शांति और समर्थन की आवश्यकता होती है, ताकि वह इस आदत से छुटकारा पा सके।

**कैसे छुड़ाएं बच्चों की नाखून चबाने की आदत-** बच्चों को नाखून चबाने से रोकने के लिए सबसे पहले माता-पिता को सकारात्मक वातावरण और प्यार देना चाहिए। बच्चों को समझाना और शांतिपूर्वक बताना कि यह आदत कितनी हानिकारक हो सकती है, उनके लिए सहायक हो सकता है।

- यदि बच्चे की नाखून चबाने की आदत मानसिक तनाव या चिंता के कारण हो रही है, तो एक अच्छे मनोचिकित्सक से सलाह लेना चाहिए। बच्चे को मानसिक शांति देने के लिए ध्यान, योग, और अन्य तरीके अपनाए जा सकते हैं।

# चिड़चिड़ा और गुस्सैल बना रहा स्मार्टफोन

आज के दौर में कम्युनिकेशन और तरह-तरह की जानकारियों को हासिल करने के लिए मोबाइल डिवाइसेज की अनिवार्यता बढ़ गई है। मगर स्मार्टफोन के जरिए कब बच्चों के दिमाग में तमाम खतरनाक बीमारियां इंस्टॉल हो चुकी हैं, यह माता-पिता समझ ही नहीं पा रहे। स्मार्टफोन के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल के चलते बच्चों के विकास और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। प्रीतिका को हर दूसरे दिन एक नया खिलौना चाहिए, पढ़ाई के लिए लगातार एक घंटा भी उसको रोककर रख पाना मुश्किल होता है। लिखते-लिखते कब अचानक उसे कोई मीम याद आ जाता है तो कभी दादी की कही बात, मना करो तो गुस्सा इतना कि फिर उसको रोक पाना मुश्किल होता है। दरअसल यह स्मार्टफोन के अत्यधिक और अविवेकपूर्ण प्रयोग के चलते आने वाली समस्याओं में से एक है, न्यूरो डेवलपमेंट डिसआर्डर के रूप में इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ रहा है।

**सोशल स्किल्स पर पड़ रहा असर**

संभव है कि ऐसे बच्चों का ऑनलाइन कम्युनिकेशन बेहतर हो, पर आमने-सामने की बातचीत में उन्हें परेशानी आ सकती है। स्मार्टफोन पर अत्यधिक निर्भरता के चलते सामाजिक कौशल के विकास में व्यवधान आ सकता है। इससे वास्तविक दुनिया के व्यक्तिगत संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं।

# नाभि खिसकने पर दिखते हैं ये लक्षण, ये हैं घरेलू इलाज



बच्चे स्वभाव से बहुत चंचल होते हैं। वे हर समय खेलते, कूदते और मस्ती करते हुए नजर आते हैं। यह चंचलता उनके स्वभाव का हिस्सा है, लेकिन कभी-कभी अत्यधिक खेलकूद के कारण बच्चों को कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं में से एक है नाभि का खिसकना। यह स्थिति बच्चों के लिए तकलीफदायक हो सकती है, और पेरेंट्स को समझ में नहीं आता कि इसका कारण क्या है। नाभि खिसकने की समस्या तब होती है जब नाभि की मांसपेशियां अपनी सामान्य स्थिति से बाहर चली जाती हैं। इस स्थिति के कारण बच्चे को कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए पेरेंट्स को बच्चों में नाभि खिसकने के लक्षणों को पहचानना और सही समय पर इलाज करना बहुत जरूरी है।

**बच्चों के नाभि खिसकने के लक्षण**

**पेट दर्द-** नाभि के आस-पास या पूरे पेट में हल्का या तेज दर्द महसूस होना।

**पेट खराब होना-** नाभि खिसकने पर बच्चे को पेट में दर्द के साथ दस्त की समस्या हो सकती है।

**थकान महसूस होना-**बच्चे को शरीर में कमजोरी या थकावट का अनुभव हो सकता है। **नाभि में सूजन-** नाभि के आसपास सूजन या कठोरता महसूस होना, जो नाभि के खिसकने का संकेत हो सकता है।

**उल्टी आना-** नाभि खिसकने पर बच्चे को बार-बार उल्टी आ सकती है।

**बच्चों में नाभि खिसकने के कारण - अचानक से गिरना-** खेलते या कूदते समय बच्चे अचानक गिर सकते हैं, जिससे नाभि खिसकने की समस्या हो सकती है।

**भारी सामान उठाना-**कभी-कभी बच्चे अचानक से ज्यादा भारी सामान उठा लेते हैं, जिससे नाभि पर दबाव पड़ सकता है। **गलत पोजीशन में बैठना या लेटना-** यदि बच्चा लंबे समय तक गलत पोजीशन में बैठता या लेटता है, तो इससे नाभि खिसकने की संभावना बढ़ सकती है।

**बच्चों की नाभि खिसकने पर क्या करना चाहिए?** बच्चों में नाभि खिसकने की स्थिति को सामान्य माना जाता है। इसे ठीक करने के लिए आप घरेलू उपायों का सहारा ले सकते हैं।

**गर्म पानी से सिकाई करें-** नाभि खिसकने पर हल्के गर्म पानी की थैली से शिशु के पेट और नाभि के आसपास के क्षेत्र की सिकाई करें। इस प्रक्रिया को दिन में 2 से 3 बार दोहराएं। रात को सोने से पहले गर्म पानी से सिकाई करने से भी राहत मिलती है।

**हींग और तेल का मिश्रण लगाएं**

3 चम्मच सरसों के तेल में एक चुटकी हींग डालकर हल्का गर्म कर लें। इस मिश्रण को नाभि के आसपास के क्षेत्र पर गुनगुना लगाएं। इससे नाभि खिसकने के कारण होने वाले पेट के दर्द और कब्ज से राहत मिलती है।

**हल्के हाथों से मसाज करें**

हाथों में सरसों का तेल लगाकर बच्चे की नाभि के चारों ओर हल्के हाथों से मसाज करें। इससे नाभि को अपनी सामान्य स्थिति में लाने में मदद मिल सकती है। यह प्रक्रिया बच्चों को आराम देने में सहायक हो सकती है।

# जूठा खिलाना चाहिए या नही! जाने सेहत पर क्या पड़ता है असर

छोटे बच्चे अक्सर अपने माता-पिता के साथ बैठकर ही खाना खाते हैं। ऐसे में कई बार प्यार में माता-पिता अपने खाने में से थोड़ा सा बच्चे को खिला देते हैं या बच्चे के खाने में से कुछ खाकर उसे वापस दे देते हैं। कई लोगों को लगता है कि ऐसा करने से बच्चे के साथ अपनापन और प्यार बढ़ता है। लेकिन क्या बच्चे को जूठा खिलाना सही है? डॉक्टर के अनुसार, यह आदत बच्चों की सेहत के लिए ठीक नहीं मानी जाती। वयस्कों के मुंह में कई तरह के बैक्टीरिया और वायरस मौजूद होते हैं, जो बड़े लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाते, लेकिन छोटे बच्चों के लिए समस्या पैदा कर सकते हैं। **बच्चे को अपना जूठा खिलाना क्यों ठीक नहीं-** डॉक्टर बताते हैं कि जब कोई बड़ा व्यक्ति खाना खाता है तो उसके साथ मुंह का सलाइवा (लार) भी भोजन में मिल जाता है। इस सलाइवा में कई तरह के माइक्रोऑर्गेनिज्म यानी बैक्टीरिया और वायरस मौजूद हो सकते हैं। बड़ों की इम्यूनिटी मजबूत होती है, इसलिए कई बैक्टीरिया और वायरस उन पर ज्यादा असर नहीं करते। लेकिन बच्चों की इम्यूनिटी अभी पूरी तरह विकसित नहीं होती, इसलिए वही बैक्टीरिया बच्चे के शरीर में जाकर इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं। **बच्चे को हो सकती हैं ये दिक्कतें-** अगर बच्चे को बार-बार जूठा खिलाया जाए तो उसे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। सर्दी-जुकाम या गले का इंफेक्शन- पेट से जुड़ी समस्याएं- बैक्टीरियल इंफेक्शन- दांतों से जुड़ी समस्याएं- कई बार माता-पिता को समझ नहीं आता कि बच्चा अचानक बीमार कैसे हो गया, जबकि घर में कोई और बीमार नहीं होता। ऐसे मामलों में एक कारण यह भी हो सकता है कि बच्चे ने किसी बड़े का जूठा खाना खाया हो।

# बच्चे भी हो रहे हैं चिंता के शिकार, लक्षण और उपाय

बचपन में चिंता विकारों की विशेषता बच्चों में तीव्र, जिद्दी आचरण और उच्च भावनात्मक प्रतिक्रियाएं हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ (एनआईएमएच) द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, चिंता की समस्या हर आठ में से एक बच्चे को प्रभावित करती है। इससे यह तथ्य सामने आता है कि ऐसे मामलों में, माता-पिता की भागीदारी महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें अपने बच्चों को उनकी चिंतित भावनाओं को पहचानने और नियंत्रित करने में सहायता करनी चाहिए।**बच्चों के तनाव के संकेत और लक्षण-** बच्चों में चिंता की समस्या का एक सामान्य लक्षण निरंतर भय या चिंता है। वे तब भी बीमार होने का दावा करने लगते हैं जब कोई स्पष्ट चिकित्सीय कारण नहीं होता। कई मामलों में, उन्हें नींद आने में कठिनाई और निर्णय लेने में कठिनाई का भी अनुभव होता है, यहां तक कि वे उन चीज़ों से भी दूर रहना शुरू कर देते हैं जिनका वे आनंद लेते थे। **अन्य लक्षण जिन पर विचार किया जा सकता है वे हैं-**
-भावुक, उत्तेजित, या अत्यधिक संलग्न हो जाना।-सोने में परेशानी होती है। रात के दौरान जागना।-बिस्तर गीला करना। बुरे सपने का अनुभव करना।
-बार-बार सिरदर्द या पेट दर्द होता है।

# नवजात शिशुओं को डकार दिलाना क्यों जरूरी है?

नवजात शिशुओं की देखभाल में कई छोटी-छोटी बातें बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, जिनमें से एक है डकार दिलाना। दूध पीते समय बच्चे के पेट में हवा के बुलबुले फंस सकते हैं, जिससे उसे गैस, पेट दर्द और बेचैनी हो सकती है। **शिशुओं को डकार दिलाना क्यों जरूरी है-** स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार जब शिशु दूध पीते समय हवा निगल लेते हैं, तो वह हवा उनके पेट में फंस जाती है, जिससे बच्चे को असहजता और बेचैनी महसूस होने लगती है और कई बार वह रोने भी लगता है। ऐसे में शिशु को डकार दिलाना बेहद जरूरी होता है। डकार दिलाने से पेट में फंसी गैस बाहर निकल जाती है, जिससे पेट दर्द और बेचैनी कम होती है। इसके अलावा उल्टी या दूध बाहर आने की संभावना भी कम हो जाती है और बच्चा आराम से सो पाता है। **शिशु को डकार कब दिलानी चाहिए-** नवजात शिशुओं को डकार दिलाने का कोई निश्चित समय नहीं होता। कुछ बच्चों को दूध पीते समय ही डकार की जरूरत पड़ती है, जबकि कुछ को दूध पीने के बाद डकार दिलाना जरूरी होता है। इसलिए माता-पिता को बच्चे के व्यवहार पर ध्यान देना चाहिए। अगर दूध पीते समय बच्चा बेचैन होने लगे, रोने लगे या बार-बार रुककर दूध पीने लगे, तो यह संकेत हो सकता है कि उसके पेट में हवा फंस गई है। ऐसी स्थिति में बीच में ही उसे डकार दिलाना बेहतर रहता है, जिससे बच्चे को आराम मिल सके। **नवजात शिशु को डकार दिलाने का आसान तरीके- गोद में पेट के बल लिटाकर-**सबसे पहले बच्चे को अपनी गोद में पेट के बल लिटाएं। उसकी ठुड्डी को हल्का सहारा दें और दूसरे हाथ से उसकी पीठ को धीरे-धीरे थपथपाएं या सहलाएं। इससे बच्चे को डकार आने में मदद मिल सकती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**मेष :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**वृष :** व्यस्तता बढ़ेगी। व्यावसायिक प्रगति होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी कार्य के संबंध होने से प्रभाव बढ़ेगा। धन यश कीर्ति में वृद्धि होगी।

**कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। हनुमान जी की उपासना आपके लिए लाभदायक होगी। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल रहेंगे।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी।

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शनिवार, 14 मार्च 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शिशिर ऋतौ चैत्र मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, दशमी तिथौ शनि वासरे 08/12/ उत्तर आषाढ़ा नक्षत्रे 28/50/ वरीयान योग 10/43/ भद्रा करणे 08/12/ मकर राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा समाप्त घं.08मि.12पर। सूर्य की मीन संक्रांति घं.25मि.03 बजे। खरमासारम्भ।

# बच्चों को हर बात पर डांटना नहीं है सही, इतनी बड़ी परेशानी को दावत दे रहे हैं आप

कहा जाता है कि किसी भी बच्चे का व्यक्तित्व बनाने में माता-पिता का पूरा योगदान होता है। ऐसे में पेरेंट्स भी बच्चों को डांटने में कोई कोताही नहीं बरतते हैं और उनकी भलाई के लिए उनकी गलतियों पर उन्हें टोकते हैं। भले ही बच्चों को डांटना काफी आम है, लेकिन कभी-कभी इसका उन पर गलत प्रभाव भी पड़ सकता है। यही नहीं, आपकी ऊंची आवाज से उनके मन में दहशत भी पैदा हो सकती है। तो आज की इस खबर में हम आपको उन टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे फॉलो कर के आप अपने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं।

**बच्चों को डांटने के क्या है नुकसान?**

आत्मविश्वास की हो जाती है कमी

अगर बच्चों को लगातार डांटा जाए तो वह खुद को एक्सप्रेस करने में पीछे हो जाते हैं। वह माता-पिता को यह बताने से भी परहेज करने लगते हैं कि आखिर उन्हें क्या पसंद आ रहा है और क्या नहीं। यही नहीं, उनके अंदर आत्मविश्वास की कमी भी हो जाती है और वह हीनभावना से ग्रस्त हो जाते हैं। आपके व्यवहार से ही बच्चों का मनोबल बढ़ता और घटता है। स्वास्थ्य पर पड़ता है गलत असर : अगर आप अपने बच्चे को रोजाना डांटते हैं तो इसका उसके स्वास्थ्य पर काफी गलत असर पड़ता है। डांटने की वजह से चिंता और तनाव का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में वह आपसे खिन्न रहने लगते हैं और चिड़चिड़े भी हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप उन्हें लगातार डांटते हैं तो इसे अभी बंद करने की जरूरत है।

आत्मसम्मान की हो जाती है कमी

अगर आप अपने बच्चे को ऊंची आवाज में डांटते हैं तो इससे उनके अंदर नकारात्मकता आने लगती है और वह खुद को लेकर नेगेटिव सोचने लगते हैं। यही नहीं, रोजाना डांटने की



वजह से बच्चे अनुशासनहीन भी हो जाते हैं।

इन टिप्स को करें फॉलो : बच्चे को समझाना और सिखाना चाहिए : अगर आपका बच्चा कोई काम गलत कर रहा है तो उस पर चिल्लाने की बजाय आपको उसे आराम से बैठकर समझाने और खुदे से उस काम को कर के सिखाने की जरूरत है। इससे आप उन्हें एक सही दिशा देने का भी काम करते हैं और अगली बार वह उस काम को ठीक ढंग से करते हैं।

बच्चों को करें मोटिवेट : आपको अपने बच्चे को लगातार मोटिवेट करने की जरूरत है। अगर वह कोई काम गलत भी कर देते हैं तो आपको उनका हौसला बढ़ाना चाहिए, जिससे उनके आत्मविश्वास में कमी न आए। बच्चों को मोटिवेट करने के लिए आपको अपने बच्चों को समय देना चाहिए और उनसे पॉजिटिव बात करनी चाहिए।

बच्चों के साथ प्यार से करें डील : अगर आपका बच्चा छोटी-छोटी बातों पर नाराज हो जाता है तो उससे प्यार से डील करें। बच्चों को समय देकर उन्हें प्यार से समझाने से वह आपकी बातों को आसानी से समझेंगे और सही दिशा में काम करेंगे।

# बढ़ती महंगाई व रसोई गैस के दाम को लेकर किया गया विरोध-प्रदर्शन




स्वतंत्रभारत, बाराबंकी। शहर में आम आदमी पार्टी (आप) की जिला इकाई ने आज बढ़ती महंगाई, रसोई गैस के दाम और किसानों की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया।प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने गले में आलू की माला पहनी और सिर पर खाली गैस सिलेंडर रखकर नारेबाजी की। वे हाथों में तख्तियां लेकर शहर में जुलूस की शक्ल में पटेल तिराहे पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिसे व्यवस्था बनाए रखने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।इसके साथ ही, आप कार्यकर्ताओं ने आलू की खरीद न होने को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि जिले के किसान अपनी उपज का उचित मूल्य न मिलने से परेशान हैं और सरकारी खरीद की व्यवस्था ठीक से काम नहीं कर रही है।इस प्रदर्शन के दौरान, ज्ञापन देने के लिए अधिकारियों के देर से पहुंचने पर भी कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई। काफी देर तक इंतजार के बाद अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।आप नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया और किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो पार्टी आने वाले समय में आंदोलन को और तेज करेगी।

# पीडीए दिवस के रूप में मनाया जाएगा कांशीराम का जन्मदिन

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी के 92 वें जन्मदिवस के अवसर पर 15 मार्च को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर ÷बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस÷ के रूप में विशाल जनसमूह के साथ मनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं उसी क्रम में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने जानकारी देते बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश के क्रम में बाराबंकी समाजवादी पार्टी द्वारा मान्यवर काशीराम जी के जन्मदिवस के कार्यक्रम को 15 मार्च 2026 को वृद्ध रूप से मनाने की तैयारी की है यह कार्यक्रम कुरौली चौराहा स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल के सभागार में प्रातः 10÷00 बजे से आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम की गंभीरता समझते हुए कार्यक्रम में जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं विधायक पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री सांसद पूर्व सांसद समस्त जिला कार्यकारिणी फ्रंटल संगठन प्रमुख पूर्व प्रमुख जिला पंचायत सदस्य विधानसभा अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ताओं का उपस्थित होना अत्यंत आवश्यक है जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि मान्यवर काशीराम जी ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को शासन करता बनाने के लिए समर्पित करने के साथ-साथ मंडल रिपोर्ट के समर्थन में राष्ट्रवादी जन आंदोलन खड़ा किया था काशीराम जी ने 1992 में महान समाजवादी नेता माननिये मुलायम सिंह यादव जी के साथ समझौता कर बहुजन समाज बनाओ अभियान को तेज किया इसलिए उनकी कुर्बानियों उनके त्याग परिश्रम को याद करने और उसके प्रति कृतज्ञता जाहिर करना हम सब का कर्तव्य है इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है इस कार्यक्रम में अपनी पूरी सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच एजेंसी के बाहर दो पक्षों के बीच मारपीट

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिले में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच बंकी स्थित एक गैस एजेंसी के बाहर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। कतार में आगे-पीछे होने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया। बंकी स्थित अमित गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर लेने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई।बताया जा रहा है कि एजेंसी पर लगे उपभोक्ताओं की कतार में आगे-पीछे होने को लेकर अब्दुल और मनीष कुमार के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज के बाद लात-घूंसे चलने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग कराया।जिले में घरेलू गैस सिलेंडर के करीब 6.75 लाख उपभोक्ता हैं। इनकी आपूर्ति के लिए लगभग 235 गैस एजेंसियां संचालित हैं। एजेंसियों का दावा है कि प्रतिदिन 17 हजार से अधिक सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं, लेकिन उपभोक्ताओं का कहना है कि हफ्तों पहले बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।एलपीजी की इस कमी का असर छोटे कारोबारियों पर भी पड़ने लगा है। जिले के कई छोटे होटल और रेस्टोरेंट गैस की कमी के कारण बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं।इस मामले में जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. राकेश कुमार तिवारी का कहना है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। उनके अनुसार, अफवाहों के कारण उपभोक्ताओं में घबराहट बढ़ गई है, जिससे एजेंसियों पर भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति बन रही है।उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि उपभोक्ताओं का कहना है कि पर्याप्त आपूर्ति के दावों के बावजूद उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा है।

## खबर एक नजर

### ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत,कोतवाली हैदरगढ़** क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर गोसूपुर कट पर एक बाइक ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई।हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई।क्षेत्र के चौबीसी गांव निवासी शुभम पुत्र राम मिलन 21 वर्ष बाइक से अपने घर जा रहा था। गोसूपुर कट पर उसकी बाइक आगे जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवर टेक करते समय टकरा गई।हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया।यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ बाराबकी ।** रमजान के आखिरी जुम्मे को शांतिपूर्वक ढंग से अलविदा की नमाज अदा की गई। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत मदरसा वाली मस्जिद सब्जी मंडी, कोरट वाली मस्जिद घोसियाना, मस्जिद उमर व अन्य रायबरेली रोड पर स्थित जुम्मा मस्जिद सहित कुरैशी वार्ड स्थित कुरैशी मस्जिद जमपुर स्थित नूरानी मस्जिद एवं क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे नमाज अदा की गई ।अलविदा की नमाज अदा करने को लेकर सभी अकीदतमन्द सुबह से ही तैयारी में लग गए और नहा धोकर नये कपडे पहनकर करीब 12 बजे मस्जिद पहुंच गये और अलविदा की नमाज अदा कर अमन चैन व देश की सलामती की दुआ मांगी गई ।बडे बुजुर्गो के साथ बच्चो ने भी मस्जिद पहुच कर नमाज अदा की।सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस चाक-चौबंद रही नमाज के दौरान मस्जिद एवं मदरसा के बाहर पुलिस बल तैनात रहा । उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ व पुलिस क्षेत्राधिकारी समीर कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल पूरे दल बल के साथ स्वयं भ्रमण कर पल -पल की स्थिति का जायजा लेते रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि नमाज के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम रहे सभी मस्जिद एवं मदरसों पर पुलिस बल तैनात रहा कहीं पर किसी भी प्रकार की कोई वाद-विवाद की स्थिति नहीं पैदा हुई और शांति पूर्वक ढंग से नमाज सम्पन्न हुई ।

### सभासदों के साथ बैठक कर विधायक ने की विकास कार्यों पर चर्चा

**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी।** विधायक दिनेश रावत ने नगर पंचायत सुबेहा कार्यालय में नगर अध्यक्ष और सभासदों के साथ एक बैठक की। इस बैठक के दौरान, पूर्व में हुई बैठकों की समीक्षा की गई और वार्डों में कराए जाने वाले कार्यों पर चर्चा हुई।विधायक रावत ने नगर अध्यक्ष और सभासदों से उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी को आपस में तालमेल बिठाकर काम करने की सलाह दी, ताकि नगर का सुचारु विकास हो सके। विधायक ने कहा कि यदि कोई समस्या आती है, तो उन्हें अवगत कराया जाए, उसका निदान कराया जाएगा।दिनेश रावत ने बताया कि भाजपा सरकार नगर पंचायत के विकास के लिए लगातार धन आवंटित कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी के तहत नगर पंचायत और विस्तारित क्षेत्रों में नाला निर्माण, इंटरलॉकिंग और प्रकाश व्यवस्था जैसे बड़े कार्य कराए गए हैं।विधायक ने आगे भी निरंतर विकास जारी रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने नगर अध्यक्ष को यह भी आश्वस्त किया कि बड़े कार्य, जो बजट के अभाव में निधि से नहीं कराए जा सकते, उन्हें लिखकर अवगत कराया जाए, ताकि उन कार्यों को कराने का प्रयास किया जा सके।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष देवीदीन रावत, ईओ अशोक कुमार खरवार, सभासद संघ अध्यक्ष रिजवान खान, जाहिर हाफिज, इमरान खान, गिरजा रावत, जय प्रकाश, प्रदीप गुप्ता, महेंद्र मौर्य, जयप्रकाश, रवि विश्वकर्मा सहित नगर पंचायत के अन्य सभासद मौजूद रहे।

### साइबर सेल ने वापस कराए 2.70 लाख रुपए

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** व्हाटसएप पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर आवेदक के खाते से पैसे निकाल लेने के शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर सेल द्वारा पीड़ित के 2,70,000/- रु0 को वापस कराया गया।आवेदक रामकौशल पुत्र रामलखन निवासी ग्राम मुरादाबाद थाना देवा जनपद बाराबंकी द्वारा व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर उनके खाते से 10 लाख रूपये निकाल लेने के सम्बन्ध में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। संदर्भित प्रकरण में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी संगम कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक/मर्चेंट से समन्वय स्थापित कर 2,70,000/- रु0 को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।

### शिमली नदी में मिला शव ,पी एम के लिए भेजा गया

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** बृहस्पतिवार की शाम घर से निकले एक व्यक्ति का शव शुक्रवार सुबह सरसवां पुल के नीचे सुमली नदी में उतराता मिला। शव मिलने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भिटौली निवासी 32 वर्षीय लवकुश पुत्र नटवर बृहस्पतिवार देर शाम किसी कार्यवश घर से निकले थे। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी खोजबीन शुरू की, लेकिन काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका।शुक्रवार सुबह महादेवा-भैरमपुर मार्ग स्थित सरसवां पुल के पास सुमली नदी में संदिग्ध परिस्थितियों में उनका शव उतराता हुआ दिखाई दिया। इसकी सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और स्थानीय पुलिस को जानकारी दी।सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार पांडेय और चौकी प्रभारी अभिनंदन पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# गैस सिलेंडरों के लिए मारामारी, दर-दर भटक रहे हैं उपभोक्ता



स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी। गैस सिलेंडरों के लिए मारामारी मची हुई लोगों के घरों में खाना नहीं बन पा रहा है। लोग हैरान और परेशान हैं। एजेंसी संचालक नेटवर्क की समस्या बता रहे हैं । सुबह होते ही गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग जाती हैं और यह स्थिति देर शाम तक बनी रहती है। हालांकि एजेंसी संचालकों का कहना है कि उनके यहां गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन धीमे नेटवर्क के कारण बुकिंग प्रक्रिया सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों रामनगर तहसील क्षेत्र के उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए भटकने को मजबूर हैं। बुकिंग कराने के लिए लोगों को कई-कई बार ऑनलाइन प्रयास करना पड़ रहा है, तब कहीं जाकर एक सिलेंडर की बुकिंग हो पा रही है। एजेंसियों पर तैनात कर्मचारी भी उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और देर रात तक ड्यूटी निभा रहे हैं।कस्बा रामनगर स्थित सुनंदा गैस एजेंसी पर प्रतिदिन गैस सिलेंडर लेने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है। एजेंसी संचालक अवधेश शुक्ला ने बताया कि एजेंसी पर गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, लेकिन नेटवर्क स्लो होने के कारण बुकिंग में दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा कि यदि नेटवर्क व्यवस्था में सुधार हो जाए तो उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सकता है।वहीं गैस आपूर्ति की अनिश्चितता को देखते हुए कई होटल व ढाबा संचालकों ने वैकल्पिक व्यवस्था कर ली है। होटल मालिकों का कहना है कि गैस सिलेंडर समय से न मिलने के कारण उन्हें मजबूरी में भट्ठी व अन्य साधनों के सहारे काम चलाना पड़ रहा है।उधर, एजेंसियों पर उमड़ रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोतवाल अनिल कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ समय-समय पर मौके पर पहुंचकर व्यवस्था संभालते नजर आ रहे हैं।

### जिनके घरों में मांगलिक कार्यक्रम, उनकी हालत खराब

गैस सिलेंडर को लेकर चारों तरफ मची हाहाकार के बीच जिन लोगों के घरों में मांगलिक कार्यक्रम पहले से निर्धारित है उनको रात दिन चैन नहीं पड़ रही हैं ।शादी विवाह तिलक गोद भराई मुंडन में सबसे अधिक परेशानी गैस सिलेंडरों को लेकर हो रही है किसी भी दशा में कहीं पर भी गैस सिलेंडर की उपलब्धता नहीं है। गैस एजेंसियों पर सुबह से लेकर रात तक उपभोक्ता लाइन में लगे रहते हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। सरकार को विशेष ध्यान देना होगा।

### स्कूलों में खाना बनना बंद

गैस सिलेंडरों की कमी के चलते अधिकांश विद्यालयों में एमडीएम के तहत बनने वाला भोजन बंद हो गया है।ग्राम प्रधानों और अध्यापकों के द्वारा तमाम कोशिशें की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। कुछ विद्यालयों में अध्यापकों ने लकड़ी और चूल्हे का इंतजाम करना शुरू कर दिया लेकिन यह इतना आसान काम नहीं है। यदि गैस की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आने वाले चुनावों में इसका खामियाजा सरकार को भोगना पड़ेगा।

### आठ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आठ वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद की है।यह गिरफ्तारी आज की गई। पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 47/2026 से संबंधित मामले में कार्रवाई की, जो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 3(5), 109(1), 115(2), 352 और 324(3) के तहत दर्ज किया गया था।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में गेंदलाल, संजय पुत्रगण जगतराम, शिवकेश पुत्र गेंदलाल, सुनील कुमार यादव पुत्र मूलचंद्र, आलोक यादव पुत्र ओमकरन यादव, मोहित रावत पुत्र सतीश कुमार रावत (सभी निवासी रामनेवाज का पुरवा, थाना फतेहपुर) शामिल हैं। इनके अलावा, नन्हा उर्फ अभिषेक यादव पुत्र स्वर्गीय विश्राम यादव (निवासी ब्राह्मणी टोला कस्बा व थाना फतेहपुर) और श्रेयांश वर्मा पुत्र मंगल प्रसाद (निवासी ग्राम दादनपुर, थाना मोहम्मदपुर खाला, जनपद बाराबंकी) भी गिरफ्तार हुए हैं।

# शिक्षा ही मानव उत्थान का सबसे बड़ा अस्त्र : सुनील सिंह



**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों एवं प्रधानाध्यापको की उपस्थिति में एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हैदरगढ़ बाराबंकी। विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत मां पीतांबरा मैरिज लॉन में ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान स्थान या प्राधिकारी निकाय के सदस्यों एवं प्रधानाध्यापको की उपस्थिति में एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह भी किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत -सम्मान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि शिक्षा ही मानव उत्थान का सबसे बड़ा अस्त्र है इसमें सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए बेसिक शिक्षा के सुधार में ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं आज जन-जन तक पहुंच रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही कायाकल्प योजना से परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था पूर्ण रूप से बदल गई। आज सुंदर वातावरण में बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे में सभी ग्राम प्रधान व विद्यालय के प्रधानाध्यापक आपसी सामंजस बैठाकर कार्य करें जिससे विद्यालय की व्यवस्था और बेहतर हो सके।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रामनारायण यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रह्लाद शरण, प्रधान ककरी सचिन सिंह, प्रधान पोखरा गजेंद्र बहादुर सिंह लल्लन बाबू, प्रधान रामनेवाज त्रिवेदी सहित अनेक गणमान्य जन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# आलू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां की वजह से लगा जाम, घंटों फंसे रहे राहगीर

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद के फतेहपुर तहसील क्षेत्र स्थित मोहम्मदपुर खाला चौराहे पर आज शाम भीषण जाम लग गया। इस कारण सूरतगंज और मोहम्मदपुर खाला की ओर से आने-जाने वाले वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। कई वाहन लगभग एक घंटे तक सड़क पर फंसे रहे।बताया गया है कि क्षेत्र में स्थित कोल्ड स्टोरेज में आलू जमा करने के लिए बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पहुंच रही हैं। इनमें से कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क किनारे या सीधे सड़क पर खड़ी हो जाती हैं, जिससे रास्ता संकरा हो जाता है। इसी वजह से वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। शुक्रवार शाम भी यही स्थिति बनी, जिससे चौराहे पर दोनों ओर से यातायात बाधित हो गया।जाम की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को हटवाकर यातायात को व्यवस्थित किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।स्थानीय दुकानदारों अमित, बलराम यादव, आजाद और इलियास ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज का सीजन शुरू होते ही यहां अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के खड़े होने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।कोतवाल आशुतोष कुमार मिश्र ने जानकारी दी कि थोड़ी देर के लिए जाम लगा था, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खुलवा दिया है और अब यातायात सामान्य है।

## महिला शिक्षिका पर पालतू कुत्ते ने किया हमला

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** शहर में एक महिला शिक्षिका पर उनके पालतू लेब्राडोर कुत्ते ने हमला कर दिया। यह घटना तब हुई जब शिक्षिका सुबह विद्यालय जाने से पहले कुत्ते को दुलार रही थीं। हमले में उनके चेहरे और होंठ पर गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में टांके लगवाने पड़े।शहर के सत्यप्रेमी नगर मोहल्ले की निवासी 23 वर्षीय जाह्नवी बाजपेयी शिक्षिका हैं। शुक्रवार सुबह वह अपने घर से विद्यालय के लिए निकल रही थीं। इसी दौरान उन्होंने अपने पालतू लेब्राडोर डॉग को प्यार से सहलाने की कोशिश की। अचानक कुत्ता आक्रामक हो गया और उसने जाह्नवी के चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे उनका मुंह बुरी तरह जख्मी हो गया।

# कथा व्यास ने किया भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन



**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी ।** पूरे झाम तिवारी मजरे बहुता गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तृत वर्णन किया। इसमें नंदोत्सव, माखन चोरी, पूतना वध और कालिया नाग दमन के प्रसंगों को सुनाया। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण के जन्म का समाचार सुनते ही नंदगांव का वातावरण आनंदमय हो गया। गोकुल वासियों ने इस अवसर पर उत्सव मनाया।कथा व्यास ने कहा कि श्री कृष्ण की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक संदेश भी देती हैं। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण ने बचपन में ही यह संकेत दे दिया था कि सच्चा प्रेमी ही उनके प्रेम का अमृत पान कर सकता है। इस अवसर पर सिद्धनाथ त्रिपाठी विनोद त्रिपाठी रामकुमार मिश्र ओमप्रकाश अवस्थी बृजेश त्रिपाठी शिवा शुक्ला राकेश तिवारी धर्मेंद्र तिवारी दिनेश मिश्रा घनश्याम पांडे हरिश्चंद्र त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पीएम किसान उत्सव दिवस का किया गया सजीव प्रसारण

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** गुवाहाटी, असम में आज आयोजित 'पीएम किसान उत्सव दिवस'' में प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की गई। इस कार्यक्रम का जनपद स्तर के साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरग?, बाराबंकी एवं समस्त विकास खण्डों में किसान कल्याण केन्द्र/ विकास खण्ड मुख्यालय पर सजीव प्रसारण भी कराया गया। साथ ही कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों/पंचायत सहायकों एवं जनसुविधा केन्द्रों द्वारा भी ग्राम पंचायतों में वर्चुअल रूप से अपने मोबाइल/लैपटाप द्वारा किसानों के मध्य लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से प्रसारण कराया गया। जनपद स्तर पल्हरी प्रक्षेत्र स्थित प्रांगण में उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्षा, बाराबंकी श्रीमती राजरानी रावत, जिलाध्यक्ष भाजपा राम सिंह वर्मा, भाजपा नेता अम्बरीष रावत, संयुक्त कृषि निदेशक, अयोध्या मण्डल अवतीन्द्र कुमार मिश्रा, उप कृषि निदेशक, बाराबंकी धीरेन्द्र सिंह सहित लगभग 200 से अधिक कृषक उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आज जनपद स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा एवं कन्वर्जेंस बैठक का आयोजन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक में जनपद के पोषण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़े सभी विभागों की प्रगति और योजनाओं के संचालन की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण एक समेकित दायित्व है और इससे जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के मध्य सक्रिय एवं सतत समन्वय आवश्यक है। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में सीवियर एनिमिक गर्भवती महिलाओं की व्यक्तिगत रूप से विशेष निगरानी करते हुए उन्हें रक्त अल्पता की समस्या से निजात दिलाई जाए।

### कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों के पोषण में सुधार के दिये विशेष निर्देश

जिलाधिकारी ने कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों के पोषण में सकारात्मक सुधार हेतु विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैम और मैम बच्चों के स्वास्थ्य का देखभाल रखा जाए, आवश्यकता पड़ने पर एन आर सी में एडमिट कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग की आर बी एस के टीम को नियमित विजिट करने हेतु निर्देशित किया गया कि लापरवाही बरतने पा संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अंजू प्रजापति द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा हेतु डीआरडीए गांधी सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। सदस्या ने आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पीड़ित महिलाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई के दौरान उन्हें कुल पांच शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने सभी मामलों में तात्कालिक समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। सदस्या श्रीमती अंजू प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग और सशक्त बन सकें।

## खबर एक नजर

### दबिश के दौरान 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा तहसील लालगंज के थाना खीरों अंतर्गत ग्राम महारानीगंज एवं नंदा खेड़ा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### लोक जनशक्ति पार्टी आर ने अपनी जिला कार्यकारिणी घोषित की

**रायबरेली।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने जिला में अपने संगठन विस्तार की प्रक्रिया तेज कर दी है। लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष अभय सिंह ने मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव सुनील सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव जय सिंह को बुके भेट कर व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में रायबरेली में कार्यकर्ता जोड़ो अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अनिल दुबे को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष और समाजवादी पार्टी छोड़कर आए शकील खान को जिला प्रधान महासचिव और मारुत त्रिपाठी को प्रवक्ता मनोनीत किया गया, जबकि जिला उपाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, अवधेश चौधरी, शरद श्रीवास्तव, विजय पासी, नरेंद्र बहादुर, कमल कौशल गुप्ता नियुक्त किया गया। जिला महासचिव विश्वनाथ सोनी, अनुज वर्मा, मनोज सिंह, सच्चे लाल पासी, निहित बाजपेई और जिला सचिव गोविंद दीक्षित, अभिषेक सिंह, कुशाग्र सोनकर, अंशु साहू, मनीष पासी, अतुलित बाजपेई, प्रबुद्ध भरत पांडे, प्रदीप शुक्ला, अजय पासवान को बनाया गया। पार्टी का यह अभियान तेजी से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में फैल रहा है। बैठक में जिला अध्यक्ष अभय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का उद्देश्य जिले में अपना आधार बढ़ाना और आगामी 2027 के चुनावों के लिए एक मजबूत संगठन तैयार करना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जोड़ो अभियान के माध्यम से पार्टी हर विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए तेजी से काम कर रही है, और सभी तहसील और ब्लॉक स्तर के पदों को जल्द ही भरा जाएगा। नए पदाधिकारियों की नियुक्ति जिला विधिक सलाहकार सर्वेंद्र प्रताप सिंह ने नए पदाधिकारियों की नियुक्ति पर खुशी जाहिर की और कहा कि सभी नव मनोनीत पदाधिकारी उत्साहित हैं और पूरे जोश के साथ संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता और संगठन के लोग हर पंचायत में जाकर समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अभिषेक सिंह, देशराज पासी, प्रदीप पासी, कृष्ण देव, अखिलेश यादव, अमरेश पाल, आशीष कुमार पासवान, मोहित सोनकर, मनोज कुमार, लवकुश, भानु प्रताप, संतोष पाल, हरिओम मिश्रा को मनोनीत किया गया। पार्टी के इस अभियान से यह साफ है कि लोक जनशक्ति पार्टी आर रायबरेली जिले में अपनी जड़ें मजबूत करने और आगामी चुनावों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हो रही है।

**चार अप्रैल को दिल्ली में टेट अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक करेंगे प्रदर्शन**

रायबरेली। बेसिक शिक्षा परिषद में वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का सम्मान जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की तरफसे 02 अप्रैल को चक अहमदपुर में भव्य आयोजन करके आयोजित किया जाएगा। इसके साथ टीएफआई के आह्वान पर टेट अनिवार्यता के विरोध में 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने जा रहे धरने को सफ्ल बनाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के संयुक्त कार्य समिति की आवश्यक बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय चक अहमदपुर नगर क्षेत्र में जनपदीय संरक्षक समर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि भव्य तरीके से इस वर्ष भी शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉकों से सेवानिवृत्त होने जा रहे शिक्षकों की सूची मांगी गई है। 31 मार्च2026 को पूरे जिले में कुल 69 शिक्षक सेवा निवृत्त होने जा रहे शिक्षकों के देयकों के आवेदन पत्रावलियों के प्रेषण के संबंध में सभी ब्लॉक अध्यक्ष को जिम्मेदारी दी गई है। जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा कि जनपदीय कार्य समिति के चुनाव व त्रैवार्षिक अधिवेशन के संबंध में भी सभी से चर्चा की गई है। जिला महामंत्री सियाराम सोनकर ने कहा कि टीएफआई के आह्वान पर टेट अनिवार्यता के विरोध में 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में धरना आयोजित किया जा रहा है। धरने कको सफल बनाने के संबंध में यहाँ से भारी संख्या में शिक्षकों के जाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि संगठन टेट अनिवार्यता जैसी सरकार की दुरभिसन्धि के विरोध में आन्दोलन के साथ ही शिक्षकों के सम्मान व शिक्षक हितों के प्रति वचनबद्ध है। संगठन की इसकी आखिरी दम तक लड़ाई लड़ेगा।

### खाटू श्याम भक्तों ने शुरू की 1400 किमी धार्मिक पद यात्रा

**रायबरेली।** लालगंज कस्बा के घोसियाना मोहल्ले से शुक्रवार को खाटू श्याम भक्तों ने सालासर धाम तक 1400 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू की। यात्रा पर निकलने से पहले श्रद्धालुओं को गाजे-बाजे के साथ विदा किया गया। सभी ने उनकी यात्रा की सफलता और सुरक्षित वापसी की कामना की। नगर के खाटू श्याम भक्त नगर निवासी अंकित अग्रहरि और सुजल जायसवाल ने इस धार्मिक यात्रा की शुरुआत की। दोनों श्रद्धालुओं ने सबसे पहले बरदाही मोहल्ला स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर भगवान खाटू श्याम के दर्शन किए। मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद पैदल यात्रा के लिए रवाना हो गए। सुजल जायसवाल ने बताया कि वे सालासर धाम तक करीब 1400 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करेंगे। यात्रा शुरू होने पर मोहल्ले और नगर के लोगों ने दोनों भक्तों का उत्साह बढ़ाया। फूल-माला, पहनाकर उन्हें विदा किया गया। इस मौके पर राजकुमार जायसवाल, पंकज जायसवाल, ज्योति जायसवाल, संजय अग्रहरि, मीना अग्रहरि और सुशील सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पेट्रोल-डीजल व एलपीजी आदि की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में पेट्रोलियम पदार्थ यथा. पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी आदि की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु एक बैठक संबंधित अधिकारियों व पेट्रोलियम के विक्रय अधिकारियों व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में पेट्रोलए डीजल एवम् रसोई गैस आदि की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में घरेलू रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में उपभोक्ताओं के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं यथा. चिकित्सालयों, आश्रमों, शैक्षणिक संस्थानों, केन्द्रीय विद्यालयों, सुरक्षा कर्मियों एवम् अन्य प्रतिष्ठानों को पेट्रोल, डीजल एवम् रसोई गैस आदि की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनमानस को आश्वस्त किया जाए कि जनपद में घरेलू गैस, पेट्रोल व डीजल की आदि की पर्याप्त उपलब्धता है। इसके साथ ही प्रत्येक गैस एजेन्सी के लिए आपूर्ति विभाग का एक अधिकारी नामित किया जाए, जिससे यदि कही पर कोई समस्या आती है तो वह शीघ्र उसका निराकरण करा सके।

# राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति, रायबरेली के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास 5 कालीदास मार्ग पर शिष्टाचार भेंट की। समिति की ओर से मुख्यमंत्री को उनकी सफ ल जापान एवं सिंगापुर यात्रा के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाएं ज्ञापित की गईं। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनपद के विकास से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं और प्रस्तावों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इसमें विशेष रूप से जनपद में भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण तथा हैदरगढ़ स्थित शुगर मिल के बंद होने से किसानों को हो रही गन्ना उठान की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका अवध केसरी का मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा विधिवत विमोचन भी कराया गया। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में जनपद के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। मुख्यमंत्री ने समिति के सदस्यों को जनहित में और भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने पत्रिका अवध केसरी के दसवें अंक के प्रकाशन की शुभकामनाएं दी और प्रसन्नता जताई कि समिति बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। पत्रिका के दसवें अंक में अमर सेनानी राना बेनी माधव बख्श सिंह द्वारा हम सबको अंग्रेज आक्रांताओं से मुक्ति दिलाने के लिए किए गए संघर्ष के बारे में लेखकों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई है। इसके साथ ही 1857 में साहित्यकारों ने भी देश की आजादी में अपनी कलम के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसका भी विवरण इस अंक में विस्तार से दिया गया है। समिति का उद्देश्य है कि अवध केसरी पत्रिका के माध्यम से जन.जन तक 1857 क्रांति में अमर शहीद हुए योद्धाओं के बारे में जानकारी पहुंचाना, उस समय किन परिस्थितियों में देश की रक्षा के लिए संघर्ष किया गया था, उसके बारे में लोगों को बताना और युवाओं को राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करना है। समिति का प्रयास निरंतर अमर शहीद के परिजनों का सहयोग करना और उनके द्वारा किए गए कार्यों से हर किसी को अवगत कराना है। जिससे देश का भविष्य राष्ट्रहित का चिंतन करें, आध्यात्मिक धार्मिक के साथ ही देश के विकास में अपनी भूमिका निभाए। मुख्यमंत्री ने समिति के सदस्यों को जनहित में और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर समिति के संरक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह, कौशलेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष राकेश भदौरिया, रविन्द्र सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, जितेंद्र सिंह, एसपी सिंह, आरबी सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

**उड़वा में स्थित मंदिर के पुनरोद्धार की मांग**

मुख्यमंत्री के साथ संवाद के दौरान समिति ने गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर बताया कि अभी सैकड़ों किसानों का गन्ना खेत में खड़ा है और हैदरगढ़ की चीनी मिल बंद कर दी गई। वहीं जिले में बनने वाले गेट का नाम राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक द्वार रखने की मांग की। समिति ने राना बेनी माधव बक्श सिंह के पैतृक गांव उड़वा में स्थित मंदिर के पुनरोद्धार की मांग की।

## आरसीए ने होली मिलन समारोह पर किया हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** रायबरेली कोचिंग एसोसिएशन (आरसीए) द्वारा होटल दीप पैलेस में धूमधाम के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन, रंगोत्सव तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें शहर के शिक्षकों, कवियों और गणमान्य लोगों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम में फ्तेहपुर से आए कवि समीर शुक्ला ने अपने लोकप्रिय गीत दम बनी रहे, घर चुवा करे, प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। वहीं राघवेन्द्र सिंह राघव ने अपने चुटीले और हास्यपूर्ण अंदाज़ से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। शायर ज़मीर ने दिलजली और बेवफ़ा शायरी सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को पुराने दिनों की यादों में ले गए। इस अवसर पर आरसीए के अध्यक्ष तारिक़ ख़ानए जो स्वयं भी एक जाने-माने शायर हैं, ने सभी के आग्रह पर अपना काव्य पाठ किया। उन्होंने अपने अशआर से महफ़िल में अलग ही रंग भर दिया।

आज सारे दिन चली चैनलों पे ये ख़बर, रात एक नाज़नीन छिपकली से डर गई। कैसा दिलनशीं था वो जब जुदा हुए थे हम, आज उसको देख कर मेरी आँख भर गई। श्रोताओं ने उनकी ग़ज़लों को खूब सराहा, जिनमें गंभीरता के साथ-साथ मौजूदा हालात की झलक भी दिखाई दी। कार्यक्रम में संरक्षक समिति से एडवोकेट आलोक श्रीवास्तव, सूरज शुक्ला, अमित शुक्ला, नवीन सिंह, आज़मी जमाल, मोहम्मद अयाज़, शक्ति ओझा तथा अनुशासन समिति से मनीष निगम, ध्रुव उपस्थित रहे। इसके अलावा धीरज, सोमेश चंद्र, सुनील, अंकुर, अमरेन्द्र, देवेन्द्र, पवन विक्रम, प्रवीण शुक्ला, अखिल, गीतेश दीक्षित, आकाश श्रीवास्तव, रत्नेश सहित समिति से हिमांशु धनुक, देशराज, धर्मेंद्र वर्मा आदि भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। होली मिलन समारोह का समापन आपसी भाईचारे, रंगों और कविताओं की खुशबू के साथ हुआ।

## महिला आयोग की सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनीं शिकायतें



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य पुनम द्विवेदी ने जिला पंचायत सभागार में महिला उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए।

निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। महिला जन सुनवाई के दौरान 25 शिकायत प्राप्त हुई जिन्हें शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है और किसी भी पीड़िता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ठाकुर बाबा धाम के सुंदरीकरण कार्य का हुआ शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** सलोन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम सभा बिरनावा स्थित सुप्रसिद्ध ठाकुर बाबा धाम के सुंदरीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है। पर्यटन विभाग द्वारा इस परियोजना पर लगभग 1 करोड़ की लागत व्यय की जाएगी। इस योजना के तहत ठाकुर बाबा धाम को नया और भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। परिसर में विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्यों के साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी, जिससे यहां आने वाले भक्तों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकें। स्थानीय लोगों का मानना है कि सुंदरीकरण कार्य पूरा होने के बाद यह पावन स्थल न केवल श्रद्धालुओं के लिए अधिक आकर्षक बनेगा, बल्कि क्षेत्र के पर्यटन मानचित्र पर भी अपनी नई पहचान स्थापित करेगा। यह पहल सांस्कृतिक विरासत को संजोने और आस्था के प्रमुख केंद्रों को भव्य रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश मिश्र, कुंवर सिंह, नागेंद्र कुमार मिश्र और अजय द्विवेदी सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## लोक अदालत के जनक थे शिवदयाल चौरसिया-इ. वीरेंद्र



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी विचारों के धनी, लोक अदालत के जनक, पूर्व सांसद शिवदयाल सिंह चौरसिया की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिला अध्यक्ष इ. वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर मनायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि शिवदयाल सिंह चौरसिया काका कालेलकर आयोग के सदस्य, उ.प्र के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद के क़ानूनी सलाहकार, लखनऊ हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के सफल अधिवक्ता एवं राज्य सभा सांसद थे उन्होंने सांसद रहते हुए देश के संविधान में संशोधन कराकर आमजनों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कराने का मार्ग प्रशस्त कराकर लोक अदालत शुरू करायी जो वर्तमान में भी सहायक सिद्ध हो रही हैं। वह शोषितों वंचितों दलितों पिछड़ों गरीबों के हितैषी एवं सामाजिक अन्याय के प्रबल विरोधी थे। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जिला उपाध्यक्ष डीपी पाल ने कहा कि देश के संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर से उनके विचारों का मेल होने के कारण प्रायः देश की सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था पर दोनों महापुरुषों की अनेकों बैठकें हुई उन्होंने सामाजिक राजनीतिक शैक्षिक एवं आर्थिक रूप से जागरूक करने के लिए आदि हिंदू सभा का गठन किया जिसे बाद में डा अंबेडकर द्वारा बनायी डिप्रेस्ड क्लासेज लीग में विलय कर दिया। शिवदयाल सिंह चौरसिया से प्पेरियार रामास्वामी के मधुर संबंध थे उनके आमंत्रण पर पेरियार रामास्वामी ने अनेकों सेमिनार को सम्बोधित किया।

प्रदेश सचिव डा. शशिकांत शर्मा ने कहा कि मान्यवर काशीराम के द्वारा संचालित बामसेफ की मजबूती हेतु शिवदयाल बाबू ने लखनऊ का घर एवं न्यू दिल्ली के सरकारी आवास को कार्यालय के रूप में दे रखा था जहाँ से बामसेफ संगठन का विस्तार होकर संचालित होता रहा वह चुनावी राजनीत में भी सक्रिय रहे वर्ष 1967 में उन्होंने रायबरेली लोकसभा सीट से श्रीमती इंदिरा गांधी के विरुद्ध लोकसभा का चुनाव भी लड़ा। वह दृढ़ निश्चयी एवं प्रगतिशील विचारों के अग्रणी नेता थे। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्य, महासचिव मो अरशद ख़ान, श्रवण आज़ाद, अरुण प्रताप यादव, गंगासागर यादव, सुरजीत सिंह आदि द्वारा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर आशुतोष यादव, शुभम लोहिया, राजेंद्र बहादुर, बलराज राना, राघवेन्द्र यादव, दिनेश केसरुवा, हरिओम पाल, अरविंद, संजय, आशीष यादव, दीपक कुमार, अभिषेक यादव, विजय प्रताप, देवतादीन यादव सहित दर्जनों लोगों द्वारा शिवदयाल सिंह चौरसिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में 100 विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** शासन के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को विज्ञान एवं गणित विषय की क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 छात्र-छात्राओं को शैक्षिक एक्सपोजर विजिट के तहत भ्रमण कराया गया। यह शैक्षिक भ्रमण खण्ड शिक्षा अधिकारी छतोह विजय प्रकाश के नेतृत्व में कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी का भ्रमण कराया गया। यह कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। विद्यार्थियों की टोली प्रातः ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह से अकादमी के लिए रवाना हुई।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विमानन क्षेत्र की कार्यप्रणाली, पायलट प्रशिक्षण प्रक्रिया तथा आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई, जिससे उनमें विज्ञान एवं तकनीक के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ सके। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को पहले ही निर्देशित किया था कि सूचीबद्ध छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय पर यूनिफ ॉर्म में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर उपस्थित कराया जाए तथा भ्रमण के दौरान अनुशासन और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। सहायक अध्यापक विनोद कुमार कोरी ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके भीतर नई संभावनाओं के प्रति उत्साह और जिज्ञासा को भी बढ़ाते हैं। हवाई जहाज और विमानन प्रशिक्षण को करीब से देखने को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर गिरजेश सिंह, अपर्णा चौधरी, प्रीतेश सिंह, नीलम मौर्य, दिनेश कुमार, विक्रम कुमार, जय करन, राजेश कुमार, उत्कर्ष सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## उर्स में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़, खानकाह करीमिया में हुआ भव्य रोजा इफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** नगर पंचायत सलोन के वार्ड मियां साहब का फाटक स्थित ऐतिहासिक खानकाह करीमिया में हजरत शाह नईम अता सलोनी रह0 का 59वां सालाना उर्स अकीदत और धार्मिक माहौल के बीच मनाया गया। इस अवसर पर तिलावत-ए-कुरान, गुस्ल और मिलाद शरीफके साथ ही बड़े पैमाने पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों रोजेदारों और अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। उर्स के मौके पर खानकाह परिसर में दिनभर इबादत और दुआओं का सिलसिला चलता रहा। शाम को आयोजित रोजा इफ्तार में रोजेदारों ने एक साथ रोजा खोला और मुल्क व कौम की तरक्की तथा अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं। रात में तरावीह की नमाज के बाद महफिल-ए-समा का आयोजन किया गया। जिसमें सूफियाना कव्वालियों ने पूरे माहौल को रूहानी रंग में रंग दिया। कव्वालों की पेशकश पर मौजूद अकीदतमंद देर रात तक झूमते रहे। इसी क्रम में हजरत मखदूम पीर अशरफ सलोनी और हजरत पीर पनाह सलोनी का कुल भी अकीदत के साथ कराया गया। साथ ही हजरत सैयद शाह मोहम्मद हुसैन मियां साहब का कुल भी संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर दुआएं मांगीं। इस अवसर पर खानकाह के गद्दी नशीन शाह, अहमद हुसैन, जाफरी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अदनान मियां, अर्जुन पासी, इरफान सिद्दीकी, मुन्ना पठान, एजाज कोटेदार, बच्चन भाई, अनवर खान और चंदन प्रधान के बेटे सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पिकअप चालक को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली।** एनटीपीसी की ऐश पाइपलाइन से लोहे के पाइप चोरी करने के मामले में पुलिस ने पिकअप चालक को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पिकअप में पाइप के 24 नग बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है, जबकि इस घटना में शामिल दो आरोपी मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस ने पिकअप चालक को जेल भेजा है। एनटीपीसी परियोजना से निकलने वाली राख तीन पाइपलाइन के सहारे अरखा गांव में बने ऐशपॉन्ड पर लाई जाती है। पाइप पुरानी होने के कारण निष्प्रयोज हो गई है। गुरुवार की रात अरखा पाइपलाइन के पास इन्ही पाइपों को काटकर पुलिस ने पिकअप पर लादकर बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। तभी किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी,

सूचना पर एसआई सौरभ पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पिकअप चालक को माल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में पिकअप चालक रमेश कुमार निवासी पूरे गुर्जर मजरे कंदराँवां तथा मौके से फरार हुए मुगलपुर गाँव निवासी चांद बेग व गुफरान के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि पिकअप चालक रमेश कुमार को जेल भेजा गया है और फ्रार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ठगी का नया तरीका : गैस के चक्कर में कहीं कंगाल न हो जाएं, बरतें सावधानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है। यह चेतावनी एलपीजी की उपलब्धता को लेकर चल रही घबराहट के बीच दी गई है। साइबर अपराधी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों को ठगने और उनकी गाढ़ी कमाई चुराने का प्रयास कर रहे हैं।

**गैस एजेंसियों के दावों वाली कॉल पर भरोसा न करें-** पुलिस ने संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी है। अज्ञात नंबरों से आने वाली गैस एजेंसियों के दावों वाली कॉल पर भरोसा न करें। साइबर अपराधी एलपीजी सिलिंडर की कमी की अफवाहों का उपयोग कर रहे हैं। वे धोखाधड़ी वाले लिंक और कॉल के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को फंसा रहे हैं।




**जागरूकता वीडियो जारी किया-** दिल्ली पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की। इसके साथ ही एक जागरूकता वीडियो भी जारी किया गया। वीडियो में बताया गया है कि धोखेबाज कैसे घबराहट पैदा कर गैस बुकिंग या आपूर्ति पुष्टि के लिंक पर क्लिक करने को उकसाते हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, ऐसे लिंक से व्यक्तिगत या बैंकिंग विवरण चोरी होकर वित्तीय नुकसान हो सकता है।

**साइबर अपराधियों की कार्यप्रणाली-** धोखेबाज गैस एजेंसी के प्रतिनिधि बनकर निवासियों को कॉल कर सकते हैं। वे सिलिंडर सुरक्षित करने के लिए तत्काल सत्यापन या पंजीकरण का दावा करते हैं। पीड़ितों को मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से भेजे गए लिंक पर क्लिक करने को कहा जाता है। उन्हें फाइलें डाउनलोड करने के लिए भी कहा जा सकता है। नागरिकों को ऐसी किसी भी गतिविधि से बचना चाहिए।

**पुलिस की सलाह और बचाव-** पुलिस ने एलपीजी कमी की अफवाहों को साइबर धोखेबाजों का चारा बताया है। नागरिकों को अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए।

किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करें। अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी किसी भी अज्ञात व्यक्ति या स्रोत से साझा न करें। सतर्कता ही साइबर धोखाधड़ी से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है।

**अगर आप स्कैम का शिकार हो जाएं तो क्या करें?**

अगर गलती से आपने किसी फर्जी लिंक पर पेमेंट कर दिया है तो बिलकुल घबराएं नहीं, बल्कि इसपर तुरंत एक्शन लें। - ऐसी स्थिति में सबसे पहले भारत सरकार के साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके घटना की जानकारी दें।- इसके अलावा, आप नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (cybercrime.gov.in) पर जाकर भी अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।-आपको यह बात हमेशा ध्यान रखनी चाहिए कि फ्रॉड होने के बाद आप जितनी जल्दी शिकायत दर्ज करेंगे, आपके पैसे वापस मिलने की संभावना उतनी ही ज्यादा बढ़ जाती है।

## पांच माह के दुधमुंहे का पेट नुकीले पत्थर से फाड़ा

**जौनपुर।** जौनपुर जिले की सीमा से सटे जंघई क्षेत्र के सरायममरेज थाना के पिलखिनी गांव के पूरे जयसिंह बस्ती में एक महिला ने अपने दुधमुहे बच्चे के पेट को नुकीले पत्थर से फाड़ डाला। इसके बाद शव को महुआ के

■ **कातिल मां ने पत्ते के नीचे छिपाया शव**

पत्ते के नीचे छिपा दिया। इस घटना को महिला ने पारिवारिक कलह से तंग आकर अंजाम दिया। सरायममरेज थाना के पिलखिनी गांव निवासी संतोष यादव मजदूरी करके जीवन यापन करता है। उसकी पत्नी मनोरमा अपने दुधमुहे बच्चे ईश्वर (पांच माह) के साथ रहती है। बुधवार की शाम संतोष मजदूरी करके घर आया तो देखा कि उसका बच्चा मौके पर नहीं है। उसने पत्नी से पूछा की बच्चा कहां है? पत्नी मनोरमा गुस्से में बोली उसे मारकर तालाब के पास फेंक दिया। इसके बाद संतोष अपने बच्चे को खोजने तालाब के पास गया। जहां बच्चे का कुछ पता नहीं चल सका। घर लौटकर पत्नी से कड़ाई से पूछा तो मनोरमा ने सच्चाई उगल दी। बताया कि पशुशाला में महुआ के पत्ते के नीचे शव को छिपाया है, जिसके बाद संतोष मौके पर पहुंचा और शव देख कर हैरान रह गया। बुधवार रात को घटना की सूचना मिलने पर सरायममरेज थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा, जंघई चौकी इंचार्ज शरद सिंह मौके पर पहुंचे। मृत बच्चे के शव को कब्जे में ले लिया। घटना के बाद मनोरमा का पति पुलिस के डर से भाग गया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस मनोरमा को पकड़कर थाने ले गई। ग्रामीणों का कहना है कि पति-पत्नी में रोज कहासुनी होती रहती थी। दोनों की शादी दो साल पहले ही हुई थी। मनोरमा संतोष यादव की दूसरी पत्नी है। थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल कुमार मिश्र का कहना है पारिवारिक कलह से आजीज आकर महिला ने अपने बच्चे को मौत के घाट उतार दिया। पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## झटका मशीन ने छीन लीं महिला की सांसें

**खेत में पाइप बिछाते समय हुई मौत**

**बलिया।** बलिया शहर से सटे निधरिया गांव में झटका मशीन की चपेट में आने से पूर्व प्रधान की पत्नी की मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। वहीं इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त रहा। फेफना थाना के निधरिया गांव में खेत के घेराबंदी में झटका मशीन लगा हुआ था। शुक्रवार को पूर्व प्रधान लाल बिहारी की पत्नी लक्ष्मी देवी (48) खेत की सिंचाई के लिए पाइप बिछा रही थीं, उसी दौरान पड़ोसी के खेत में घेराबंदी के लिए लगाए गए तार में झटका मशीन का करंट आया, जिसकी चपेट में आने से लक्ष्मी देवी अचेत हो गईं। आसपास के लोगों ने देखा तो दौड़कर डंडा मारकर करंट छुड़ाया और इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं खेत में झटका मशीन लगाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। फेफना थाना प्रभारी विश्वदीप सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन 18 मार्च से

**उत्तरपुस्तिका में मिले रुपये राजकोष में होंगे जमा**

**आगरा।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। अब उत्तरपुस्तिकाओं के जांचने की तैयारी की जा रही है। 18 मार्च से 1 अप्रैल तक होने वाले मूल्यांकन के लिए मंडल में 15 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें आगरा, मैनपुरी और फिरोजाबाद में 4-4 और मथुरा में 3 मूल्याकंन केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षकों को 16 मार्च को मूल्यांकन केंद्र पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। 17 मार्च को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बिना परिचयपत्र के कोई भी प्रवेश नहीं कर सकेगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. मुकेश अग्रवाल ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में किया जाएगा। कंट्रोल रूम से भी निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई भी परीक्षक उत्तरपुस्तिका की गोपनीयता भंग नहीं करेगा। ऐसा करने पर उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मूल्यांकन कक्ष में कोई भी मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर प्रवेश नहीं कर सकेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षक एक दिन में हाईस्कूल की 50 और इंटर की 45 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच कर पाएंगे। परीक्षकों की अनुपस्थिति होने पर मूल्यांकन केंद्र के उप नियंत्रक स्वयं किसी की नियुक्ति नहीं करेंगे।

### ताजमहल पर अपनों से बिछड़ गया इटली का पर्यटक

**पुलिस ने होटल तक पहुंचाया**

**आगरा।** ताजमहल देखने आए इटली के समूह से 66 वर्षीय जियोवानी बिछड़ गए। वह हिंदी या अंग्रेजी भाषा न जानने की वजह से किसी से मदद नहीं मांग पा रहे थे। ताज सुरक्षा पुलिस ने गूगल की मदद से उन्हें होटल तक सकुशल पहुंचाया। इटली से आए पर्यटकों के समूह ने बृहस्पतिवार सुबह ताज का दीदार किया। करीब 8.30 बजे सभी को पूर्वी गेट से बाहर निकलना था। मगर, जियोवानी गलती से पश्चिमी निकास द्वार से बाहर निकले। वह समूह से बिछड़ गए। अमरूद टीला बैरियर प्रभारी दशरथ सिंह ने विदेशी पर्यटक को परेशान देख कार्यवाहक थाना प्रभारी शिवराज सिंह को सूचना दी। िजियोवानी की भाषा किसी को समझ नहीं आ रही थी। गूगल ट्रांसलेट का सहारा लिया गया। पता चला कि वह होटल रिट्रीट में ठहरे हैं। उन्हें सरकारी वाहन से होटल पहुंचाया गया। जियोवानी को सुरक्षित देख उनके समूह की जान में जान आई।

### बग्घी की टक्कर से महिला की मौत

**खेत से घर वापस आते समय हुआ हादसा**

**संतकबीर नगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के मठियापार गांव में बुधवार की शाम बग्घी की ठोकर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आए। जहां पर चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके साथ की कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार ग्राम मठियापार गांव निवासी कतवारी देवी 55 वर्ष पत्नी रामरूप बुधवार शाम करीब 6 बजे खेत से अपने घर वापस आ रही थीं। उसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही घोड़ा बग्घी से ठोकर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल आए। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस टीम जिला अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में भेजवा दिया। जिला अस्पताल में महिला को मृत घोषित किए जाने की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कतवारी देवी के दो लड़की अंजनी, रंजनी तथा दो लड़के सर्बजीत, अजीत हैं। दोनों बेटियों तथा एक लड़के की शादी हो गई है। केवल छोटे लड़के अजीत की शादी नहीं हुई है।

## बिना रजिस्ट्रेशन 12 साल से दौड़ रही थी स्कूल बस

**आगरा।** अधिकारियों की लापरवाही नौनिहालों की जान पर भारी पड़ रही है। संभागीय परिवहन विभाग, पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के बीच स्कूली वाहनों के बारे में तालमेल नहीं बैठ सका है। पिछले तीन साल से यूपी बोर्ड के स्कूलों की वाहन सूची तक तैयार नहीं हुई है। इसी बात का फायदा खटारा और अनफिट वाहन




■ **छात्रा की मौत के बाद जागे अधिकारी**

चलाने वाले उठा रहे हैं। अब एक और बेटी की जान जाने के बाद पुराने रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं लेकिन कुछ नहीं मिल रहा। आरबीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भागूपुर की छात्रा नैना की मौत स्कूल वाहन की टूटी फर्श से सड़क पर गिरने और पहिये से कुचल जाने से हुई। इस घटना पर उप परिवहन आयुक्त विदिशा सिंह बृहस्पतिवार सुबह ही आरटीओ कार्यालय पर आ गईं। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की और दुर्घटना करने वाली बस का रिकॉर्ड खंगाला गया लेकिन कोई जानकारी हाथ नहीं आई। इसकी एक वजह बस का वाहन नंबर नहीं मिलना रहा। यह स्कूली बस करीब 12 साल से सड़कों पर दौड़ रही है लेकिन आरटीओ, पुलिस और शिक्षा विभाग किसी को जानकारी नहीं। ऐसे कई खटारा और अनफिट वाहन सड़कों पर लोगों की जान ले रहे हैं और अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। जिले में 1399 स्कूली बसों का पंजीकरण आरटीओ में है, जिसमें से 56 की फिटनेस जांच अधूरी है। जबकि जिले में सैकड़ों की संख्या में अनफिट और खटारा स्कूली वाहन संचालित किए जा रहे हैं। इनकी सूची आरटीओ तैयार नहीं कर सका है। संभागीय परिवहन विभाग ने सभी बोर्ड के स्कूलों से वाहनों की सूची तीन साल पहले मांगी थी। यूपी बोर्ड को छोड़कर अन्य बोर्ड के स्कूलों ने वाहनों की सूची उपलब्ध करा दी। जिले में यूपी बोर्ड के करीब 925 विद्यालय हैं, तो आठवीं तक के भी एक हजार विद्यालय हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से यह सूची तैयार नहीं हो सकी है। अब उप परिवहन आयुक्त ने फिर से सूची तैयार करने का निर्देश दिया है। उप परिवहन आयुक्त ने बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को आरबीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भागूपुर की मान्यता रद्द करने के लिए पत्र लिखा है। इसमें बिना रजिस्ट्रेशन के स्कूली वाहन संचालित करना लिखा गया है। उप परिवहन आयुक्त विदिशा सिंह ने बताया कि स्कूल प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। स्कूली बस का रिकॉर्ड खोजा जा रहा है।

## के-पॉप बैंड में शामिल होने कार से मुंबई पहुंचीं सिंगर बहनें

**मेरठ।** मेडिकल कॉलेज थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी एक महिला ने 10 मार्च को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने बेटे को परीक्षा दिलाने गई थीं। घर लौटने पर उनकी दोनों बेटियां घर

■ **मां ने दर्ज कराई थी अपहरण की रिपोर्ट**

पर नहीं मिलीं। साथ ही घर से कपड़े, कुछ सामान, पैसे और पंच कार भी गायब थी।

मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों बहनें कोरियन कल्चर से काफी प्रभावित थीं।

पुलिस के अनुसार बड़ी बहन के परिचित एक युवक ने उन्हें झांसा दिया था कि वह उन्हें कोरिया भेज सकता है।

उसने बताया था कि पहले मुंबई पहुंचना होगा और वहां से हवाई जहाज के जरिए दक्षिण कोरिया ले जाया जाएगा, जहां वे के-पॉप बैंड में शामिल हो सकती हैं। जांच के दौरान पुलिस को दोनों की लोकेशन मुंबई के वर्सोवा थाना क्षेत्र में मिली। इसके बाद मेरठ पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस से संपर्क किया और टीम मुंबई पहुंची। वहां से दोनों बहनों को पुलिस ने सुरक्षित सुपुर्दगी में ले लिया।

**सात भाषाओं में गाने गाती हैं दोनों बहनें**

सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी के मुताबिक दोनों बहनें प्रतिभाशाली सिंगर हैं और करीब सात भाषाओं में गाने गाती हैं। उन्हें कोरिया भेजने का झांसा देने वाले युवक के बारे में पुलिस जांच कर रही है।

**के-पॉप का बढ़ता प्रभाव**

बताया जा रहा है कि के-पॉप यानी कोरियन पॉप म्यूजिक का प्रभाव भारत के युवाओं, खासकर किशोरों में तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया और इंटरनेट के जरिए कई लोग इस कल्चर से प्रभावित हो रहे हैं। पुलिस का कहना है कि कई मामलों में युवाओं को सोशल मीडिया या अन्य ऑनलाइन माध्यमों के जरिए विदेश भेजने या म्यूजिक इंडस्ट्री में मौका दिलाने का झांसा भी दिया जाता है। ऐसे मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है।

## रेलवे ट्रैक के पास मिलीं तीन लाशें

**बुलंदशहर।** नेहरूपुर गांव के खेत के पास रेलवे लाइन किनारे एक पेड़ के नीचे पांच साल की बच्ची सावंती और उसके चाचा सरल (28) का शव पड़ा मिला। वहीं पेड़ पर बच्ची

■ **युवक और बच्ची के शव पड़े थे नीचे, भाभी पेड़ से लटकी मिली**

की मां देवी सरकार (32) का शव पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। पुलिस मामले में हत्या और आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है।

घटना स्थल पर चिप्स, कोल्ड ड्रिंक, पानी की बोतल और टूटे हुए दो फोन पड़े मिले। सूचना मिलने पर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह, सीओ खुर्जा शोभित कुमार और खुर्जा नगर व खुर्जा देहात थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। सीओ खुर्जा शोभित कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह रेलवे के कीमैन ने पुलिस को सूचना दी कि खेत के किनारे पेड़ के नीचे शव पड़े हैं। सूचना पर जांच पड़ताल की। प्रथम दृष्टया घटना आत्महत्या की प्रतीत हो रही थी, लेकिन महिला का पति अपीश्वर अभी फरार है। ऐसे में हत्या की भी संभावना हो सकती है।

मौके पर दो अलग अलग जगह पर सात चिप्स, एक कोल्ड ड्रिंक, पानी की बोतल, एक पराठा और एक सेब मिला। वहीं दोनों के मोबाइल भी टूटे थे। महिला देवी सरकार का शव रस्सी के फंदे से लटका था। वहीं जमीन पड़े सरल और बच्ची सावंती के शव में गर्दन पर भी रस्सी के निशान थे।

सीओ ने बताया कि मृतक महिला देवी सरकार मूल रूप से पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जनपद स्थित पूर्वा मल्लापूरा गांव की रहने वाली थी। जो खुर्जा स्थित पॉटरी फैक्ट्री में अपने पति अपीश्वर के साथ मजदूरी करती थी। मृतक युवक सरल सरकार रिश्ते में देवी सरकार का देवर था। सरल सरकार दूसरी पॉटरी इकाई में मजदूरी करता था।

## एलपीजी गैस की समस्या से निपटने के लिए वैकल्पिक साधन अपनाएं

**प्रयागराज।** वर्तमान में व्यावसायिक एलपीजी गैस की चल रही कमी को देखते हुए सभी होटल संचालकों, रेस्टोरेंट मालिकों, कैटरर्स एवं खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों से प्रयागराज होटल एवं रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने अनुरोध किया है कि वे तत्काल प्रभाव से खाना बनाने के वैकल्पिक साधनों को अपनाएं तथा गैस के उपयोग में पूर्ण संयम एवं सावधानी बरतें। वर्तमान परिस्थिति हम सभी से अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी की अपेक्षा करती है ताकि होटल एवं रेस्टोरेंट उद्योग की सेवाएं बिना बाधा के जारी रह सकें। प्रयागराज होटल एवं रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में सभी प्रतिष्ठानों से अनुरोध किया गया है कि जहां संभव हो वहां विद्युत उपकरणों, इंडक्शन, इलेक्ट्रिक तंदूर, पीएनजी गैस, डीज़ल अथवा इलेक्ट्रिक बॉयलर आदि का उपयोग बढ़ाया जाए तथा अधिक गैस खपत वाले व्यंजनों को सीमित किया जाए।

## राज्य विश्वविद्यालय में छात्रों का जमकर हंगामा

**प्रयागराज।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय पर बड़ी संख्या में छात्रों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रतापगढ़, कौशाम्बी, भदोही, मिर्जापुर और फतेहपुर सहित कई जिलों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सुबह से ही विवि गेट पर पहुंचने लगे। छात्रों ने हाथ में बैनर और तख्ती लेकर नारेबाजी शुरू कर दी।

■ **पुलिस को धक्का देकर परिसर में घुसे**

इस दौरान विवि के सुरक्षाकर्मियों और पुलिस बल से तीखी नोकझोंक हो गई। नारेबाजी करते हुए छात्र पुलिसकर्मियों से धक्कामुक्की करते हुए परिसर में घुस गए। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम में बैक कर दिए जाने से नाराज छात्रों में गहरा आक्रोश है। शुक्रवार को छात्रों ने विश्वविद्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया। वे बैक किए गए विद्यार्थियों को प्रमोट किए जाने की मांग कर रहे थे। स्नातक व परास्नातक का परीक्षा परीणाम बीते एक मार्च को आया था। इसके बाद से ही छात्र आंदोलित हैं। पिछले शनिवार को भी छात्रों ने प्रदर्शन किया था। पुलिस अधिकारियों के समझाने पर छात्रों ने विवि प्रशासन को एक सप्ताह की मोहलत देते हुए प्रदर्शन खत्म कर दिया था। बावजूद इसके कोई कार्रवाई न होने शुक्रवार को बड़ी संख्या में छात्रों ने फिर प्रदर्शन किया और विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बैक आए छात्रों को प्रमोट करने की मांग को लेकर गेट पर ही नारेबाजी की गई। छात्रों का कहना है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को बैक कर दिया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में छात्रों को फेल घोषित किया गया है, जिससे वे अपने भविष्य को लेकर काफी परेशान हैं। प्रदर्शन करने वालों में प्रतापगढ़, कौशांबी, मिर्जापुर, भदोही और फतेहपुर के छात्र-छात्राएं शामिल थे। इस दौरान पुलिसकर्मियों और विवि के सुरक्षा गार्डों से छात्रों की जमकर नोकझोंक हुई। नारेबाजी करते हुए छात्र पुलिस से धक्कामुक्की करते हुए परिसर में घुस गए। इसको लेकर काफी देर तक अफरातफरी और गहमागहमी रही।

## गोलघर व्यापार मंडल का होली मिलन समारोह 15 मार्च को

**प्रयागराज।** गोलघर व्यापार मंडल मुट्ठीगंज की बैठक मुट्ठीगंज कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुनील केसरवानी ने किया।

इस अवसर व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश केसरवानी ने बताया कि गोलघर व्यापार मंडल के द्वारा 15 मार्च को रात्रि 8ः00 बजे हटिया पुलिस बूथ चौराहे पर व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं एक्टर सुनील चावला अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे एवं अन्नू राज आर्केस्ट्रा एंड म्यूज़िकल ग्रुप प्रयागराज के द्वारा संगीत एवं सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। संचालन महामंत्री संतोष अग्रहरि ने किया। बैठक में सुशील चंद्र गुप्ता, संदीप केसरवानी, आदि रहे।

## अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बुढ़ाना में खरीदी 55 बीघा जमीन

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कस्बे में बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने करीब 55 बीघा कृषि भूमि खरीदी है। इस जमीन की रजिस्ट्री उन्होंने तहसील स्थित उप निबंधक कार्यालय में अपने नाम कराई। जमीन की कीमत

■ **करीब छह करोड़ में हुई रजिस्ट्री**

करीब छह करोड़ रुपये बताई जा रही है। अभिनेता अपने परिजनों और भाई फिल्म प्रोड्यूसर फैजुद्दीन सिद्दीकी के साथ बुढ़ाना तहसील पहुंचे थे। यहां उप निबंधक पंकज कुमार जैन के समक्ष बैनामे की प्रक्रिया पूरी की गई और आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए।

बताया गया है कि यह कृषि भूमि बुढ़ाना बांगर क्षेत्र में स्थित है, जिसे अभिषेक जैन सहित सात लोगों से खरीदा गया है। इस दौरान उनके



अधिवक्ता प्रशांत शर्मा ने खरीद से जुड़े दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी कराई। रजिस्ट्री के बाद नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपनी माता हज्जन मेहरुनिशां और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मुलाकात की। उनके साथ भाई एडवोकेट अलमासुद्दीन सिद्दीकी और माजुद्दीन सिद्दीकी भी तहसील मुख्यालय पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि अभिनेता के परिवार के पास पहले से भी इस क्षेत्र में जमीन है। इस नई खरीद के साथ उन्होंने अपने पैतृक क्षेत्र से जुड़ाव को और मजबूत किया है।

## मस्जिदों में हुई अलविदा की दो जमात नमाज

**आखिरी जुमा पर अलर्ट, अफसरों ने किया रूट मार्च, ड्रोन से निगरानी**

**प्रयागराज।** आज शुक्रवार को अलविदा (रमजान में पड़ने वाले आखिरी जुमा) की नमाज अकीदत से अदा की गई। अलविदा की नमाज सड़कों, मस्जिदों के बाहर नहीं हुई, ऐसे में अधिक भीड़ की वजह से मस्जिदों में दो जमात का इंतजाम हुआ ताकि सभी लोग नमाज पढ़ सकें। आखिरी जुमा पर मस्जिदों में बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। रोजेदारों की नमाज न छूटे इसके लिए शहर की ज्यादातर बड़ी मस्जिदों में दो बार नमाज पढ़ाई गई। एक नमाज एक बजे दोपहर के करीब हुई तो दूसरी नमाज दो बजे के आसपास अदा की गई। चौक जामा मस्जिद की बात करें तो अलविदा की पहली जमात दोपहर एक बजे मौलाना सैय्यद रईस अख्तर हबीबी ने पढ़ाई। जबकि दूसरी जमात दोपहर दो बजे मौलाना सैय्यद अली असगर रजवी ने अदा कराई। अलविदा की नमाज के मद्देनजर अलर्ट भी जारी हुआ है। शहर में सुरक्षा के खास इंतजाम रहे। खासकर पुराने शहर में पुलिस और



आरएएफ की तैनाती रही। सभी बड़ी मस्जिदों के आसपास फोर्स की तैनाती है। चौक जामा मस्जिद, चक स्थित शिया जामा मस्जिद के आसपास ड्रोन से निगरानी की गई। करेली, खुल्दाबाद, अटाला, रसूलपुर, रोशनबाग, नूरुल्ला रोड, मंसूर अली पार्क, चकिया, बहादुरगंज, नखास कोहना, सब्जी मंडी, चौक, दरियाबाद, रानीमंडी, शाहगंज, जानसेनगंज, कटरा, मुट्ठीगंज, बहादुरगंज आदि इलाकों में रूट मार्च किया गया।

**शबे कद्र की कीमती रातों में पूरी रात इबादत**

प्रयागराज। माहे मुक़द्दस रमज़ान के आखरी अशरे में अपने गुनाहों कबीरा व गुनाहे सग़ीरा से माफी, तौबा और मग़फिरत के लिए दुआएं हो रही हैं। रमजाम की कीमती रातों शबे कद्र पर पूरी रात मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत कर रहे हैं। मस्जिद क़ाज़ी साहब बख्शी बाजार में मौलाना सैय्यद जव्वादुल हैदर रिज़्वी, चक शिया जामा मस्जिद में इमाम ए जुमा हसन रज़ा ज़ैदी, दरियाबाद अरब अली खां में मौलाना इरफ़ान हैदर अली जैदी, मुसल्ला ए ज़ीशान में मौलाना आमिरुर रिज़्वी, दरियाबाद मस्जिद गदा हुसैन में मौलाना ज़रग़ाम हैदर, मस्जिद बीबी खदीजा करेली में मौलाना अलमदार हसनैन, रानीमंडी चकय्या नीम इमामबाड़ा बेग में मौलाना ज़ीशान हैदर, मस्जिद मौला अली दरियाबाद में मौलाना अम्मार ज़ैदी, मस्जिद ए मोहम्मदी लेबर चौराहा करेली में मौलाना वसी हैदर की क़यादत में पूरी रात मुस्लिमों ने इबादत में गुज़ारी।

## अलीगढ़ : फायरिंग में दो गुटों से सात गिरफ्तार

**120 लोगों पर मुकदमा दर्ज**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ शहर के रसलगंज क्षेत्र में हुए सनसनीखेज गोलीकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस ने भाजपा युवा मोर्चा के महानगर मंत्री हर्षद हिंदू समेत दोनों पक्षों के कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए इलाके में सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। रसलगंज पुलिस चौकी इंचार्ज की तहरीर पर दर्ज की गई इस एफआईआर में पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भाजपा युवा मोर्चा के महानगर मंत्री हर्षद हिंदू और उसके पांच साथियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों गुटों से अब तक कुल सात लोग पुलिस की गिरफ्त में हैं। इसकी एसपी सिटी मृगांक शेखर ने पुष्टि की। एफआईआर में 12 लोगों को नामजद किया गया है। घटना में शामिल 100 से 120 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

बीती रात रसलगंज क्षेत्र में दो गुटों के बीच विवाद के बाद जमकर फायरिंग हुई थी। इस गोलीबारी से इलाके में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। रसलगंज चौकी इंचार्ज की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों पर सार्वजनिक रूप से फायरिंग करने और शांति व्यवस्था भंग करने का गंभीर आरोप है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि शहर की फिजा बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही कुछ और गिरफ्तारियां संभव हैं।

# सेंसेक्स 1470 अंक गिरकर 74,564 पर बंद, निफ्टी में 488 अंकों की गिरावट

**नई दिल्ली।** पश्चिमी एशिया में बढ़ते संघर्ष और तेल की बढ़ती कीमतों के कारण शुक्रवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली, विदेशी निधियों की लगातार निकासी और रुपये की कमजोरी ने भी निवेशकों के मनोबल को प्रभावित किया। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज करते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स इंट्रा-डे ट्रेडिंग के दौरान 1,579.82 अंक या 2 प्रतिशत गिरकर 74,454.60 पर आ गया। अंततः बेंचमार्क 1,470.50 अंक या 1.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,563.92 पर बंद हुआ।

50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 488.05 अंक या 2.06 प्रतिशत गिरकर 23,151.10 पर बंद हुआ। रुपया 20 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.45 (अस्थायी) के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।




तेज बिकवाली के चलते बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण से करीब 10 लाख करोड़ रुपये साफ हो गए।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, एसबीआई, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से पिछड़ने वाली कंपनियों में से थीं। हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारती एयरटेल को लाभ हुआ।

**वाहन खरीद प्रक्रिया आसान-** निसान मोटर इंडिया ने केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार के साथ समझौता कर पुलिस व अर्धसैनिक बलों के कर्मियों के लिए वाहन खरीद प्रक्रिया आसान बनाने की पहल की। प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा कि यह पहल सुरक्षाकर्मियों के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

**स्नैकिंग अनुभव-** परफेट्टी वैन मेल्ले के कन्फेक्शनरी ब्रांड चुपा चुप्स ने क्रेज़ी रैफ जेली लॉन्च की, जिस पर विपणन निदेशक गुंजन खेतान ने कहा कि यह किशोर उपभोक्ताओं के लिए मज़ेदार और नया स्नैकिंग अनुभव देने का प्रयास है।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में कीमतें नकारात्मक दायरे में थीं। गुरुवार को अमेरिकी बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। नैस्डैक कंपोजिट 1.78 प्रतिशत, डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1.56 प्रतिशत और एसएंडपी 500 1.52 प्रतिशत गिर गया।

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 100.7 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.25 प्रतिशत बढ़कर 100.7 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। बाजार विनिमय आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 7,049.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# 10 ग्राम सोना 1,904 गिरकर 1.58 लाख का हुआ एक किलो चांदी 7,813 सस्ती होकर 2.60 लाख पर आई

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से चांदी-सोने में शुक्रवार को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,904 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले गुरुवार को सोना 1,60 लाख रुपए प्रति 10ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 7,813 रुपए घटकर 2.60 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 2.68 लाख रुपए किलो थी।



अलग-अलग शहरों में सोने के दाम अलग होने की 4 वजहेंट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटी- सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। **खरीदारी की मात्रा-** दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40%) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। इससे मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। **लोकल ज्वेलरी एसोसिएशन-** हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं। ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं। **पुराना स्टॉक और खरीद मूल्य-** ज्वेलर्स ने अपना स्टॉक किस रेट पर खरीदा है, यह भी मायने रखता है। जिन ज्वेलर्स के पास पुराने और सस्ते रेट पर खरीदा हुआ स्टॉक होता है, वे ग्राहकों से कम कीमत वसूल सकते हैं। **ऑल टाइम हाई से 1.25 लाख रुपए गिरी चांदी-** इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 17,722 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 44 दिन में चांदी 1,25,445 लाख रुपए सस्ती हो गई है। **कीमतें गिरने की 3 बड़ी वजहें-**

**ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम-** अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व की ओर ब्याज दरों में जल्द कटौती की संभावना कम कर दी है। माना जा रहा है कि मार्च की मीटिंग में दरें नहीं घटेंगी।

**कैश पर बढ़ा भरोसा-** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग से मार्केट में अनिश्चितता बढ़ गई है और निवेशक सोने के बजाय नकद हाथ में रखना पसंद कर रहे हैं। इससे सोने की मांग पर असर पड़ा है।

**महंगा तेल और शेयर बाजार की गिरावट-** मिडिल ईस्ट जंग की वजह से तेल की कीमतें भी बढ़ रही हैं, जिससे दुनियाभर के शेयर बाजारों में बिकवाली हो रही है। इसका असर कमोडिटी मार्केट पर भी हो रहा है।

**एक्सपर्ट व्यू- अभी सोने-चांदी में निवेश से बचें-** कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक लोग शेयर बाजार में हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए सोने-चांदी में मुनाफा वसूली कर रहे हैं। इससे सोने-चांदी के दामों में गिरावट है। एक्सपर्ट अनुसार आगे भी ये गिरावट जारी रह सकती है।

# इंडिगो आज से लगाएगा ईंधन अधिभार, टिकट 425 से 2300 रुपये तक होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी इंडिगो ने जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। कंपनी ने 14 मार्च यानि की आज से अपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर ईंधन अधिभार लगाने का फैसला किया है। इस कदम से यात्रियों को अब अपनी यात्रा के लिए अधिक भुगतान करना होगा।

इंडिगो की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह अधिभार 425 रुपये से लेकर 2,300 रुपये तक होगा। यह बढ़ोतरी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह की उड़ानों पर लागू होगी। कंपनी ने बताया कि यह निर्णय जेट ईंधन की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के कारण लिया गया है। पिछले कुछ समय से वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इसका सीधा असर




विमानन कंपनियों के परिचालन लागत पर पड़ रहा है।

ईंधन लागत विमानन कंपनियों के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा होती है। इस अधिभार का उद्देश्य बढ़ती परिचालन लागत के बोझ को कम करना है।

यात्रियों को टिकट बुक करते समय इस अतिरिक्त शुल्क का ध्यान रखना होगा।

यह अधिभार टिकट की मूल कीमत के अतिरिक्त होगा। एयरलाइन ने कहा कि वह बाजार की स्थितियों की लगातार निगरानी करती रहेगी।

**यात्रियों पर प्रभाव और लागू होने की तिथि**

यह नया ईंधन अधिभार 14 मार्च, 2026 से प्रभावी होगा। इसका मतलब है कि इस तिथि के बाद बुक किए गए सभी टिकटों पर यह शुल्क लगेगा। यात्रियों को अपनी यात्रा योजना बनाते समय इस अतिरिक्त लागत को ध्यान में रखना होगा। यह कदम हवाई यात्रा को थोड़ा महंगा बना देगा। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते जेट फ्यूल की कीमतों में हुई तेज बढ़ोतरी के बाद एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस पहले ही यह फैसला ले चुकी है। उन्होंने एक दिन पहले ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर ईंधन अधिभार बढ़ाने का फैसला किया है।

# एलपीजी की कमी से स्विगी-जोमैटो पर ऑर्डर घटे- दिन में 30 नहीं, 5 ऑर्डर मिल रहे, रेस्टोरेंट बंद

**नई दिल्ली।** ईरान-अमेरिका जंग के बीच भारत में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की किल्लत का असर फूड इंडस्ट्री पर भी दिखने लगा है। कई शहरों में रेस्टोरेंट और क्लाउड किचन गैस की कमी से जूझ रहे हैं। इस वजह से स्विगी और जोमैटो जैसे फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर ऑर्डर कम हो रहे हैं। गिग वर्कर्स बताते है कि अब दिन के ऑर्डर 30 से घटकर सिर्फ 5-10 रह गए है, क्योंकि रेस्टोरेंट में मैन्यू बहुत छोटा हो गया है या रेस्टोरेंट बंद हो गए हैं। रोटी, डोसा, और पूरी जैसे ज्यादा गैस की खपत वाले फूड को मैन्यु से हटा दिया गया है। इसलिए लोग अपने पसंद का खाना ऑर्डर नहीं कर पा रहे हैं। गिग एंड प्लेटफॉर्म सर्विस वर्कर्स यूनियन का कहना है कि, जोमैटो और स्विगी जैसे प्लेटफार्मों पर फूड डिलीवरी ऑर्डर 50-60% कैंसल हो रहे है। ऐसे वक्त में कई डिलीवरी पार्टनर जो पहले ज्यादा डिलीवरी करके ज्यादा कमाई करते थे अभी केवल दिन में चार-पांच ही डिलीवरी कर रहे हैं जिसके कारण उनके सामने भी आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है। इसे देखकर यूनियन ने सरकार के सामने कुछ जरूरी मांग रखी हैं। गिग वर्कर्स की 4 प्रमुख मांग- प्रभावित गिग वर्कर्स को तुरंत 10,000 की आर्थिक सहायता दी जाए। स्विगी और जोमैटो जैसे प्लेटफॉर्म पर आईडी डिएक्टिवेशन पर कम से कम 3 महीने की रोक लगाई जाए। डिलीवरी पार्टनर्स को इस अवधि में न्यूनतम इंसेंटिव/आय सुनिश्चित की जाए। गैस की कमी से प्रभावित डिलीवरी पार्टनर्स, क्लाउड किचन कर्मचारियों, राइड-हेलिंग ड्राइवरों और छोटे फूड बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए राहत पैकेज दिया जाए।

**क्विक सर्विस रेस्टोरेंट की कुकिंग 65% LPG पर निर्भर-** जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज के मुताबिक देश की प्रमुख क्विक सर्विस रेस्टोरेंट चेन में कुल कुकिंग का 60-65% हिस्सा एलपीजी पर निर्भर है। आमतौर पर इनके पास सिर्फ एक से दो हफ्ते का गैस स्टॉक होता है। रेस्टोरेंट किचन में करीब 80% खाना एलपीजी सिलेंडर से पकाया जाता है, जबकि बाकी हिस्से में पाइप से आने वाली प्राकृतिक गैस जैसे विकल्पों का उपयोग होता है। इसलिए, सप्लाई में थोड़ी भी रुकावट आने पर कुछ ही दिनों में किचन का काम प्रभावित हो जाता है। मोतीलाल ओसवाल के मुताबिक होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठान देश की कुल एलपीजी खपत का 8-10% हिस्सा इस्तेमाल करते हैं।

**कॉरपोरेट कैंटीन तक पहुंचा संकट** गैस संकट की वजह से आईटी कंपनी इंफोसिस के कई कैंपस की कैंटीन सेवाओं पर असर पड़ा है। कंपनी ने कर्मचारियों को सलाह दी है कि वे फिलहाल घर से खाना लेकर आएं, क्योंकि कैंटीन में सीमित मेन्यू ही उपलब्ध रहेगा। साथ ही कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में बताया गया है कि कुछ खाना बाहरी सेंट्रल किचन से मंगाया जाएगा और गैस पर बनने वाले कई फूड आइटम उपलब्ध नहीं होंगे।

## बैंकिंग में भरोसे और जिम्मेदार सेवा का महत्व बढ़ा

**नई दिल्ली।** बदलते समय के साथ बैंकिंग सेवाओं में भी बड़ा बदलाव आया है। अब ग्राहक सिर्फ लेन-देन की सुविधा ही नहीं, बल्कि भरोसेमंद और जिम्मेदार सेवा की अपेक्षा भी करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार तकनीक के विस्तार से बैंकिंग तेज और आसान हुई है, जिससे ग्राहकों की उम्मीदें भी बढ़ी हैं। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारी हितेंद्र झा ने कहा कि डिजिटल तकनीक के कारण बैंकिंग सेवाएं पहले की तुलना में अधिक सुलभ और तेज हो गई हैं, जिससे लोगों के लिए पैसों का प्रबंधन आसान हुआ है।

## वैश्विक स्तर पर ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क विस्तार को मिलेगा बल

**नई दिल्ली।** एचएफसीएल ने उच्च गुणवत्ता वाले हाई फाइबर काउंट ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति के लिए एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ दीर्घकालिन अंतरराष्ट्रीय समझौता किया है। इस समझौते के तहत कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली विदेशी अनुषंगी द्वारा वर्ष 2026 से 2028 तक ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति की जाएगी, जिसे आगे 2030 तक बढ़ाया जा सकता है। अनुसार यह समझौता वैश्विक स्तर पर बढ़ती डिजिटल कनेक्टिविटी और उच्च गति इंटरनेट ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## घरों और उद्योगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों पर मंथन

**नई दिल्ली।** सोलर एशिया एक्सपो 2026 में विभिन्न कंपनियों ने सौर ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण से जुड़ी नई तकनीकों का प्रदर्शन किया। कानपुर प्रदर्शनी में घरों, संस्थानों और छोटे उद्योगों के लिए सौर ऊर्जा उत्पादन तथा भंडारण प्रणालियों के उपयोग पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर लूम सोलर के सह-संस्थापक अमोद आनंद ने कहा कि भविष्य में सौर ऊर्जा के साथ ऊर्जा भंडारण और स्मार्ट प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग बिजली आपूर्ति को अधिक स्थिर और विश्वसनीय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पश्चिम एशिया में तनाव से रूस-चीन को कैसे मिल रहा फायदा?

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक ऊर्जा और वित्तीय बाजारों की दिशा तेजी से बदल रही है। निवेश बैंक जेफरिज की एक रिपोर्ट के अनुसार इस संकट से रूस और चीन सबसे बड़े आर्थिक लाभार्थी के रूप में उभर रहे हैं।

**तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में आया तेज उछाल**

रिपोर्ट के मुताबिक क्षेत्र में तनाव बढ़ने के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है, जिससे रूस की ऊर्जा आय में वृद्धि की संभावना बढ़ गई है। तेल कीमतों में बढ़ोतरी के कारण रूस की वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिति और मजबूत हो सकती है।

**रूस और चीन को मिल रहा फायदा**

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस भू-राजनीतिक स्थिति के चलते भारत के लिए रूसी तेल खरीदने को लेकर चिंताएं भी कम हुई हैं। बढ़ती



कीमतों के बीच रूस की ऊर्जा आपूर्ति फिर से महत्वपूर्ण बन गई है। दूसरी ओर चीन को अपेक्षाकृत स्थिर घरेलू बाजार का लाभ मिल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार चीन की सरकार शेयर बाजार को धीरे-धीरे मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है, ताकि गिरते रियल एस्टेट सेक्टर की जगह शेयर बाजार चीनी परिवारों के लिए संपत्ति सृजन का प्रमुख साधन बन सके।

शंघाई बाजार में धीमी बुल मार्केट को सरकार की दीर्घकालिक नीति माना जा रहा है।

**वैश्विक ऊर्जा मार्गों में व्यवधान को लेकर दी गई चेतावनी**

हालांकि रिपोर्ट ने चेतावनी भी दी है कि अगर वैश्विक ऊर्जा मार्गों में व्यवधान लंबे समय तक बना रहता है, तो इसका असर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर गंभीर रूप से पड़ सकता है। खास तौर पर हॉर्मुज जलडमरूमध्य लंबे समय तक बंद रहने की स्थिति में वैश्विक ऊर्जा बाजार में बड़ा संकट पैदा हो सकता है।

**ऊर्जा संकट के बीच अमेरिका का फैसला**

इस बीच अमेरिका ने अगले सप्ताह से अपने सामरिक तेल भंडार से 172 मिलियन बैरल तेल जारी करने का फैसला किया है। रिपोर्ट के अनुसार यह कदम ऊर्जा रणनीति में दूरदर्शिता की कमी को दर्शाता है, क्योंकि इससे पहले भंडार को पर्याप्त स्तर तक भरने की कोशिश नहीं की गई।

## उत्तर-पूर्व में हवाई कार्गो सेवा से डिलीवरी व्यवस्था मजबूत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्व भारत में हवाई कार्गो सेवा शुरू होने से कोलकाता और गुवाहाटी के बीच माल परिवहन की व्यवस्था मजबूत होगी। इस पहल से अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा जैसे राज्यों तक सामान पहुंचाने में लगने वाला समय कम होने की उम्मीद है। नई सेवा का उद्घाटन नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने किया। इस अवसर पर अमेज़ॉन के संचालन उपाध्यक्ष अभिनव सिंह और सार्वजनिक नीति उपाध्यक्ष चेतन कृष्णास्वामी भी मौजूद रहे। अधिकारियों के अनुसार इससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होने के साथ स्थानीय कारोबारियों को भी देशभर के बाजारों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

## सौर ऊर्जा स्मार्ट तकनीक से बेहतर बनेगी

**नई दिल्ली।** स्थानीय तकनीकी समुदाय को नई ऊर्जा तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से कोठागुडेम के होटल थाटिपल्ली में एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खम्मम और भद्राद्री कोठागुडेम क्षेत्र के बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिशियन और व्यापार से जुड़े लोग शामिल हुए। सेमिनार में विशेषज्ञों ने सुरक्षित ऊर्जा उपकरणों, स्मार्ट ग्रिड प्रणाली और सौर ऊर्जा आधारित व्यवस्थाओं पर जानकारी साझा की। प्रतिभागियों को बताया गया कि नई तकनीकों के उपयोग से घरों और संस्थानों में ऊर्जा व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि तकनीकी की जानकारी और प्रशिक्षण से स्थानीय स्तर पर ऊर्जा सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर हो सकती है।

# वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत की बड़ी उपलब्धि कोयला उत्पादन 200 मिलियन टन के पार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव और इस वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत के लिए ऊर्जा के मोर्चे पर एक अच्छी खबर आई है। देश में कोयला

■ 24 दिन पहले ही टूटा रिकॉर्ड

उत्पादन ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। केंद्र सरकार ने बताया है कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 11 मार्च तक कोयले का उत्पादन 200 मिलियन टन के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गया है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक, यह उपलब्धि देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। इस सफलता में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों का बड़ा योगदान रहा है। मंत्रालय के अनुसार, कुल उत्पादन में कैप्टिव और



वाणिज्यिक कोयला खदानों की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा रही है। इन खदानों से 194.17 मिलियन टन कोयला निकाला गया। वहीं, अन्य खदानों ने 6.06 मिलियन टन का योगदान दिया। इन दोनों को मिलाकर कुल उत्पादन 200 मिलियन टन के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। पिछले साल के मुकाबले इस बार उत्पादन में 10.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**समय से पहले हासिल किया लक्ष्य-** खास बात यह है कि इस साल का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष के कुल उत्पादन से भी आगे निकल गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 197.32 मिलियन टन कोयला पैदा हुआ था। इस आंकड़े को भारत ने 7 मार्च 2026 को ही पार कर लिया था। यानी पिछले साल के मुकाबले यह उपलब्धि 24 दिन पहले ही हासिल कर ली गई। यह इस क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों और मजदूरों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। मंत्रालय ने इस सामूहिक प्रयास की सराहना की है।

**आपूर्ति में भी हुई बढ़ोतरी**

कोयले के उत्पादन के साथ-साथ इसकी सप्लाई में भी तेजी आई है। कोयले की आपूर्ति पिछले साल के 182.98 मिलियन टन से बढ़कर 197.09 मिलियन टन हो गई है। इसमें सालाना आधार पर 7.71 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। सरकार का कहना है कि आपूर्ति में यह बढ़ोतरी देश की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए बहुत जरूरी है। इससे बिजली घरों और उद्योगों को बिना किसी रुकावट के कोयला मिल सकेगा।

**आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम**

कोयला मंत्रालय का कहना है कि यह सफलता आत्मनिर्भर भारत के सपने को सच करने की दिशा में अहम है। सरकार की दूरदर्शी नीतियों और नई तकनीक के इस्तेमाल से खनन क्षेत्र में तेजी आई है। इस साल घरेलू उत्पादन और आपूर्ति खपत से ज्यादा रही है। यही वजह है कि खदानों और बिजली संयंत्रों में कोयले का स्टॉक अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल पहुंची

**नई दिल्ली।** ईरान के साथ जारी युद्ध को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। कच्चे तेल की कीमत बढ़कर लगभग 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जबकि दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट दर्ज की गई।

अमेरिकी शेयर बाजारों में भी तेज गिरावट देखी गई। एसएंडपी 500 सूचकांक 1.5 प्रतिशत गिर गया और कुछ दिनों की अपेक्षाकृत शांति के बाद बाजार में फिर से बड़े उतार-चढ़ाव देखने को मिले।

डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1.6 प्रतिशत नीचे आ गया, जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 1.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस बीच तेल बाजार में हलचल सबसे अधिक रही। ब्रेंट क्रूड की कीमत एक समय 101.59 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। बॉन्ड बाजार में भी असर देखने को मिला। ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी हुई है, क्योंकि निवेशकों को महंगाई बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती कम होने की आशंका है।

**असम का GI टैग वाला जोहा चावल यूरोप पहुंचा, एपीडा ने 25 टन की पहली खेप यूके और इटली भेजी-** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन एपीडा ने असम के जीआई टैग वाले जोहा चावल की पहली बड़ी निर्यात खेप यूरोप भेजी है।

एपीडा ने असम सरकार के कृषि विभाग के सहयोग से 25 मीट्रिक टन जोहा चावल की खेप यूके और इटली के लिए रवाना की। यह खेप 12 मार्च 2026 को भेजी गई। जोहा चावल असम की एक पारंपरिक सुगंधित किस्म है, जिसे वर्ष 2017 में भौगोलिक संकेत टैग मिला था। अपनी विशिष्ट खुशबू, महीन दाने और खास स्वाद के कारण यह चावल देश और विदेश के प्रीमियम बाजारों में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। असम में जोहा चावल की खेती करीब 21,662 हेक्टेयर क्षेत्र में की जाती है और वित्त वर्ष 2024-25 में इसका उत्पादन लगभग 43,298 मीट्रिक टन रहने का अनुमान है।

राज्य के नगांव, बक्सा, गोलपाड़ा, शिवसागर, माजुली, चिरांग और गोलाघाट जिले इसके प्रमुख उत्पादन क्षेत्र हैं। विशेषज्ञों के अनुसार निर्यात बढ़ने से इन क्षेत्रों के किसानों की आय में भी वृद्धि की संभावना है।

# व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बीच अधिक वनडे खेलने पर विचार कर रहा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम का 2026 में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इसे और व्यस्त बनाने पर विचार कर रहा है। वनडे विश्व कप 2027 से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे मैचों की संख्या बढ़ सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कई दूसरे क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई से पूर्व निर्धारित वनडे दौरों में मैचों की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया है। अनुरोध करने वाले बोर्ड में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और श्रीलंका शामिल हैं। अतिरिक्त वनडे मैच से इन क्रिकेट बोर्डों को आर्थिक फायदा होगा। वनडे मैचों की संख्या बढ़ाने का अनुरोध करने की वजह रोहित शर्मा और विराट कोहली भी हैं। दोनों ही दिग्गज भारतीय बल्लेबाज अब सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं। दोनों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी लोकप्रियता है। अगर वनडे मैच ज्यादा होंगे तो रोहित और विराट को ज्यादा खेलने का मौका मिलेगा और इसका फायदा इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और



श्रीलंका जैसे क्रिकेट बोर्ड को होगा। रोहित और विराट की वजह से दर्शकों की क्षमता में वृद्धि होनी है। रोहित और विराट सिर्फ वनडे खेलते हैं। इसलिए भी दर्शक ज्यादा से ज्यादा उन्हें खेलते हुए देखना चाहते हैं। आईपीएल 2026 के बाद भारत को एक टेस्ट और तीन वनडे मैचों की सीरीज अफगानिस्तान से खेलनी है। इसके बाद टीम तीन वनडे और पांच टी20 के लिए इंग्लैंड जाएगी। इस दौरान टीम आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज भी खेल सकती है। बताया जा रहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में मैचों की संख्या बढ़ सकती है, लेकिन इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। अगस्त में टीम इंडिया श्रीलंका में दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए तैयार है, जिसमें से एक सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में डे-नाइट मैच हो सकता है। हालांकि, श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई के साथ साथ कार्यक्रम में सीमित ओवर के मुकाबले जोड़ने के लिए बातचीत कर रहा है। बांग्लादेश और यूएई में अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज को लेकर अनिश्चितता के कारण, भारत इस दौरान अतिरिक्त मैच चाह सकता है। आयरलैंड सीरीज के मैच भी फिलहाल तय नहीं हैं।

## खिताबी जीत के बाद माता वैष्णो देवी के दर्शन करने पहुंचे अभिषेक शर्मा



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतने के बाद माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। अभिषेक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 21 गेंदों में 52 रनों की दमदार पारी खेली थी। अभिषेक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में अभिषेक पारंपरिक लुक में हाथ जोड़े हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जय माता दी। अभिषेक टी20 विश्व कप 2026 में फाइनल मुकाबले से पहले रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए दिखाई दिए थे। शुरुआती सात पारियों में वह सिर्फ 89 रन ही बना सके थे। अभिषेक की टूर्नामेंट में लगातार गिरती फॉर्म पर भी कई तरह के सवाल खड़े किए जा रहे थे। हालांकि, इसके बावजूद कप्तान सूर्यकुमार यादव और टीम मैनेजमेंट ने अभिषेक का लगातार समर्थन किया, जिसका नतीजा फाइनल में देखने को मिला। अभिषेक ने टी20 विश्व कप 2026 के खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ संजू सैमसन संग मिलकर पहले विकेट के लिए सिर्फ 7.1 ओवर में 98 रन जोड़ते हुए मैच को पूरी तरह से एकतरफा कर डाला था। 52 रनों की अपनी पारी में अभिषेक ने छह चौके और तीन छक्के लगाए थे।

## कोलकाता नाइट राइडर्स को बड़ा झटका, हर्षित राणा सीजन से हो सकते हैं बाहर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 शुरू होने से पहले तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। टीम के मुख्य तेज गेंदबाज हर्षित राणा घुटने की गंभीर चोट के कारण आगामी सीजन से चूक सकते हैं। हर्षित पिछले सीजन में केकेआर की गेंदबाजी इकाई के अहम स्तंभ रहे थे।

**टी20 वर्ल्ड कप के दौरान लगी थी चोट**

भारत के उभरते हुए सितारे हर्षित राणा को यह चोट टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ठीक पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक अभ्यास मैच के दौरान लगी थी। गेंदबाजी के दौरान उनके घुटने में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा था। इस चोट की गंभीरता को देखते हुए फरवरी 2026 में उनकी सर्जरी की गई। फिलहाल वह रिहैबिलिटेशन (रिकवरी) के दौर से गुजर रहे हैं, जिसमें लंबा वक्त लग सकता है।

## वॉन का बेतुका बयानः दक्षिण अफ्रीका को बेवकूफ कहा, बोले- भारत को बाहर करने के लिए उन्हें विंडीज से हार जाना था



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने ऐसा बयान दिया है जिसे कई लोग क्रिकेट की मर्यादा के खिलाफ मान रहे हैं। वॉन ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका ने बेवकूफी की, क्योंकि अगर वह वेस्टइंडीज से हार जाते तो भारत सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाता। एक क्रिकेट पॉडकास्ट में बात करते हुए माइकल वॉन ने कहा कि टूर्नामेंट में सबसे बड़ी गलती दक्षिण अफ्रीका की टीम ने की। उन्होंने कहा, 'मैं आपको बताता हूं, टूर्नामेंट की सबसे बेवकूफ टीम कौन थी- दक्षिण अफ्रीका। अगर उन्होंने सुपर-8 में वेस्ट इंडीज को जीतने दिया होता, तो भारत बाहर हो जाता।' वॉन के मुताबिक अगर दक्षिण अफ्रीका उस मैच में हार जाता तो वेस्टइंडीज की टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाती और भारत का अभियान वहीं खत्म हो जाता। वॉन ने अपने बयान में आगे कहा कि किसी भी टूर्नामेंट को जीतने के लिए सबसे मजबूत टीम को रास्ते से हटाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा, 'अगर उन्होंने भारत को बाहर कर दिया होता तो जो लहर चल रही थी वह रुक जाती। टूर्नामेंट की सबसे अच्छी टीम को टी20 वर्ल्ड कप जीतने से रोकने का सबसे अच्छा तरीका उन्हें बाहर करना था। दक्षिण अफ्रीका ने वह मौका गंवा दिया।' वॉन ने यह भी कहा कि दक्षिण अफ्रीका की जीत के बाद भारत का आत्मविश्वास और बढ़ गया और टीम ने लगातार मैच जीतते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। वॉन ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराकर, भारतीय टीम की जीत का सिलसिला जारी रहने दिया। इंडिया ने फिर जिम्बाब्वे को हराया, फिर एक तरह के क्वार्टर फाइनल में वेस्टइंडीज को, और फिर सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराया।' हालांकि, वॉन का यह बयान काफी विवादास्पद माना जा रहा है, क्योंकि किसी टीम का जानबूझकर मैच हारना क्रिकेट के नियमों और खेल भावना के पूरी तरह खिलाफ है। आईसीसी के भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के अनुसार अगर किसी टीम या खिलाड़ी पर जानबूझकर मैच हारने या फिक्सिंग का आरोप साबित हो जाए तो कड़ी सजा का प्रावधान है। ऐसे मामलों में खिलाड़ियों पर लंबे समय का प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है। इस बीच भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टी20 विश्व कप 2026 का खिताब अपने नाम किया।

## मैदान पर तमाशाः नाटकीय अंदाज में रन आउट हुए सलमान आगा, मेहदी हसन मिराज से भिड़े



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में दूसरे वनडे मैच के दौरान सलमान आगा और मेहदी हसन मिराज एक दूसरे से भिड़ गए। दरअसल, मैच के दौरान सलमान नाटकीय अंदाज में रन आउट हुए। मैदान पर मौजूद सभी लोग यह वाक्या देखकर चौंक गए। बांग्लादेश के कप्तान मिराज ने जिस तरह से सलमान को रन आउट किया उसने एक नई बहस छेड़ दी है।

**कैसे रन आउट हुए आगा?**

यह घटना पाकिस्तान पारी के 39वें ओवर में घटी। मेहदी हसन मिराज की गेंद चौथी गेंद पर मोहम्मद रिजवान ने शॉट खेला। गेंद को रोकने के लिए मिराज आगे बढ़े और अपने पैर से उन्होंने इसे रोका। इस दौरान नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े सलमान आगा क्रीज से बाहर निकले हुए थे। चूंकि गेंद सलमान आगा के पास रुक गई थी तो उन्हें लगा कि गेंद पूरी हो गई है। लेकिन मिराज ने तत्परता दिखाते हुए गेंद को स्टंप्स की ओर मारा और रन आउट की अपील कर दी। सलमान इससे चौंक गए, लेकिन वह क्रीज से बाहर थे और इस कारण तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट दिया। इससे सलमान बौखला गए और उन्होंने गुस्से में हेलमेट मैदान पर फेंक दिया और गुस्से से ड्रेसिंग रूम की ओर लौटे। पवेलियन लौटने से पहले सलमान ने मिराज के साथ बहस की, लेकिन बांग्लादेशी कप्तान उन्हें समझाते नजर आए। यह मामला यहीं नहीं रुका और बहस में विकेटकीपर लिटन दास भी कूदे, लेकिन रिजवान ने बीच-बचाव किया और दोनों खिलाड़ियों को शांत कराया। नियम के मुताबिक, सलमान का आउट जायज था, लेकिन अब इस विवाद के बाद खेल भावना को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि सलमान को क्रीज पर लौटना चाहिए था क्योंकि वह क्रीज से काफी बाहर थे और मिराज ने इसका फायदा उठाया।

### एक नजर

## कोई भी विश्वकप खेलने से नहीं रोक सकता', राष्ट्रपति ट्रंप के बयान पर ईरान फुटबॉल टीम का पलटवार

**नई दिल्ली।** ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अपनी जान और सुरक्षा के लिए उन्हें फीफा विश्व कप में हिस्सा नहीं लेना चाहिए। ईरान की फुटबॉल टीम का कहना है कि कोई भी देश उन्हें विश्व कप में हिस्सा लेने से नहीं रोक सकता क्योंकि विश्व कप फीफा आयोजित करता है, कोई देश नहीं।

**क्या ट्रंप ने दी थी धमकी?**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर ईरान की टीम उत्तरी अमेरिका में होने वाले आगामी फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेती है, तो खिलाड़ियों की जिंदगी और सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। ट्रंप ने यह टिप्पणी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर की। उनका बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण ईरान की वर्ल्ड कप भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ट्रंप ने लिखा, 'ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मौजूदा हालात में उनका वहां होना उचित है, क्योंकि उनकी जिंदगी और सुरक्षा को खतरा हो सकता है।'

**सोशल मीडिया पर किया पलटवार**

ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, कोई भी ईरान को टूर्नामेंट से बाहर नहीं कर सकता। अमेरिका मेजबान है, अगर वह हिस्सा लेने वाली टीमों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता, तो उसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय इवेंट है। इसकी गवर्निंग बॉडी फीफा है, कोई एक देश नहीं। ईरान की राष्ट्रीय टीम, जिसमें ईरान के बहादुर बेटों की ताकत है, वो इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीमों में से एक थी। कोई भी ईरान की राष्ट्रीय टीम को विश्व कप से बाहर नहीं कर सकता। सिर्फ एक देश को बाहर किया जा सकता है, जो मेजबान है, लेकिन इवेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों को सुरक्षा देने की काबिलियत नहीं रखता।

**फीफा अध्यक्ष ने ट्रंप से की थी मुलाकात**

ईरान ने पिछले साल एशियन क्वालिफाइंग के तीसरे राउंड में ग्रुप ए में टॉप करके लगातार चौथे विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया था। टीम को अमेरिका में तीन मैच खेलने हैं। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा था कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिले, जिन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया कि ईरान का 2026 विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए स्वागत है। फीफा विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाना है।

## स्विस ओपन : सात्विक-चिराग की जोड़ी टूर्नामेंट से बाहर चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से पहले लिया फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और



चिराग शेट्टी स्विस ओपन 2026 के सफर को आगे नहीं बढ़ा पाएंगे। सात्विकसाईराज के दाहिने कंधे में दर्द के कारण इस जोड़ी को क्वार्टर फाइनल मैच से पहले अपना नाम वापस लेना पड़ा है। अंतिम आठ के मुकाबले में उनका सामना डेनमार्क के क्रिश्चियन फॉस्ट कजेर और रासमस कजेर से होना था।

**पुरानी चोट बनी बाधा**

भारतीय टीम के कोच टैन किम हर ने जानकारी दी है कि सात्विक की यह चोट पुरानी है और इसे ठीक होने में कम से कम एक सप्ताह का समय लगेगा। सात्विक, जिनके नाम 565 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से सबसे तेज स्मैश लगाने का विश्व रिकॉर्ड है, पिछले कुछ समय से कंधे की समस्या से जूझ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च स्तर के एथलीटों में इस तरह की चोटें आम हैं।

**प्री-क्वार्टर फाइनल में दिखाया था दम**

टूर्नामेंट से हटने से पहले भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान के हिरोकी ओकामूरा और क्योहेई यामाशिता को बेहद रोमांचक मुकाबले में हराया था। 74 मिनट तक चले इस मैच में सात्विक-चिराग ने 21-15, 15-21, 28-26 से जीत दर्ज की थी। इस कड़े मुकाबले के बाद सात्विक के कंधे की तकलीफ बढ़ गई, जिसके चलते उन्हें आराम का फैसला लेना पड़ा।

**एशिया चैंपियनशिप में वापसी की उम्मीद**

सात्विक और चिराग के प्रशंसकों के लिए राहत की बात यह है कि यह जोड़ी 7 से 12 अप्रैल तक होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में खेलती नजर आएगी। भारतीय जोड़ी ने 2023 में इस चैंपियनशिप का खिताब जीता था और अब उनकी पूरी कोशिश अपनी चोट से उबरकर वहां अपने खिताब का बचाव करने की होगी।

## बिहार को मिला बेस्ट स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स का सम्मान

**मुंबई।** बिहार ने खेल जगत में अपनी एक नई पहचान बनाते हुए स्पोर्ट्स स्टार एसेस अवार्ड्स 2026 में बेस्ट स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स का खिताब अपने नाम किया है। मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में बिहार सरकार की ओर से खेल मंत्री श्रेयसी सिंह और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

अवार्ड मिलने पर गर्व व्यक्त करते हुए खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि स्पोर्ट्स स्टार जैसी प्रतिष्ठित पत्रिका से सम्मान पाना पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार खिलाड़ियों के विकास और खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। इन प्रयासों का ही नतीजा है कि आज बिहार की छवि राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर निखर रही है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि इस अवार्ड के लिए बिहार का चुनाव एक उच्च स्तरीय राष्ट्रीय जूरी द्वारा किया गया है। खास बात यह है कि इस जूरी की अध्यक्षता क्रिकेट दिग्गज सुनील गावस्कर ने की। जूरी के अन्य सदस्यों में अभिनव बिंद्रा, विश्वनाथन आनंद, अंजलि भागवत, अपर्णा पोपट और एम.एम. सोमैया जैसी खेल जगत की महान हस्तियां शामिल थीं। महानिदेशक ने आगे कहा कि यह पुरस्कार बिहार के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रशासन से जुड़े हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा का काम करेगा। राज्य सरकार की कोशिश है कि भविष्य में भी खेलों के क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन कर बिहार का नाम इसी तरह रोशन किया जाए।

## विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कपः भारतीय युवाओं का पंच बुलंद, 5 पदक किए पक्के

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा मुक्केबाजों ने रिंग में अपना जबरदस्त दबदबा कायम रखते हुए विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में भारत के 5 मुक्केबाजों ने शानदार जीत दर्ज कर देश के लिए कम से कम 5 पदक पक्के कर लिए हैं।

**इन सितारों ने पक्की की जीत**

भारतीय दल की ओर से जीत का सिलसिला सुबह के सत्र से ही शुरू हो गया थाः

* गुंजन (48 किग्रा): अजरबेजान की गुलर हुसेनोवा को 5-0 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की।
* जॉयश्री देवी (54 किग्रा): जापानी मुक्केबाज यूरा कनेमारू को पहले ही दौर में आरएससी (रेफरी स्टॉप्स कॉन्टेस्ट) के जरिए धूल चटाई।
* अंबेकर मीतेई (50 किग्रा): पुरुष वर्ग में जापान के अकीरा उएकुबो को 4-1 से मात दी।
* चंद्रिका पुजारी (51 किग्रा): स्पेन की एंड्रिया बुएल्गा गार्सिया के खिलाफ दूसरे दौर में आरएससी से मुकाबला अपने नाम किया।
* राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा): इंग्लैंड की सिओभान हेली को कड़े मुकाबले में 4-1 से पराजित किया।



**एक निराशाजनक परिणाम**

जहाँ पांच मुक्केबाजों ने तिरंगा लहराया, वहीं पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में साहिल दुहान को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के डेविड हारुत्युनयान ने 1-4 के अंतर से हराया, जिसके चलते साहिल पदक की रेस से बाहर हो गए।

**आगे क्या?**

अब सभी की नजरें सेमीफाइनल मुकाबलों पर टिकी हैं। ये पांचों मुक्केबाज अब अपने पदकों का रंग स्वर्ण में बदलने के इरादे से रिंग में उतरेंगे। उनकी मौजूदा फॉर्म को देखते हुए भारत को इस टूर्नामेंट में बड़ी कामयाबी की उम्मीद है।

## भारतीय महिलाओं की क्रिकेट में भागीदारी में तेजी से बढ़ोतरी : अध्ययन

**नई दिल्ली।** एक समाचार एजेंसी द्वारा कराए गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में महिला क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ और 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। इस अध्ययन में 10,000 से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में क्रिकेट खेलने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है। वहीं युवा महिलाओं में यह बढ़ोतरी और भी तेजी से हुई है। इसमें 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में यह छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है। अध्ययन के अनुसार, ''15 से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने पर विचार किया है।'' हाल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। टीम ने अपना पहला वनडे



विश्व कप जीता और लगभग एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हराया। खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में इस सफलता का भी योगदान हो सकता है। क्रिकेट ने पारंपरिक खेल कबड्डी को भी काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है जो लंबे समय से भारत के ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय रहा है। अध्ययन में कहा गया, ''जिन राज्यों में अध्ययन किया गया, उनमें महिलाओं के बीच सबसे अधिक खेले जाने वाले खेल के रूप में क्रिकेट अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। 2020 में यह कबड्डी से केवल मामूली अंतर से आगे था लेकिन अब क्रिकेट काफी आगे पहुंच गया है।'' इसके अनुसार, ''अधिकांश क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। सर्वे किए गए राज्यों में से केवल दो को छोड़कर सभी में महिलाओं द्वारा क्रिकेट खेलने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में भागीदारी 10 गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है। साथ ही इन राज्यों में क्रिकेट खेलने में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर भी कम हुआ है।'' अध्ययन से यह भी पता चला कि तीन पुरुषों के मुकाबले अब एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जबकि 2020 में यह अनुपात पांच पुरुष और एक महिला का था। करियर के संदर्भ में 15 से 24 वर्ष की 26 प्रतिशत युवतियों ने खेल में करियर बनाने पर विचार किया है जो 2020 में 16 प्रतिशत था। सबसे अधिक प्रतिशत तमिलनाडु (27 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (19 प्रतिशत) और मेघालय (19 प्रतिशत) में दर्ज किया गया।

सर्वे में शामिल महिलाओं के बीच बैडमिंटन में भी भागीदारी बढ़ी है, विशेषकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। इसके अनुसार अगर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का सही समाधान किया जाए तो और अधिक महिलाएं खेलों की ओर आकर्षित हो सकती हैं। अध्ययन के अनुसार, ''जो महिलाएं कोई खेल नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बाधा बताया।'' कलेक्टिव न्यूजरूम की सह-संस्थापक और प्रधान संपादक रूपा झा ने कहा, ''ये नतीजे प्रगति और लगातार आने वाली चुनौतियां दोनों दिखाते हैं। हालांकि भागीदारी और दर्शकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, फिर भी रूढ़िवादी सोच और व्यावहारिक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम उम्मीद करते हैं कि यह डेटा महिला खिलाड़ियों के समर्थन के लिए आगे और चर्चा और कदम उठाने को प्रेरित करेगा।''

# संसद में राहुल गांधी के रवैये पर बिफरे शिवराज

## 'सदन में तमाशा करके राहुल ने नेता प्रतिपक्ष पद की गरिमा को समाप्त कर दिया': शिवराज

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** संसद में संवाद के बजाय विवाद का बढ़ता बोलबाला और विपक्ष की ओर से सदन की कार्रवाई बाधित करने के लिए किए जाने वाले शोर-शराबे और हंगामें के लिए सीधे तौर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जिम्मेदार करार देते हुए केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके खिलाफ जमकर अपनी भड़ास निकाली है। संसद में राहुल के रवैये की आलोचना करते हुए शिवराज ने कहा कि छह बार विधानसभा और छह बार लोकसभा का सदस्य यानी कुल एक दर्जन बार सदन का सदस्य रहते हुए उन्होंने ऐसा तमाशा होते हुए और लोकतंत्र का इस तरह से मजाक बनाए जाते हुए कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवहार से राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा को भी समाप्त कर दिया है। शिवराज ने राहुल गांधी को सलाह देते हुए कहा कि संसद बहस के लिए है और बहस जन कल्याण के लिए होती है लिहाजा अगर देश और समाज की चिंता है तो कभी तो गंभीर हो जाइए और अध्ययन करके विषय पर बोलिए। तभी देश मानेगा कि आप नेता हैं वर्ना अभी तो आप नेता लगते ही नहीं हैं।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद में विपक्ष के रवैये और खास तौर से राहुल गांधी के आचरण को लेकर कड़ी नाराजगी का इजहार करते हुए कहा है कि सदन मनमानी से नहीं बल्कि नियमों और प्रक्रियाओं से चलता है। राहुल को यह सच्चाई समझाने की हजारों बार की गई कोशिशों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में उनकी समझ हर बार छुट्टी पर चली जाती है। शिवराज के मुताबिक लोकतंत्र में बोलने और असहमति का अधिकार है लेकिन वह नियमों और प्रक्रियाओं के भीतर होना चाहिए। उन्होंने छह बार विधानसभा और छह बार लोकसभा में सदस्य के रूप में काम करने के अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि सदन में ऐसा तमाशा होते हुए उन्होंने कभी नहीं देखा जैसे मौजूदा समय में दिखाई पड़ रहा है। शिवराज के अनुसार संसद कोई ईंट-गारे का साधारण भवन नहीं बल्कि लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है जहां देश की प्रगति, विकास और जनता के कल्याण के लिए गंभीर बहस होती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबको ना सिर्फ अपनी बात कहने का बल्कि असहमति का अधिकार भी है। लेकिन राहुल के साथ मसला यह है कि वह नोटिस किसी विषय पर देते हैं और बोलने किसी और विषय पर लग जाते हैं। राहुल के इस रवैये पर तीखा हमला करते हुए शिवराज ने कहा कि संसद की एक नियमावली है लेकिन ऐसा लगता है कि कुछ लोग या तो उसे पढ़ते नहीं या समझना ही नहीं चाहते। हर बार नियमों के खिलाफ बोलते हैं और जब अध्यक्ष टोकते हैं तो हंगामा करते हैं।

# एलपीजी गैस सिलिंडर को लेकर सपा ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन



### गैस को लेकर जनता परेशानः देवी प्रसाद चौधरी

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** एलपीजी गैस सिलिंडर को लेकर जिले में हुई किल्लत पर शुक्रवार को सपा ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में नेताओं व पदाधिकारियों ने हाथों में गैस सिलिंडर को लेकर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह को ज्ञापन सौंपकर किल्लत दूर करने की मांग की। ज्ञापन में जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि पूरे देश में एलपीजी गैस सिलिंडर की किल्लत है, जिसकी वजह से जिले की जनता बहुत परेशान है। गैस की किल्लत से जनता को सही समय पर बुकिंग के बाद भी गैस नहीं मिल पा रही है, जिसकी वजह से रसोई पर गहरा असर देखा जा रहा है। रमजान जैसा पवित्र महीना और शादी व भंडारे का भी समय चल रहा है। बहुत लोगों ने शादियों की तारीख तय कर ली है। उनके सामने गैस का बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस अवसर पर आदर्श यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्दर पटेल, सतीश मिश्रा, शैलेष पटेल, झल्लू यादव,कौशिक कौनिजिया,रामप्यारे गोंड, प्रिंस राव, जेपी यादव, रवि सोनकर, मेवालाल प्रजापति, शिवकुमार यादव, दीनानाथ प्रजापति, सुरेश यादव, रामजी यादव, धनंजय सिंह, सौरभ पटेल, पतालू यादव, सुबाष पटेल, विरेन्दर यादव आदि मौजूद रहे।

# हलिया क्षेत्र में गैस की भारी किल्लत उपभोक्ता परेशान

### शादी-विवाह व तेरही जैसे कार्यक्रमों के बीच गैस सिलेंडर के लिए भटक रहे लोग




**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के प्रभाव का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगा है। हलिया और लालगंज क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। हालात यह हैं कि लोग गैस सिलेंडर पाने के लिए एजेंसियों और बाजारों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। लेकिन समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण क्षेत्र में कई दिनों से सिलेंडरों की कमी बनी हुई है। सबसे ज्यादा परेशानी उन परिवारों को हो रही है जिनके यहां इस समय शादी-विवाह तेरही या अन्य मांगलिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। ऐसे परिवारों को भोजन बनाने के लिए अतिरिक्त गैस सिलेंडर की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन गैस की उपलब्धता न होने से वे काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में संबंध में भारत गैस एजेंसी हलिया के डिस्ट्रीब्यूटर प्रेम शंकर सिंह ने बताया कि गैस बुकिंग और ओ टी पी के आधार पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। क्योंकि इस समय शादी-विवाह का मौसम चल रहा है और अधिकांश घरों में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभागों से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की अपेक्षा की जा रही है। जोनल मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी लालगंज महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लोग अफवाहों के चक्कर में न पड़ें। जरुरत के अनुसार हर उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की जाएगी। सिलेंडर वितरक मंटू सिंह कहा कि 150 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग की गई है जैसे ही डिपो से डिलेबरी मिलती है उपभोक्ताओं को वितरित कर दिया जाएगा।

# हर्रा व गड़बड़ा गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने सुनी समस्याएं



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत हर्रा के बरुआ गांव स्थित पंचायत भवन पर शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। ग्राम चौपाल में नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के प्रतिनिधि सीडीपीओ दिलीप कुमार वर्मा साथ सीएम फेलो गौरव सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जिसमें ग्रामीणों ने हर घर नल के टोंटी से पेयजल आपूर्ति नही होने की शिकायत व ग्राम पंचायत में पशु आश्रय स्थल, शवदाह गृह बनवाने की मांग किया पेंशन, आवास, शौचालय की समस्या को रखा। अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।चौपाल में उपस्थित विभाग के कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दिया। जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, जी राम जी आदि योजनाओ कि जानकारी दिया गया। सीडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया की बरुआ व हर्रा गांव में नया आँगनवाड़ी केंद्र के स्थापना के लिए प्रस्ताव भेजा गया है । गड़बड़ा गोकुल के पंचायत भवन पर जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि राजकीय हाई स्कूल हलिया के प्रधानाध्यापक रामगोपाल तिवारी ने ग्रामीणों की समस्या सुना। जिसमें जल जीवन मिशन द्वारा हर घर नल योजना का पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा छाया रहा। अधिकारियों ने समस्या के समाधान का अश्वासन दिया। इस दौरान चौपाल में स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ सीमा, सचिव शैलेन्द्र कुमार, विनय यादव, ग्राम प्रधान कमलेश कोल,रजनीश गुप्ता, जल जीवन मिशन से प्रशांत तिवारी, प्रवीण कुमार सिंह, शिक्षा विभाग से नरेंद्र प्रसाद तिवारी, संतोष बिंद, रोजगार सेवक नन्हकू पाल, सहित अन्य मौजूद रहे।

# सात हजार रुपये चोरी होने पर पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के चितावनपुर गांव निवासी धीरज कुमार ने गुरुवार की देर शाम हलिया थाने में तहरीर देकर साथ हजार रूपये चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है । दी गई तहरीर में बताया है की बीते 9 मार्च को ससुराल हलिया थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा होली मिलने अपनी पत्नी के साथ आया था होली मिलनकर वापस जाते समय शाम को 4 बजे अपने पत्नी व भतीजे आरस बाबू के साथ रहे थे की की बरम बाबा के गेट के पास बच्चे को शौच लग गई हम लोग पति पत्नी शौच करने लगे इसी बीच मेरा पर्स जो हमने अपने मोटर साइकिल सुपर स्पेलेंडर पर रखा था। जिसमें कुल सात हजार रूपये चोरी हो गया जिस पर पुलिस में पैसा चोरी होने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है । इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की पैसा चोरी होने पर पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# सपा ने मनाई बाबू शिव दयाल सिंह चौरसिया की जयंती



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर ।** बाबू शिव दयाल सिंह चौरसिया सामाजिक समानता के पुरजोर हिमायती और सच्चे समाज सेवक थे। यह बातें सपा जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने बाबू जी के चित्र पर पुष्पाति कर उनके ब्यक्तित्व व क्रतित्व की चर्चा की। श्री चौधरी ने कहा कि 13 मार्च 1903 को लखनऊ के खरिका गांव में जन्मे बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया ने जीवन पर्यन्त सामाजिक न्याय व समानता के लिए सार्थक प्रयास किए। समाज के उत्थान के लिए बाब जी के योगदान को सर्व समाज सैकडों साल तक याद रखेगा। वह चौरसिया समाज के साथ-साथ पिछडों एवं दलितों के भी महानायक थे। श्री देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि इतिहास जानने वाले ही इतिहास रचते हैं। इसलिए समुचित सामाजिक विकास के लिए शिक्षा व दीक्षा बहुत जरूरी है।

इस अवसर पर आदर्श यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्दर पटेल, शैलेष पटेल, झल्लू यादव,कौशिक कौनिजिया, रामप्यारे गोंड, प्रिंस राव, जेपी यादव, रवि सोनकर, मेवालाल प्रजापति, दीनानाथ प्रजापति, सुरेश यादव, रामजी यादव, धनंजय सिंह, सतीश मिश्रा, सौरभ पटेल, पतालू यादव, सुबाष पटेल, विरेन्दर यादव, आदि मौजूद रहे।

# एफएल एन प्रशिक्षण के लंबित भुगतान को दिलवाने के लिए प्रयासरत उ0प्र0प्रा0शि0संघ जमालपुर

**स्वतंत्र भारत अहरौरा (मिर्जापुर)।** जमालपुर ब्लॉक में ब्लॉक स्तर पर आयोजित हुए बेसिक शिक्षा विभाग के एफएल एन प्रशिक्षण में प्रतिभाग किये कुछ शिक्षको के प्रशिक्षण मानदेय के भुगतान के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ सुशील कुमार पांडेय के ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बेसिक शिक्षा कार्यालय में संपर्क कर भुगतान दिलाने के लिए प्रयास किया। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया की संगठन कुछ समय से लंबित भुगतान को दिलाने का प्रयास कर रहा है । शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मिर्जापुर में उ0प्र0प्रा0शि0संघ0 ( सुशील कुमार पांडेय गुट ) जमालपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश कुमार श्रीवास्तव , उपाध्यक्ष सच्चिदानंद सौरभ और कोषाध्यक्ष संजीत गुप्ता ने रविंद्र पांडेय से मुलाकात की और शिक्षकों की लंबित इस समस्या से अवगत कराया । बीएसए कार्यालय की ओर से आश्वासन दिया गया है कि 25 मार्च तक लंबित भुगतान सभी के बैंक खाते में भेज दिए जाएंगे ।

# मधुमक्खियों का आतंक अस्पताल परिसर बना खतरे का क्षेत्र, मरीज और तीमारदार सहमे

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को मधुमक्खियों के आतंक से उपचार कराने आये लोग भाग खड़े हुए छह सात लोगों को घेर कर काटने लगी इसके बाद लोग भाग कर 500 मीटर दूर ददरी रोड पर भागे । जहाँ तक मधुमक्खियों ने पीछा किया यह देख दवा इलाज कराने गये लोग भागते नजर सुबह से चार घंटे तक स्वास्थ्य केंद्र पर छिप छिपा कर लोग आते जाते रहे । इसके बाद हालत सामान्य हुआ।कर्मचारियों के साथ मरीज भी मधुमक्खियों के कहर से परेशान रहे।स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगे पीपल के पेड़ पर मधुमक्खियों ने छत्ता बना लिया है । एक बच्चे ने मधुमखियो के छत्ते में छिप्पी मार दिया इसके बाद मधुमखियां आक्रामक हो गयी। जिससे इलाज कराने आने वाले मरीजों, और स्वास्थ्य कर्मियों में भय का माहौल बना हुआ है।पेड़ के पास से गुजरते समय जरा सी हलचल होने पर मधुमक्खियां भड़क जाती हैं और डंक मारने लगती हैं।इलाज कराने आए सूरज (22) नरेश कोल (32)जगन्नाथन (27) वीरेन्द्र (23) आदि ने बताया कि अचानक मधुमक्खियों का झुंड आने से लोगों को इधर उधर भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। वहीं स्वास्थ्य कर्मी भी गेट बंद कर अंदर से ही काम करते रहे।शुक्रवार को पर्चा बनवाने आए छोटे बच्चे अविनाश( 12), आशीष (28)पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। एक मधुमक्खी उसके सिर में चिपककर डंक मारने लगी, जिससे वह घबराकर बाहर भागा। बाद में उसे इंजेक्शन लगाया गया।स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर से मधुमक्खियों का छत्ता हटवाने की मांग की है, जिससे मरीजों और तीमारदारों को राहत मिल सके। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि एक लडका मधुमखियो के छत में छिप्पी मार दिया जिससे मधुमखियो ने दो तीन लोगों को काट लिया है जिनका इलाज किया गया है अन्य लोग अन्यत्र चले गए है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किश्त के लाइव प्रसारण को सुना

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में शुक्रवार की शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22 वी किस्त को गुवाहाटी आसाम से रिमोट दबाकर किसानों के खातों में स्थानानत्रित करने के लाइव प्रशारण को बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में भाजपा मंडल अध्यक्ष हलिया दिनेश अग्रहरी, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, सीएम फेलो गौरव सिंह, एडीओ एसटी सुशील सिंह, शशिकांत पटेल, जनार्दन कोल, गोदाम प्रभारी सुरेंद्र कुमार यादव बीटीएम सर्वेश मिश्रा ने लाइव प्रशारण को सुना।


## चकार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु डाल नहर खण्ड, लखनऊ।

3/435 ए विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांकः– 364 /अधि0अभि0/ल0डा0न0ख0ल0/निविदा/लखनऊ : दिनॉकः 28.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– 61/EE/MLCD/2025-2026**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से खण्ड के अन्तर्गत जनपद रायबरेली के विकास खण्ड सरेनी में प्रस्तावित सिंघौरतारा पम्प नहर एंव जनपद अयोध्या के विकास खण्ड अमानीगंज में प्रस्तावित देवगॉव पम्प नहर के सर्वे कार्य हेतु सिंचाई विभाग में पंजीकृत एंव सर्वे कार्य में दक्ष एंव अनुभव रखने वाले ठेकेदारो से फिक्स दरों पर मुहरबन्द निविदायें दिनांक 16.03.2026 को प्रातः 10:00 बज से दिनांक 20.03.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांकः 20.03.2026 अपरान्ह 01:00 बजे अधिशासी अभियंता, लघु डाल नहर खण्ड, 3/435–ए विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ के कार्यालय कक्ष में नामित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 20.03.2026 पूर्वाहन 11.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय अधिशासी अभियंता, लघु डाल नहर खण्ड, लखनऊ में निर्धारित मूल्य जमा करते हुए प्राप्त किया जा सकता है। पंजीकरण प्रमाण–पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र (IDT-1) हैसियत प्रमाण–पत्र (IDT-2) स्वघोषणा शपथ–पत्र (IDT-3) मूलप्रतियां अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत की जायेंगी तथा उनकी सत्यापित छायाप्रति भी ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा जमा की जायेगी। अधिकृत प्रतिनिधि को ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र, जो नोटरी से प्रमाणित हों जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया गया हो, भी जमा करने के पश्चात निर्धारित शुल्क देकर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि कार्यालय अधिशासी अभियंता, लघु डाल नहर खण्ड, लखनऊ के पक्ष में बंधक होगी, जमा कराना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। निविदा खुलने की तिथि में राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यदिवस में नियत समय पर ही निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।

| क सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र/ स्टेशनरी का मूल्य रू0 | वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | Lot-1 | | | | | | |
| 1 | Contour survey for proposed Singhaurtara pump canal system on Gnaga river making grid of 50x50 mtr. With the help of instrument DGPS/ Tool station machine in block Sareni district Raebareli. (including computerize plotting, drawing and providing 03 set of hard copy and one set of soft copy in pendrive). | 01-अदद | 8.47 | 0.17 | 15 दिन | Rs. 766.00 | सी या उच्च श्रेणी। |
| | Lot-2 | | | | | | |
| 1 | Contour survey for proposed Devgaon pump canal system on Gomti river making grid of 50x50 mtr. With the help of instrument DGPS/ Tool station machine in block Amaniganj district Ayodhya. (including computerize plotting, drawing and providing 03 set of hard copy and one set of soft copy in pendrive). | 01-अदद | 8.15 | 0.16 | 15 दिन | Rs. 766.00 | सी या उच्च श्रेणी। |

(G.S.T. will be paid extra as per rules)

(आशुतोश कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड, लखनऊ

उ0प्र0 247949 दिनांक- 12.03.2026
Website: www.upgov.nic.in


# अलबिदा जुमे के नमाज़ पर पुलिस रही अलर्ट



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मस्जिदों पर शुक्रवार को अलबिदा जुमे के नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट रही थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव मय हमराह हल्का प्रभारी शिवजी यादव,महेंद्र प्रताप यादव,हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, जगदीश यादव,सुरेंद्र मौर्य, सुनील कुमार,महिला हेड कांस्टेबल अनीता के साथ जामा मस्जिद हलिया पर नमाज के समय तैनात रहे नमाज सम्पन्न होने के बाद पुलिस वापस लौटी इसी प्रकार हर गांव में स्थित मस्जिद पर हल्का प्रभारी नमाज के समय मौजूद रहे इस दौरान पेस इमाम अब्दुल क्यूम, लतिफशाह, अब्बास, शहीद, रशीद, जिलानी, मुसीर खान, मिश्री, बहार , नन्हे खान, किताब अली,आजम खान, अबरार खान, नूर,आदि मौजूद रहे।

# महिला ने युवक पर दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप, कार्रवाई की लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर )।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने शौच के लिए घर से बाहर जाते समय गांव निवासी एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।महिला ने इस संबंध में गुरुवार को युवक के विरुद्ध पुलिस उपमहानिरीक्षक व सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। सीएम पोर्टल पर दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने आरोप लगाया कि मना करने के बावजूद गांव निवासी युवक फोन पर अश्लील बातें करता था। गत 11 मार्च की रात आठ बजे के करीब शौच के लिए घर से बाहर सीवान की ओर जा रही थी।उसी दौरान रास्ते में सूनसान देखकर युवक आया और हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर युवक अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने लगा जिससे चोटें आई और नीचे गिर पड़ी। महिला ने आरोप लगाया कि युवक ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया। शोरगुल मचाने व पुलिस को सूचना देने पर युवक ने हत्या कर शव को जंगल में गाड़ने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर मौके पर ग्रामीणों को आते देख जान से मारने की धमकी देते हुए युवक भाग निकला।महिला ने सीएम पोर्टल व पुलिस उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# राजगढ़ अस्पताल के गेट बंद होने पर ग्रामीणों ने

### पुलिस के देखरेख में गेट को किया बंद

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ अस्पताल का पीछे का गेट बंद होने पर ग्रामीणों ने किया विरोध। आज सुबह करीब 8रू00 बजे के आसपास जैसे ही ग्रामीणों की खबर लगी अस्पताल के पीछे का गेट बंद किया जा रहा है । देखते ही देखते तीन दर्जन से ज्यादा ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अस्पताल प्रशासन और पुलिस प्रशासन के इस कार्यपाली का विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह गेट खुला रहने से चाहे रात हो या दिन हो सैकड़ो लोगों की सुविधा का साधन था लेकिन अस्पताल प्रशासन और पुलिस की देखरेख में गेट को बंद किया जा रहा है जिसे गंभीर बीमारी में इलाज करने वाले लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। एक तरफसरकार ग्रामीण इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रयास कर रही है तो दूसरी तरफ अस्पताल प्रशासन ही सरकार को ठेका दिखा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन के इस रवैया से ग्रामीणों में काफी रोस व्याप्त है। ग्रामीण अजय कुमार संजय ने बताया कि गेट बंद करने का कोई लिखित आदेश नहीं है फिर भी गेट को बंद किया जा रहा है। पुराने समय में बाउंड्री के समय यह गेट खुला रहता था पैदल आने जाने वालों को राहत मिल रही थी। अस्पताल प्रशासन को ऐसी क्या मजबूरी थी की जल्दबाजी में अस्पताल के पीछे के गेट को बंद कर दिया गया। वह भी गेट बंद करने के लिए मौके पर ग्रामीणों के विरोध के कारण पुलिस भी बुलानी पड़ी।लेकिन इस गेट को पूरी तरह से बंद होने से गंभीर बीमार इलाज के लिए मरीज को भी गेट पहुंचने में समय लगेगा। वायरल वीडियो के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर पवन कश्यप ने कहा कि ऊपर से आदेश आने पर गेट को पूरी तरह से बंद किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि ऊपर से आदेश लेकर आए और दोबारा इस गेट को खोल दिया जाएगा।इस संबंध में जब राजगढ़ थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आदेश दिया है गेट को बंद कराया जा रहा है।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# ईरान को अमेरिका की खुली धमकी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर एक बार फिर तीखी चेतावनी दी है। ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा

■ ट्रंप बोले- देखना इन पागलों का क्या हाल होता है

कि देखते रहिए आज इन पागलों के साथ क्या होता है। अपने पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने लिखा कि ईरान की नौसेना खत्म हो चुकी है, वायुसेना भी अब नहीं रही और उसके मिसाइल, ड्रोन व अन्य सैन्य संसाधनों को नष्ट किया जा रहा है। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान के कई नेता भी मारे जा चुके हैं। ट्रंप ने अपने संदेश में ईरान पर पिछले 47 वर्षों से दुनिया भर में निर्दोष लोगों की हत्या करने का आरोप लगाया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा कि उन्होंने 47 साल तक दुनिया भर में निर्दोष लोगों को मारा है और अब मैं, अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति, उन्हें खत्म कर रहा हूं। यह मेरे लिए बड़ा सम्मान है।
ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान



के नए सर्वोच्च नेता आयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इस्राइल के साथ जारी जंग के बीच अपना पहला बयान जारी किया। बयान में खामेनेई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का इस्तेमाल ताकत के रूप में किया जाना चाहिए और अमेरिका के ठिकानों पर हमले जारी रहेंगे। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच यह उनका पहला संदेश है।

### तेल बाजारों में मचा हड़कंप

इस धमकी ने वैश्विक तेल बाजार में हड़कंप मचा दिया है और सप्लाई ठप पड़ने का डर और गहरा गया। इसी बढ़ते संकट के बीच अब अमेरिका ने अचानक रुख बदलते हुए दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी मंजूरी देने का फैसला किया है।

# नेतन्याहू की ईरान को सीधी चेतावनी

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान और उसके सहयोगी संगठनों को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने

■ मोजतबा खामेनेई की जान की कोई गारंटी नहीं

■ जारी रहेगा सैन्य अभियान

गुरुवार को कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल का साझा सैन्य अभियान उम्मीद से कहीं बेहतर चल रहा है। वह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में हैं। नेतन्याहू ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के लिए कोई लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) नहीं है। जब ने नेतन्याहू से पूछा गया कि क्या इजरायल मोजतबा खामेनेई और हिजबुल्लाह के नेता नईम कासिम को निशाना बनाएगा, तो उन्होंने दोटूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह किसी भी आतंकी संगठन के नेता की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं ले सकते। गौरतलब है कि मोजतबा के पिता और ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के साझा हमलों में मारे गए थे। इजरायल ने 28 फरवरी से ईरान के



खिलाफ रोरिंग लायन नाम से एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान में अमेरिका भी शामिल है, जिसने इसे एपिक फ्यूरी नाम दिया है। इस सैन्य कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकना, उसके मिसाइल कार्यक्रम को नष्ट करना और क्षेत्र में ईरान के मददगार गुटों को खत्म करना है।

**ईरान पर लगातार हो रहे हमले**

ईरान में सत्ता परिवर्तन के सवाल पर नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इस्राइल मिलकर ऐसे हालात पैदा कर रहे हैं, जिससे ईरान की जनता खुद इस क्रूर और तानाशाह शासन को उखाड़ फेंके। उन्होंने बताया कि इजरायली सेना सड़कों और चेकपॉइंट्स पर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और बासिज बलों पर लगातार हमले कर रही है। नेतन्याहू ने ईरानी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का समय करीब आ रहा है और इजरायल उनके साथ खड़ा है।

## पश्चिम एशिया पर गुटेरेस ने जताई चिंता

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, मध्य पूर्व में गहराता संकट अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। इसने आम नागरिकों को भारी पीड़ा पहुंचाई है। तनाव कम करना और बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। मैं सभी पक्षों से आग्रह करता हूं कि वे शत्रुता समाप्त करें, अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करें, नागरिकों की रक्षा करें और तुरंत बातचीत की मेज पर लौटें।

## खदान धंसने से आठ की मौत

**न्यूयॉर्क।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक खदान में हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह घटना औहम-पेंडे प्रीफेक्चर की राजधानी नौरौम के एक शहर में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खदान में काम कर रहे मजदूर गहरी खुदाई कर रहे थे जब अचानक खदान का एक हिस्सा ढह गया।

# सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई कोमा में!

**तेहरान।** ईरान के नए नियुक्त सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के बारे में खबर है कि वह कथित तौर पर कोमा में हैं। सूत्रों के अनुसार एक हवाई

■ ट्रंप बोले, जिंदा हैं लेकिन गंभीर रूप से घायल

हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनका एक पैर काटना पड़ा है। यह दावा ब्रिटेन के टैबलॉयड अखबार द सन की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार 56 वर्षीय मोजतबा खामेनेई उस एयर स्ट्राइक में बुरी तरह घायल हो गए थे, जिसमें उनके पिता और ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत हो गई थी। बताया गया है कि हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में तेहरान में इलाज के लिए ले जाया गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें 28 फरवरी को हुए उसी एयर स्ट्राइक में चोटें आईं, जिसमें 86 वर्षीय अली खामेनेई की हत्या हुई थी या किसी अन्य हमले में। इस बीच अमेरिकी



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए सुप्रीम लीडर की स्थिति को लेकर बड़ा बयान दिया है। फॉक्स न्यूज रेडियो से बातचीत के दौरान जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि मोजतबा खामेनेई जीवित हैं, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वह शायद जिंदा हैं, लेकिन संभव है कि उन्हें गंभीर चोटें आई हों। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि मोजतबा खामेनेई को हमले में बेहद गंभीर चोटें आईं। उनके शरीर को भारी नुकसान पहुंचा है, जिसमें कम से कम एक पैर खोना शामिल है। इसके अलावा उनके पेट या लीवर में भी गंभीर क्षति होने की बात कही गई है।

### कहां और कैसे चल रहा मोजतबा का इलाज?

रिपोर्ट में कहा गया है कि मोजतबा खामेनेई इस समय सीना विश्वविद्यालय अस्पताल, तेहरान में कड़ी सुरक्षा के बीच इलाज करा रहे हैं। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि उनकी हालत बेहद गंभीर है। बताया गया है कि जिस अस्पताल यूनिट में उनका इलाज चल रहा है उसे पूरी तरह सील कर दिया गया है और वहां भारी सुरक्षा तैनात है। रिपोर्ट के अनुसार ईरान के स्वास्थ्य मंत्री और अनुभवी ट्रॉमा सर्जन मोहम्मद रजा जफरगंडी इलाज की निगरानी कर रहे हैं।

# दुबई : धमाके से इमारतें हिलीं, आसमान में छाया धुआं

**दुबई।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच दुबई में लगातार दूसरे दिन जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। शुक्रवार को तेज

■ हमले को किया गया नाकाम

धमाकों की आवाज से शहर की कई इमारतें हिल गईं। इस दौरान मध्य दुबई के एक हिस्से में आसमान में काले धुएं का घना गुबार देखा गया। चश्मदीदों के अनुसार, दो बड़े धमाके हुए जिससे पूरा इलाका दहल गया। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने एक हमले को सफलतापूर्वक बीच में ही रोक दिया। इस कार्रवाई के दौरान हमले का मलबा एक इमारत के बाहरी हिस्से पर गिरा। अधिकारियों ने इसे एक मामूली घटना करार दिया है। अच्छी बात यह है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई और कोई घायल भी नहीं हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, धमाकों के तुरंत बाद दुबई की मुख्य सड़क शेख जायद रोड पर सायरन की आवाजें गूंजने लगीं। पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। यह घटना दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी) के पास हुई। धमाके और मलबे की वजह से इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है। दुबई में लगातार दूसरे दिन ऐसी घटना हुई है। इससे पहले गुरुवार को भी अल बदा इलाके में ड्रोन से जुड़ी एक घटना सामने आई थी। तब भी शहर के बीचों-बीच धमाकों की आवाज सुनी गई थी। 28 फरवरी को पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से खाड़ी क्षेत्र में तनाव बहुत बढ़ गया है। ईरान के हमलों की वजह से इस इलाके में अब तक 11 आम नागरिकों की मौत हो चुकी है। फिलहाल दुबई प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# अफगानिस्तान पर पाकिस्तान ने फिर की एयरस्ट्राइक, दोनों देशों में बढ़ा तनाव

**काबुल।** अफगानिस्तान में पाकिस्तान और तालिबान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पाकिस्तान वायुसेना ने कंधार हवाईअड्डे के पास निजी एयरलाइन काम एयर के ईंधन डिपो पर हवाई हमला किया है।



मुझाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह कंपनी घरेलू एयरलाइनों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के विमानों को भी ईंधन उपलब्ध कराती है। उन्होंने पाकिस्तान पर पहले भी एक राष्ट्रीय व्यापारी हाजी खान जादाह के ईंधन भंडारण पर हमला करने का आरोप लगाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत के अलीशेर-तेरेजाई जिले के कई इलाकों को भी निशाना बनाया। यह क्षेत्र तथाकथित डूरंड रेखा के पास स्थित है। अफगान मीडिया टोलो न्यूज के अनुसार, तोपखाने की गोलाबारी में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। विश्लेषकों के अनुसार, 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से पाकिस्तान-अफगानिस्तान संबंध लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। पाकिस्तान लंबे समय से आरोप लगाता रहा है कि अफगानिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को सुरक्षित ठिकाने मिलते हैं।
2007 में बना यह संगठन अफगान तालिबान से अलग है, लेकिन विचारधारा और नेटवर्क के स्तर पर दोनों के बीच गहरे संबंध बताए जाते हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान में बलूचिस्तान लिबरेसन आर्मी और टीटीपी के हमलों में भी बढ़ोतरी देखी गई है, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में।

### भारत की कड़ी प्रतिक्रिया

भारत ने अफगान क्षेत्र में पाकिस्तान के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की है। नई दिल्ली ने विशेष रूप से रमजान के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों की मौत पर चिंता जताई और अफगानिस्तान की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के समर्थन को दोहराया।

## श्रीलंका ने ईरान को सौंपे यूएस हमले में मारे गए 45 नाविकों के शव

**कोलंबो।** श्रीलंका ने शुक्रवार को अमेरिकी पनडुब्बी हमले में मारे गए 45 ईरानी नाविकों की लाशें ईरान के दूतावास को सौंप दी। ये नाविक उस ईरानी युद्धपोत डेना पर सवार थे, जिस पर गाले के पास हमला हुआ था। इस जहाज को भारत के विशाखापत्तनम से ईरान लौटते समय निशाना बनाया गया था, जहां यह नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा ले चुका था। इससे पहले, श्रीलंका ने 84 नाविकों की लाशें बरामद की थीं और अब 45 शवों को शुक्रवार को मत्तला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ईरान भेजा जाएगा। हमले में बचे 32 नाविकों को रविवार को छुट्टी दे दी गई और गाले के निकट स्थित श्रीलंकाई एयरबेस कोग्गला भेजा गया। शवों को अस्थायी फ्रिज में रखा गया था, क्योंकि अस्पताल का शवगृह पर्याप्त नहीं था।

# युद्ध से ईरान में मानवीय संकट गहराया

**न्यूयॉर्क/तेहरान।** अमेरिका और इस्राइल के लगातार हवाई हमलों के बीच ईरान में मानवीय संकट तेजी से गहराता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी

■ 32 लाख लोग विस्थापित, हमलों में कई अस्पताल क्षतिग्रस्त

एजेंसी (यूएनएचसीआर) के अनुसार युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक करीब 32 लाख लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हो चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या तेहरान और अन्य बड़े शहरों से सुरक्षित इलाकों की ओर पलायन कर रही है। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यदि हमले जारी रहे तो विस्थापन का यह आंकड़ा और तेजी से बढ़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने गुरुवार को कहा कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के बाद से अब तक लगभग 32 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। एजेंसी के अनुसार यह संख्या करीब 6 लाख से



10 लाख ईरानी परिवारों के बराबर है। यूएनएचसीआर की अधिकारी अयाकी इतो ने कहा कि अधिकांश लोग तेहरान और अन्य बड़े शहरी इलाकों से निकलकर देश के उत्तरी हिस्सों और ग्रामीण क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं, जहां वे अपेक्षाकृत सुरक्षित माहौल की तलाश कर रहे हैं।
इतो ने कहा कि अगर युद्ध जारी रहता है तो विस्थापन का आंकड़ा और बढ़ सकता है, जिससे मानवीय जरूरतों में चिंताजनक वृद्धि होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्धविराम और तनाव कम करने की अपीलों के बावजूद अमेरिका और इजरायल की सेनाएं ईरान में हमले जारी रखे हुए हैं। बृहस्पतिवार को राजधानी तेहरान समेत कई शहरों में जोरदार विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। पूर्वी तेहरान के एक प्रभावित इलाके में कई बहुमंजिला इमारतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। अल जजीरा के संवाददाता तोहिद असदी ने बताया कि बचावकर्मी मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए लगातार राहत कार्य चला रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने मलबे से कई शव निकलते देखे।

**जवाबी हमले और वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंका**

ईरान ने भी अमेरिका-इस्राइल हमलों के जवाब में मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और अन्य लक्ष्यों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए हैं।इसके साथ ही ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग माना जाता है। इस जलमार्ग से दुनिया के कुल तेल परिवहन का लगभग एक-पांचवां हिस्सा गुजरता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह मार्ग लंबे समय तक बंद रहता है तो वैश्विक तेल आपूर्ति और ऊर्जा बाजार पर गंभीर असर पड़ सकता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक और रणनीतिक तनाव और बढ़ने की आशंका है।

**अस्पतालों और स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ता दबाव**

ईरान के उप स्वास्थ्य मंत्री अली जाफरियान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हाल के दिनों में शहरी इलाकों पर हमलों के तेज होने के कारण घायलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि घायल होने वालों में अधिकांश आम नागरिक हैं। जाफरियान के मुताबिक हमलों में 30 से अधिक अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे चिकित्सा सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

## मोदी के मुरीद हुए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई पीएम

**कहा- उन्होंने खुद को सत्ता के अहंकार से बचाया हुआ है**

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट ने दिल्ली में होने वाले रायसीना डायलॉग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह कार्यक्रम साल 2016 से हर मार्च में आयोजित हो रहा है। यह एक सोच का शानदार नतीजा है। एबॉट ने इसकी तुलना दुनिया के अन्य बड़े मंचों से की। उन्होंने इसे स्विट्जरलैंड के दावोस और चीन के बोआओ फोरम से बेहतर बताया। उनके अनुसार, रायसीना डायलॉग में केवल अमीर लोगों का बोलबाला नहीं रहता और न ही यह सिर्फ सरकार की तारीफ करने का जरिया है। भारत का यह मंच पूरी तरह स्वतंत्र है। प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए एबॉट ने कहा, मोदी दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेताओं में से एक हैं। इसके बावजूद उनमें दूसरों को सुनने का बड़ा गुण है। वे हर साल मुख्य अतिथि को सुनने के लिए कार्यक्रम में बैठते हैं, लेकिन खुद भाषण नहीं देते।

# इराक में अमेरिका का केसी-135 टैंकर विमान क्रैश

बगदाद। पश्चिम एशिया क्षेत्र की निगरानी करने वाली यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह दुर्घटना फ्रेंडली एयरस्पेस में दो विमानों से जुड़े एक अज्ञात घटना के बाद हुई। घटना में शामिल दूसरा विमान सुरक्षित लैंड कर गया। यह ईरान के साथ जारी युद्ध के दौरान सार्वजनिक रूप से सामने आया अमेरिकी सेना का चौथा विमान हादसा है। केसी-135 टैंकर विमान का इस्तेमाल लड़ाकू विमानों को हवा में ईंधन भरने के लिए किया जाता है, जिससे वे लंबे समय तक ऑपरेशन जारी रख सकें।
अधिकारियों के मुताबिक विमान में कम से कम पांच क्रू सदस्य सवार थे, लेकिन उनके हालात और संभावित हताहतों के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है। अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया है कि यह दुर्घटना न तो दुश्मन की गोलीबारी और न ही फ्रेंडली फायर की वजह से हुई।

### केसी-135 टैंकर विमान क्या है

केसी-135 अमेरिकी वायुसेना का एक प्रमुख एरियल रिफ्यूलिंग (हवा में ईंधन भरने वाला) विमान है, जो लड़ाकू और बमवर्षक विमानों को उड़ान के दौरान ईंधन देकर उन्हें लंबी दूरी तक मिशन जारी रखने में मदद करता है। यह विमान 1960 के दशक से सेवा में है और इसका डिजाइन बोइंग-707 यात्री विमान पर आधारित है। विमान में सामान्य तौर पर पायलट, को-पायलट और बूम ऑपरेटर सहित तीन सदस्यीय क्रू होता है। पीछे की ओर स्थित बूम ऑपरेटर एक विशेष फ्यूल बूम के जरिए दूसरे विमानों से जुड़कर उन्हें ईंधन देता है। कुछ मिशनों में यह विमान घायलों की मेडिकल इवैक्यूएशन या निगरानी कार्यों में भी इस्तेमाल किया जाता है।

# जलवायु संकट : युद्ध का पर्यावरण पर भी बड़ा असर

**न्यूयॉर्क।** पश्चिम एशिया में जारी इजरायल-गाजा संघर्ष का असर केवल इंसानों और अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। इस युद्ध का पर्यावरण

■ इजरायल-गाजा संघर्ष से 3.3 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन

पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है। एक नए अध्ययन में सामने आया है कि इस संघर्ष से अब तक लगभग 3.3 करोड़ मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन हो चुका है। अध्ययन के अनुसार यह मात्रा इतनी बड़ी है कि इसे जॉर्डन के पूरे साल के कार्बन उत्सर्जन के बराबर माना जा सकता है। इतना ही नहीं, यह लगभग 76 लाख कारों से एक साल में निकलने वाले धुएं के बराबर है। इसके अलावा यह उतनी कार्बन मात्रा के बराबर है जितनी 3.31 करोड़ एकड़ जंगल एक साल में अवशोषित कर सकते हैं। इस विषय पर एक विस्तृत अध्ययन वैज्ञानिक जर्नल वन अर्थ में प्रकाशित हुआ है। इस शोध को लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी और क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के शोधकर्ताओं ने मिलकर तैयार किया है। शोध में युद्ध से जुड़े विभिन्न स्रोतों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन का विस्तृत विश्लेषण किया गया है।

**सैन्य अभियानों से कितना उत्सर्जन हुआ?**

अध्ययन के अनुसार केवल सक्रिय सैन्य अभियानों से ही 13 लाख मीट्रिक टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ है। इसमें तोपखाने, रॉकेट, मिसाइल और अन्य सैन्य उपकरणों के इस्तेमाल से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसें शामिल हैं। युद्ध के दौरान भारी हथियारों और सैन्य वाहनों के उपयोग से वातावरण में बड़ी मात्रा में गैसें फैलती हैं।

## वरुण और सोनम ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** वरुण धवन और सोनम बाजवा की शानदार परफॉर्मेंस ने मारुति सुजुकी प्रेज़ेंट्स 24वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2026 में सितारों से सजी शाम को और यादगार बना दिया। दोनों सितारों ने अपने जबर्दस्त एक्ट से दर्शकों को पूरी तरह बांधे रखा। वरुण धवन ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से शाम की शुरुआत ही जोश से भर दी। अपनी जबर्दस्त एनर्जी और शानदार स्टेज प्रेज़ेंस के लिए पहचाने जाने वाले वरुण ने 'बिजुरिया', 'सैटरडे सैटरडे' और अपने कई हिट गानों की मेडली पर परफॉर्म करते हुए मंच पर आग लगा दी। उनकी जोशीली परफॉर्मेंस ने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया और दर्शकों को अपनी सीटों से खड़े होकर झूमने पर मजबूर कर दिया। एंटरटेनमेंट का स्तर और ऊपर ले जाते हुए सोनम बाजवा ने भी अपनी एनर्जी और शानदार स्टेज प्रेज़ेंस से इस भव्य जश्न में चार चांद लगा दिए। नॉस्टैल्जिया, ग्लैमर और हाई वोल्टेज एंटरटेनमेंट से भरी इन परफॉर्मेंस के साथ मारुति सुजुकी प्रेज़ेंट्स 24वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2026 ने एक बार फिर सिनेमा के जश्न को पूरे रंग में पेश किया।

### सीन में नजर आया जुनूनी प्यार!

**मुंबई।** पॉपुलर फैमिली शो 'लक्ष्मी निवास' की कहानी एक मध्यमवर्गीय परिवार के अरमानों और रिश्तों के इर्द-गिर्द घूमती है। इसी कहानी में राज बुंदेला का किरदार भी दर्शकों का खास ध्यान खींच रहा है, जिसे एक्टर प्रियोम देव गुज्जर निभा रहे हैं। स्क्रीन पर राज, भूमिका के लिए एक आकर्षक और लगभग परफेक्ट पार्टनर के रूप में सामने आता है, जिसका किरदार एक्ट्रेस रिया मुंजाल निभा रही हैं। कहानी में राज को एक अमीर बिजनेसमैन के रूप में दिखाया गया है, जिसका स्वभाव शांत है और जो भूमिका का बेहद ख्याल रखने वाला इंसान लगता है। अब तक वो एक आदर्श 'ग्रीन फ्लैग' पार्टनर की तरह नजर आया है, जो भूमिका से पूरे दिल से प्यार करता है और उसे खुश रखने के लिए हर मुमकिन कोशिश करता है।

## मेरी इंस्पिरेशन हैं मेरी मां : अमनदीप

**मुंबई।** लोकप्रिय षो 'गंगा माई की बेटियां' में स्नेहा का किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू ने हाल ही में अपनी जिंदगी की सबसे प्रेरणादायक महिला के बारे में बात की, और वो हैं उनकी मां।



अपने बचपन को याद करते हुए एक्ट्रेस ने बताया कि उनकी मां ने दिल्ली में अकेले ही उन्हें और उनके दो भाई बहनों को पाला। उन्होंने कई त्याग किए ताकि बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने की पूरी आजादी और सहारा मिल सके। अमनदीप मानती हैं कि उनकी मां की मजबूती, हौसला और बिना शर्त प्यार ने ही उन्हें आज का इंसान बनाया है। अपनी मां के सफर को याद करते हुए अमनदीप कहती हैं, 'मेरी मां सबसे मजबूत महिला हैं जिन्हें मैं जानती हूं और वो मुझे बहुत इंस्पायर करती हैं। उन्होंने हम तीनों को यानी मुझे और मेरे दो भाई बहनों को दिल्ली में अकेले पाला, क्योंकि जब हम छोटे थे तब मेरे पिता ज्यादातर दुबई में रहते थे। मेरी मां ने मुझे कभी भी उस रास्ते पर चलने से नहीं रोका जिसे मैं चुनना चाहती थी, ठीक वैसे ही जैसे 'गंगा माई की बेटियां' में गंगा माई अपनी बेटियों को आगे बढ़ने और जिंदगी में कुछ हासिल करने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करती हैं। मेरी मां और गंगा माई दोनों ने मुझे जिंदगी के कई अनमोल सबक सिखाए हैं और उम्मीद है कि मैं इन शानदार महिलाओं से आगे भी सीखती रहूंगी।' मालूम हो कि 'गंगा माई की बेटियां' रोज रात नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।


## बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089